रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 28 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-127 मूल्य 3.00 ₹

मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज
कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होगी अंतिम यात्रा



पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज किया जायेगा और इससे पहले उनका पार्थिव शरीर सुबह अंतिम दर्शन के लिए कांग्रेस मुख्यालय में रखा जायेगा। डॉ.सिंह का पार्थिव शरीर सुबह साढे नौ बजे अंतिम यात्रा पर रवाना होगा। सूत्रों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार राजघाट के निकट किया जायेगा। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा, पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास 3, मोतीलाल नेहरू रोड, नई दिल्ली में रखा गया है। 28 दिसंबर को सुबह आठ बजे, उनके पार्थिव शरीर को एआईसीसी मुख्यालय ले जाया जाएगा और जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सुबह 8.30 से 9.30 बजे के बीच उन्हें श्रद्धांजलि देने का अवसर मिलेगा। कांग्रेस महासचिव ने कहा, डॉ. सिंह की अंतिम यात्रा सुबह 9.30 बजे एआईसीसी मुख्यालय से श्मशान घाट तक शुरू होगी। डॉ. सिंह का गुरुवार रात एम्स में निधन हो गया था। दिवंगत नेता का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा। उनके सम्मान में 01 जनवरी 2025 तक सात दिनों का राजकीय शोक घोषित किया गया है। इस शोक अवधि के दौरान पूरे भारत में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। विदेश स्थित सभी भारतीय मिशनों/उच्चायोगों में भी राष्ट्रीय ध्वज 01 जनवरी 2025 तक सात दिनों के लिए आधा झुका रहेगा। डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार के दिन सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों और केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में आधे दिन की छुट्टी घोषित की गयी है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। डॉ. सिंह का गुरुवार रात एम्स में निधन हो गया था। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुर्मु, डॉ. सिंह के आवास पहुंची और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुर्मु ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी बातचीत की तथा अपनी संवेदनाएं प्रकट की।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की स्मृति में दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डॉ. सिंह की स्मृति में शोक प्रस्ताव भी पारित किया और तय किया कि उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने दो मिनट का मौन रखकर डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि दी।

26 सितंबर, 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत के पश्चिमी पंजाब के गाह गांव में जन्मे डॉ. सिंह का शैक्षणिक जीवन शानदार रहा। उन्होंने 1954 में पंजाब विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री प्राप्त की और 1957 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी सम्मान के साथ अपनी पोस प्राप्त की। उन्हें 1962 में ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा डी. फिल की डिग्री प्रदान की गई। प्रस्ताव में कहा गया, 'डॉ. सिंह ने अपना करियर पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में वरिष्ठ व्याख्याता के रूप में शुरू किया और उसी विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर बने। वह 1969 में दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफइकोनॉमिक्स में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रोफेसर बने। डॉ. मनमोहन सिंह 1971 में तत्कालीन विदेश व्यापार मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार बने। वह वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार (1972-76), आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव (नवंबर 1976 से अप्रैल 1980), योजना आयोग के सदस्य सचिव (अप्रैल 1980 से सितंबर 1982) और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर (सितंबर 1982 से जनवरी 1985) रहे।'

खरगे-सोनिया-राहुल-प्रियंका ने मनमोहन को किये श्रद्धा सुमन अर्पित

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन करते हुए उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की है। डॉ. सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए कांग्रेस नेतृत्व के साथ ही विभिन्न दलों के प्रमुख नेता पहुंच रहे हैं।

पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

क्विक न्यूज़

सुजुकी के निधन पर मोदी ने जताया शोक

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुजुकी मोटर कार्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष ओसामु सुजुकी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वैश्विक ऑटोमोटिव उद्योग में एक महान हस्ती सुजुकी के निधन से बहुत दुख हुआ। पीएम मोदी ने एक्स पर जारी अपने शोक संदेश में कहा कि सुजुकी के दूरदर्शी कार्य ने गतिशीलता की वैश्विक धारणा को नया रूप दिया। उनके नेतृत्व में, सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन एक वैश्विक शक्ति बन गई, जिसने चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया, नवाचार और विस्तार को आगे बढ़ाया।

शेयर बाजार में तेजी

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले सकरात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर ऑटो, हेल्थकेयर, एफएमसीजी, आईटी और टेक जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर शेयर बाजार बढ़त बनाने में आज सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 26.59 अंक बढ़कर 78699.07 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 63.20 अंक चढ़कर 23813.40 अंक पर रहा। इस दौरान मझौली कंपनियों में बिकवाली हुयी जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली देखी गयी। बीएसई का मिडकैप 0.08 प्रतिशत फिसलकर 46325.58 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.28 प्रतिशत चढ़कर 55048.12 अंक पर पहुंच गया।

शासकीय कर्मचारियों के यात्रा भत्ते में सरकार ने की वृद्धि

रायपुर। साल 2024 समाप्ती से पहले सूबे की विष्णुदेव साय सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के हित में फैसला लेते हुए उनके यात्रा भत्ते में वृद्धि करने का ऐलान किया जिसके आदेश वित्त विभाग ने जारी कर दिये। जारी किये गये आदेशानुसार सरकार द्वारा यात्रा भत्ता नियमों में बदलाव कर कुछ संवर्गों के लिए स्थाई भत्ते की पात्रता और दरों को पुनः निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार ने काफी विचार-विमर्श के बाद स्थाई यात्रा भत्ता की दरों में संशोधन किया है। इस बदलाव का लाभ कई सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा। संशोधित भत्ते के दायरे में आने वाले कर्मचारियों में जैसे राजस्व निरीक्षक, विक्रय अमीन, सहायक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा क्षेत्र सहायक, और पीएचई विभाग के हैंडपंप तकनीशियन शामिल हैं।

राज्यपाल डेका ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उन्हें दी भावभीनी श्रद्धांजलि

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राजभवन में आयोजित शोक सभा में डेका ने डॉ. सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का जाना केवल उनके परिवार और मित्रों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। राज्यपाल डेका ने डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे और उनके कार्यकाल में देश ने कई आर्थिक सुधार देखे। उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया, जहाँ उन्होंने आर्थिक उदारीकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनकी नीतियों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। डेका ने कहा कि डॉ. सिंह की सादगी और विनम्रता ने उन्हें एक अद्वितीय नेता बनाया। उन्होंने हमेशा अपने कार्यों से यह सिद्ध किया कि नेतृत्व केवल शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि लोगों की भलाई के लिए समर्पण है। उनकी बुद्धिमत्ता और दृष्टिकोण ने न केवल राजनीतिक क्षेत्र में बल्कि समाज के हर वर्ग को प्रेरणा दी। डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व कैसे किया जाता है।

सीएम साय ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर किया दुःख व्यक्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री, प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह अर्थशास्त्र के उन दिग्गजों में से एक थे, जो देश के वित्त मंत्री, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर और योजना आयोग के प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों और शुभचिंतकों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि डॉ. सिंह का निधन दुखद है हम सब छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की ओर से विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करते है। प्रधानमंत्री के रूप में अर्थशास्त्री के रूप में देश के लिये उनका योगदान अतुलनीय रहा है। आम आदमी को सशक्त बनाने के लिये सूचना का अधिकार का कानून देना या फिर किसानों को उनके जमीन का पूरा हक देने के लिये भूमिअधिग्रहण कानून बनाना हो या फिर सड़क के किनारे काम करने वाले ठेले खोमचे वाले के लिये वेंडर प्रोटेक्शन कानून बनाना या फिर रोजगार को कानून का अधिकार देने मनरेगा लाना हो प्रधानमंत्री के रूप मे मनमोहन सिंह जी ने इस देश के आम आदमी सशक्त बनाने के लिये अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये। उनका निधन भारत के लिये, देश की राजनीति के लिये कांग्रेस पार्टी के लिये अपूरणीय क्षति है।

बोर्ड परीक्षा से पहले होंगे पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव : अरुण साव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, प्रदेश में पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव एक साथ होंगे। दोनों चुनाव में वोट बैलेट पेपर से डाले जाएंगे। इसकी तैयारी राज्य निर्वाचन आयोग ने कर ली है। साव ने बताया कि, पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सरकार ने बहुत पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। इस बार बहुत सारी चीजें हुई है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पालन में आरक्षण पद्धति बदली गई। पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया और उसकी रिपोर्ट के आधार पर ही आरक्षण हो रहा है। इसी प्रकार निकायों में महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से करने का निर्णय लिया गया है। इस बीच कई नए निकाय बने हैं। नगर पंचायतों को नगर पालिका बनाया गया हैं। इन सब की तैयारी में काफी समय लगा। डिप्टी सीएम साव ने कहा कि, नगरीय निकायों में 7 जनवरी तक अध्यक्ष और महापौर पद के लिए आरक्षण निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द से जल्द चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जैसे ही आरक्षण की प्रकिया समाप्त होगी, उसकी सूचना चुनाव आयोग को भेजी जाएगी और उसके बाद वे चुनाव के कार्यक्रम घोषित करेंगे। साव ने बताया कि, पहले मतदाता सूची साल में एक बार तैयार की जाती थी। अब हर तीन महीने में सूची बनाने का निर्णय लिया है, ताकि नए मतदाताओं को अपने नाम जुड़वाने में आसानी हो। उन्होंने कहा कि, बोर्ड परीक्षा मार्च से शुरू हो रही है। उम्मीद है कि सभी चुनाव बोर्ड परीक्षा से पहले करा लेंगे।

चेन्नई रेप केसः भाजपा अध्यक्ष ने खुद को कोड़े मारकर किया प्रदर्शन

एजेंसी ◄ चेन्नई
www.dailypioneer.com

चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की सेकेंड ईयर स्टूडेंट के साथ 23 दिसंबर को रेप हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन पीड़ित की पहचान सार्वजनिक कर दी है। चेन्नई के पुलिस कमिश्नर ए अरुण ने बताया कि एफआईआर के आईपीसी से बीएनएस में बदलने के दौरान ऑटोमेटिक लॉकिंग प्रोसेस लेट हुई। एफआईआर लॉक नहीं हो पाई तो तकनीकी गड़बड़ी के कारण लीक हो गई। इस चूक के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जल्द ही केस दर्ज करेंगे। उधर, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने शुक्रवार सुबह राज्य सरकार के खिलाफ प्रोटेस्ट किया। प्रदर्शन के लिए उन्होंने खुद को 6 बार कोड़े मारे। उन्होंने कहा कि आरोपी डीएमके का नेता है। उसे बचाया जा रहा है। उन्होंने कोयंबटूर में कहा- जब तक डीएमके सत्ता से बाहर नहीं हो जाती, मैं कोई फुटवियर नहीं पहनूंगा।

राज्यपाल रमेन डेका से राज्य चुनाव आयुक्त अजय सिंह ने भेंट की

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से शुक्रवार को राजभवन में छत्तीसगढ़ के राज्य चुनाव आयुक्त अजय सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने नगरीय एवं पंचायत निर्वाचन की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया।

पाकिस्तान में आतंकवादी कमांडर समेत 15 की मौत

पेशावर/वार्ता। पकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच कई मुठभेड़ों में आतंकवादी कमांडर सहित 15 आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया विंग ने इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक प्रांत में तीन सुरक्षा अभियान चलाए गए थे। बन्नू जिले के जानी खेल इलाके में एक खुफिया-आधारित ऑपरेशन (आईबीओ) भी चलाया गया। सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

शीर्ष अदालत ने 20 दिसंबर को पंजाब सरकार से व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा

किसान नेता दल्लेवाल के स्वास्थ्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लगाई पंजाब सरकार को फटकार

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने कृषि उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगों को लेकर पंजाब-हरियाणा खनौरी सीमा पर 26 नवंबर से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता 70 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की चिकित्सा से संबंधी मामले से निपटने में पंजाब सरकार के रवैये पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि इसे गंभीरतापूर्वक लिया जाए। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह से कहा, कृपया इसे बहुत गंभीरता से लें, किसी की जान दांव पर लगी है। शायद आप इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अन्यथा, आप अब तक उन्हें चिकित्सा सहायता दे चुके होते। पीठ ने पंजाब सरकार से दल्लेवाल को चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए यह भी कहा कि अगर कुछ लोग कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा करते हैं, तो उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर होने के कारण उससे शनिवार तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। पीठ ने मामले में नोटिस जारी करते हुए पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का भी आदेश दिया। पीठ के समक्ष महाधिवक्ता ने कहा कि पंजाब के कैबिनेट मंत्री दल्लेवाल से मिलने गए थे, जहां उन्हें प्रधानमंत्री को संबोधित एक पत्र सौंपा गया था। उस पत्र में कहा गया था कि अगर केंद्र हस्तक्षेप करता है, तो स्थिति शांत हो जाएगी। उन्होंने बताया कि दल्लेवाल ने कहा कि अगर कुछ बातचीत हो सकती है तो वह चिकित्सा सहायता के लिए सहयोग करने को तैयार हैं। अदालत के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जब उनकी (दल्लेवाल) जान को खतरा हो तो कुछ लोग उन्हें बंधक नहीं बना सकते। पीठ ने कहा, जैसे ही वह ठीक होंगे, हम उनकी बात सुनेंगे। मेहता ने आगे कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर सकती है कि उन्हें प्रदर्शन स्थल से अस्पताल ले जाया जाए। इस पर सिंह ने किसान नेता को अस्पताल में भर्ती किए जाने के दौरान धक्का-मुक्की की आशंका का संकेत दिया। इस पर पीठ ने कहा, हमें उन किसानों पर गंभीर संदेह है जो सचेत नहीं हैं और उनके (दल्लेवाल) जीवन के बारे में चिंतित नहीं हैं। शीर्ष अदालत ने 20 दिसंबर को पंजाब सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि खनौरी सीमा पर पिछले 24 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता दल्लेवाल के स्वास्थ्य को कोई नुकसान न पहुंचे।

डॉ. संदीप शाह प्रयोगशालाओं को मान्यता देने वाले बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रख्यात चिकित्सा पेशेवर डॉ. संदीप शाह को भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के अंतर्गत काम करने वाले निकाय- परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में दी गई। डॉ. शाह इस पद पर प्रो. सुब्बन्ना अय्यप्पन का स्थान ले रहे हैं। एनएबीएल उपभोक्ताओं, व्यवसायों और नियामकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पादों और सेवाओं में विश्वास सुनिश्चित करते हुए परीक्षण और अंशांकन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए काम करता है। अहमदाबाद के बी.जे. मेडिकल कॉलेज से एमडी पैथोलॉजी और बैक्टीरियोलॉजी में गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. शाह के पास पैथोलॉजी, आणविक जीव विज्ञान और ट्रांसप्लांट इम्यूनोलॉजी में व्यापक शैक्षणिक और व्यावसायिक कार्यों का अनुभव है। वह न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स में संयुक्त प्रबंध निदेशक और न्यूबर्ग सुप्राटेक रेफ्रेंस लेबोरेटरीज के संस्थापक हैं। इसके अतिरिक्त, वह किडनी रोग संस्थान और अनुसंधान केंद्र में मानद निदेशक के रूप में कार्य करते हैं।

दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी : मौसम विभाग

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिनों के लिए दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) तथा मध्य भारत सहित उत्तर-पश्चिम भारत में मध्यम बारिश के साथ आंधी, बिजली और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की। दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह से बारिश हो रही है। राजधानी में सुबह साढ़े छह बजे बूंदाबांदी शुरू हुई और फिर कई इलाकों में तेज बारिश हुई। तेज बारिश होने से ठंड बढ़ गई है। वहीं, कई इलाकों में बारिश का पानी भी भर गया है। सुबह-सुबह बारिश होने से लोगों को ऑफिस जाने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुछ इलाकों में ज्यादा पानी भरने से लोगों को घर से निकलने में परेशानी हुई। आईएमडी ने कहा, पश्चिमी विक्षोभ के भारत के मध्य भागों में पूर्वी हवाओं के साथ संपर्क के कारण, 27 और 28 दिसंबर को उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में हल्की से मध्यम बारिश, आंधी के साथ ओलावृष्टि होने का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार, आज उत्तराखंड, दक्षिण-पूर्वी हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ में भारी बारिश होने के आसार जताये गये हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हालांकि आज सुबह से हल्की बूंदाबांदी जारी है, जिससे वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार देखा गया।

हिमाचल में हिमपात शुरू, शीतलहर का अलर्ट

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल के जिला कुल्लू व लाहौल घाटी में मौसम फिर से बदल गया है। पहले से ही दुश्वारियों का सामना कर रहे जिलावासियों की मुश्किलें अभी और सताएंगी। रोहतांग, कुंजम दर्रा सहित ऊंची चोटियों में हिमपात का दौर शुरू हो गया है। जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर सैलानियों को रोहतांग टनल और जलोड़ी दर्रा की तरफ न जाने की हिदायत दी है। पिछले दिनों हुए हिमपात के बाद जिला कुल्लू व लाहौल में करीब 15 बस रूट प्रभावित हैं और करीब 15 सड़कें चार दिनों से अवरूद्ध हैं। शिमला के नारकंडा में भी हिमपात शुरू हो गई है। अब तक नारकंडा में दो इंच ताजा हिमपात दर्ज किया गया है। इसके चलते यातायात को सैंज से लुहरी.सुन्नी के रास्ते शिमला की ओर मोड़ दिया गया है। मौसम विभाग ने 27 और 28 दिसंबर को भारी बारिश-हिमपात और भीषण शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के निचले इलाकों में कोहरा पड़ेगा। उधर, बीते दिनों हुई बर्फबारी के चलते दो नेशनल हाईवे समेत 70 सड़कें अभी भी अवरुद्ध हैं। कुल्लू में एक सप्ताह बाद वीरवार को हवाई उड़ानें शुरू हो गई हैं। मौसम का मिजाज बदलने से पहाड़ी इलाकों में फिर दुश्वारियां बढ़ सकती हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार अधिकांश हिमाचल में भारी बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होने के आसार हैं। आगामी 29 दिसंबर और एक जनवरी को भी कुछ इलाकों में बारिश-हिमपात होगा। अगले दो दिन शीतलहर का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। इस दौरान तापमान में 6-8 डिग्री की गिरावट हो सकती है। निचले क्षेत्रों में घना कोहरा हो सकता है। उधर, गुरुवार को पीडब्ल्यूडी ने बर्फ के कारण बंद पड़ीं 87 सड़कों को खोल दिया, लेकिन कुल्लू के दो हाईवे समेत प्रदेश में करीब 70 सड़कें अभी भी बंद हैं। मनाली-लेह एनएच और सैंज-लूहरी-औट एनएच-305 अभी बंद हैं। ऐसे में अटल टनल रोहतांग व जलोड़ी दर्रा होकर अभी बसों की आवाजाही के लिए इंतजार करना होगा। भुंतर हवाई अड्डे पर वीरवार को सात दिन बाद जयपुर से उड़ान पहुंची। सुंदरनगर, बिलासपुर व मंडी में कोहरा छाया रहा। ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी और चंबा में शीतलहर का असर रहा। उधर, पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते हिमाचल पर्यटकों से गुलजार है। शिमला और मनाली समेत विभिन्न पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का मेला लगा है। कुफरी और सोलंगनाला में हजारों सैलानी पहुंच रहे हैं। ऐसे में नए साल से पहले फिर बर्फबारी की संभावना के चलते प्रदेश पर्यटन को पंख लग सकते हैं। मौसम विभाग द्वारा प्रदेश के निचले व मैदानी इलाकों में शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, न्यूनतम तापमान की तो प्रदेश के सात शहरों का पारा माइनस में है। प्रदेश में ताबो -12.1 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। इसके अलावा कुकुमसेरी में -7.8 डिग्री सेल्सियस, समदो में -8.5, भुतंर में -0.9, बजौरा में -0.7, कल्पा में -1.6, मनाली में -1.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। वर्षों बाद मनाली पहुंचे हजारों पर्यटकों ने इस साल व्हाइट क्रिसमस मनाया। शहर में भले ही बर्फ नहीं है, लेकिन सोलंगनाला, अटल टनल, सिस्सू और कोकसर पहुंचकर पर्यटकों ने बर्फ के बीच व्हाइट क्रिसमस का आनंद लिया। पर्यटकों ने स्कीइंग जैसी शीतकालीन खेल के साथ पैराग्लाडिंग का भी लुत्फ उठाया। अटल टनल बुधवार को भी ब्लैक आइस के कारण आम वाहनों के लिए बंद रही। सोलंगनाला में पर्यटकों की अधिक भीड़ देखने को मिली। हालांकि, फोर बाई फोर वाहनों को सोलंगनाला से आगे जाने की अनुमति थी। इसमें कुछ पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में सिस्सू, कोकसर और अटल टनल के नॉर्थ और साउथ पोर्टल में भी पहुंचे।

बिहार के समग्र विकास के शिल्पकार हैं नीतीश : राजीव

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com

जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय सचिव सह राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के समग्र विकास के शिल्पकार हैं। प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान विकास के सभी पैमाने पर पिछड़े बिहार को वर्तमान समय में विकास की बुलंदियों पर पहुंचाने का श्रेय कुमार को जाता है। उन्होंने कहा कि कुमार ने बिहार में सड़कों का जाल बिछाया। यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल 2004-05 में जहां पथ निर्माण विभाग का व्यय मात्र 362.174 करोड़ रुपए था, वह वित्तीय वर्ष 2023-24 में 17 गुणा बढ़कर 6403.38 करोड़ हो गया। प्रसाद ने कहा कि वर्तमान में राज्य में राष्ट्रीय उच्च पथ की लंबाई 6140 किलोमीटर, राज्य उच्च पथ की लंबाई 3638 किलोमीटर एवं वृहद जिला पथ की लंबाई 16 हजार 181 किलोमीटर है। साल 2005 से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय राज्य उच्च पथ दो लेन की कुल लंबाई मात्र 51.67 किलोमीटर थी जबकि कुमार के शासनकाल में राज्य उच्च पथ की लंबाई 3638 किलोमीटर में से 2588 किलोमीटर दो लेन, 362 किलोमीटर दो लेन से अधिक हैं एवं शेष 747 किलोमीटर दो लेन से कम है, जिसकी दो लेन मानक संरचना में उन्नयन की कार्रवाई प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर उत्कृष्ट सड़कों, पुल-पुलियों, वैकल्पिक मार्गों का निर्माण कराया गया है, जिसके चलते बिहार की आम जनता मात्र पांच घंटे में बिहार के किसी कोने से राजधानी पटना पहुंचने में कामयाब हो पा रही है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी जगहों पर बारहमासी सड़कों का जाल बिछाया गया है। गांवों को बारहमासी संपर्कता प्रदान करते हुए इसे मुख्य सड़क से जोड़ने के प्रति कुमार सरकार की प्रतिबद्धता का पता इस बात से पता चलता है कि ग्रामीण कार्य विभाग का जो बजट साल 2007-08 में 1389.53 करोड़ रुपए था वो साल 2023-04 में बढ़कर 13,138.69 करोड़ रुपया हो गया। राज्य सरकार के संकल्पों के चलते अबतक कुल 1 लाख 16 हजार 782 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण पूरा किया गया है तथा 12 हजार 778 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का कार्य प्रगति पर है।

तेलंगाना हाईकोर्ट ने अल्लू अर्जुन की जमानत याचिका पर सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित की

एजेंसी ◄ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

तेलंगाना उच्च न्यायालय ने संध्या थिएटर भगदड़ मामले में फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन की जमानत याचिका पर सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। सरकारी अभियोजक ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा, जिसके कारण अदालत ने अगली सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, वकीलों के अनुरोध पर अदालत ने अभिनेता को वर्चुअली उपस्थिति होने की अनुमति दी थी। वकीलों ने कानून व्यवस्था बाधित होने का हवाला देते हुए वर्चुअल उपस्थिति की अनुमति मांगी थी। नामपल्ली अदालत की ओर से अल्लू अर्जुन पर लगाई गई 14 दिन की रिमांड आज खत्म हो गई। गौरतलब है कि पुष्पा-2 के प्रीमियर शो के दौरान हुई इस घटना के कारण संध्या थिएटर में भगदड़ मच गई। इसमें रेवती नाम की एक महिला की मौत हो गई और उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थिएटर मालिक, मैनेजर और सुरक्षा मैनेजर सहित तीन लोगों को लापरवाही के आरोप में गिरफ़्तार किया गया, उन्हें जमानत भी मिल गई है। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने अल्लू अर्जुन को गिरफ़्तारी के कुछ ही घंटों के भीतर जमानत दे दी थी, क्योंकि इस मामले में 'हत्या के इरादे से हमला' और 'धारदार हथियार से हमला' जैसी धाराएं लागू नहीं थीं। अदालत ने पाया कि लापरवाही के कारण मौत की अधिकतम सजा पाँच साल है और ये आरोप कानून के अनुसार जमानती अपराधों के अंतर्गत आते हैं।

सैनी ने दयालु योजना के तहत 144.73 करोड़ रु किये जारी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु-I) के तहत 3,882 लाभार्थियों के बैंक खातों में 144.73 करोड़ रु की राशि जारी की है। अंत्योदय परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गयी इस योजना का उद्देश्य परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता के कारण वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे लोगों को सहायता प्रदान करना है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस पहल के तहत योजना की शुरुआत से अब तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने वाले 20,399 पात्र परिवारों को एक अप्रैल 2023 से 30 जून 2024 तक 763.69 करोड़ रु जारी किये जा चुके हैं। यह राशि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में स्थानांतरित की जा रही है। प्रवक्ता ने कि दयालु-I योजना उन परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

आप नेताओं ने छोटे साहिबजादों के महान बलिदान को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी ◄ फतेहगढ़ साहिब
www.dailypioneer.com

गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी के शहीदी दिवस पर आम आदमी पार्टी के पंजाब अध्यक्ष अमन अरोड़ा, कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब में मत्था टेका। इस अवसर पर अमन अरोड़ा ने कहा कि छोटे साहिबजादों का बलिदान दुनिया के इतिहास में अद्वितीय है। उनका साहस और सिद्धांतों के प्रति समर्पण हर पीढ़ी को प्रेरित करता है। उनकी विरासत हमें विनम्रता और समर्पण के साथ लोगों की सेवा करने में मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हमने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और मानवता की भलाई के लिए प्रार्थना की। आप नेताओं में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शैरी कलसी, कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, लालजीत सिंह भुल्लर, डॉ बलजीत कौर, बरिंदर गोयल, गुरुमीत सिंह खुड्डियां, डॉ. रवजोत सिंह, मोहिंदर भगत, तरूणप्रीत सिंह सोंध और हरदीप सिंह मुंडियां शामिल थे।
आप सांसद मलविंदर सिंह कंग, विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा, कुलवंत सिंह, जसवीर सिंह राजा गिल, करमवीर सिंह घुम्मन, ब्रह्म शंकर जिम्पा, जय किशन सिंह रोड़ी, संतोष कटारिया, रमन अरोड़ा, इंदरजीत कौर मान, बलकार सिंह, लखबीर सिंह राय, गुरिंदर सिंह गैरी वड़िंग, रूपिंदर सिंह हैप्पी, जगतार सिंह, राजिंदर पाल कौर छीना, सरबजीत कौर माणुंके, अमनदीप कौर अरोड़ा, गुरदित सिंह सेखों और वरिष्ठ नेता दीपक बाली एवं सनी आहलूवालिया भी उपस्थित थे। इन नेताओं के अलावा पंजाब भर से आप नेता और पदाधिकारी गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब में पार्टी अध्यक्ष के साथ पहुंचे।

पंजाब सरकार द्वारा डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर राजकीय शोक की घोषणा

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर एक जनवरी, 2025 तक राजकीय शोक की घोषणा की है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार इस शोक अवधि के दौरान पंजाब सरकार के कार्यालयों में कोई भी आधिकारिक मनोरंजन नहीं होगा और राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

पूर्व सैनिक : 'मेगा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर' में पहुंचे गुरमीत

देहरादून। भारतीय सेना के मध्य कमान और उत्तराखंड सब एरिया के तत्वावधान में उत्तराखंड क्षेत्र के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए सैन्य अस्पताल, देहरादून में आयोजित 'मेगा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर' में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह पहुंचे। राज्यपाल ने कहा कि नेत्र सर्जनों द्वारा प्रदर्शित कार्य दक्षता और देखभाल सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं (एएफएमएसएफ) के उच्च मानकों और उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने शिविर संचालन तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के जीवन में बदलाव लाने में उनके असाधारण प्रयासों के लिए चीफऑफआर्मी स्टाफ, डीजीएएफएमएस, और आर्मी मेडिकल कोर के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने मरीजों को मुफ्त दवाएं और चश्मे वितरित किए, उनका मनोबल बढ़ाया और आंखों की देखभाल के महत्व पर जोर दिया। शिविर में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री, डॉ. धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और वयोवृद्ध समुदाय के बीच दृश्य हानि को संबोधित करने में सहयोगात्मक प्रयासों के लिए भारतीय सेना की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में रोकथाम योग्य अंधेपन को दूर करने में ऐसी पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,''सेना और नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफब्लाइंडनेस के बीच साझेदारी एक स्वस्थ तथा खुशहाल समाज बनाने की हमारी साझा प्रयासों का एक प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि 25 दिसंबर से शुरू हुए इस शिविर में मुख्य सर्जन, ब्रिगेडियर, संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में नेत्र रोग विभाग, आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल), नई दिल्ली के विशेषज्ञ सर्जनों की एक कुशल टीम ने एमएच, देहरादून के नेत्र सर्जनों के साथ मिलकर अत्याधुनिक उपकरणों और प्रीमियम इंट्रा ओकुलर लेंस का उपयोग करके जरूरतमंद पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के मोतियाबिंद की सर्जरी की। शिविर में 600 से अधिक मरीजों ने पंजीकरण कराया और इनमें से 230 से अधिक लोगों की मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। कार्यक्रम में कमांडेंट आईएमए, लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, जीओसी, उत्तराखण्ड सब एरिया, मेजर जनरल आर प्रेमराज, ब्रिगेडियर संजोग नेगी, कुलपति चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो. मदन लाल ब्रह्म भट्ट, सहित कई सैन्य और शासकीय गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

दो बाल श्रमिक को कराया गया विमुक्त

एजेंसी ◄ दरभंगा
www.dailypioneer.com

बिहार के दरभंगा जिले में श्रम संसाधन विभाग के धावा-दल द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु चलाए गए गहन छापेमारी अभियान में दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। श्रम अधीक्षक किशोर कुमार झा ने बताया कि घनश्यामपुर नगर पंचायत क्षेत्र के सुमित सुधा पार्लर से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया है वहीं, लहेरियासराय थाना क्षेत्र के कमर्शियल चौक स्थित आयुष फास्ट फूड से भी एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया है। श्रम अधीक्षक झा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रम विभाग द्वारा जिले में विभिन्न नियोजनों में कार्यरत 27 बाल श्रमिकों को अब तक विमुक्त कराया जा चुका है। विमुक्त बाल श्रमिकों एवं उनके परिवार को विभिन्न विभागों के सहयोग से पुनर्वास के लिए समन्वय कराया जा रहा है। धावा दल द्वारा प्रत्येक सप्ताह शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों मे भी सघन अभियान चलाया जा रहा है। झा ने बताया कि एक ओर जहां नियोजकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई जारी है, वहीं दूसरी ओर बाल श्रम के विरूद्ध सामाजिक जागृति पैदा करने के उद्देश्य से कार्यशाला सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर, बैनर एवं फ्लैक्स लगाए गये है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम जैसी कुप्रथा को सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है।

अन्नामलाई ने अन्ना विश्वविद्यालय यौन उत्पीड़न पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए किया प्रदर्शन

एजेंसी ◄ चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष के अन्नामलाई ने यहां के प्रतिष्ठित अन्ना विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न पीड़िता के लिए न्याय की मांग और इस घटना की निंदा करने के लिए एक अनोखे विरोध प्रदर्शन में कोयंबटूर में अपने आवास के सामने खुद को कोड़े मारे। अन्नामलाई ने माथे पर पवित्र राख लगाकर और हरी धोती पहनकर खुद को एक चाबुक से छह बार कोड़े मारे। यह अनोखा विरोध प्रदर्शन यौन उत्पीड़न पीड़िता के लिए न्याय की मांग करने और महिला सुरक्षा को उजागर करने के लिए किया गया। बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके आवास के सामने एकत्रित हुए और भगवान मुरुगा की स्तुति में नारे लगाए, जिनका हथियार 'वेल' (भाला) है। जब अन्नामलाई ने खुद को छह कोड़े लगाए तो वहां उपस्थित लोगों ने वेट्री वेल... वीरा वेल (भाले की जीत, वीरता की जीत) के नारे गूंज उठे। वहां पर जमा हुई कई महिलाएं फूट-फूट कर रोने लगीं और उन्होंने भाजपा नेता से अपील की कि वह विरोध प्रदर्शन करने के लिए इस तरह खुद को प्रताड़ित न करें। कोड़े लगाने वाले विरोध की घोषणा करते हुए, अन्नामलाई ने यह भी कहा था कि वह 48 दिनों का वृद्धम (उपवास) करेंगे और भगवान मुरुगा के सभी छह निवासों का दौरा करेंगे और उनसे शिकायत करेंगे। उन्होंने द्रमुक को सत्ता से बेदखल करने तक जूते नहीं पहनने का संकल्प लिया और कहा कि उनका राजनीतिक दृष्टिकोण से पूरी तरह से अलग होगा। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों से ज्यादा समय तक इंतजार करने के बाद उन्होंने फैसला किया कि अब बहुत हो गया और द्रमुक शासन का मुकाबला करेंगे। इस बीच, द्रमुक के मंत्री और पार्टी संगठन सचिव आर एस भारती ने अन्नामलाई के विरोध प्रदर्शन को नाटक करार दिया। राज्य के शिक्षा मंत्री गोवई चेझियान ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को पूरा सहयोग देगी जिसने यौन उत्पीड़न की घटना में स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू की है।

न्यायालय ने फॉर्मूला ई-रेस मामले में रामाराव की याचिका पर सुनवाई स्थगित की

हैदराबाद। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने पूर्व मंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव द्वारा फॉर्मूला ई-रेस मामले में दायर निरस्तीकरण याचिका पर सुनवाई 31 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायालय ने रामाराव के लिए अपने पहले के नो-अरेस्ट आदेश को एक और दिन के लिए बढ़ा दिया जो 30 दिसंबर को समाप्त होने वाला था। सुनवाई के दौरान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक जवाबी हलफनामा और एक अतिरिक्त याचिका दायर की। अदालत ने जवाब में रामाराव और राज्य सरकार को अपने जवाबी हलफनामे प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय की पीठ ने नो-अरेस्ट याचिका और जवाबी हलफनामों पर 31 दिसंबर को पूरी सुनवाई निर्धारित की है।

कार में चन्दन का लकड़ी मिला, चार गिरफ़्तार

शहडोल। मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में एक कार से चंदन की लकड़ी मिलने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बुढ़ार पुलिस ने चैकिंग के दौरान कल रात एक कार को रोका, कार जंगल की ओर भागने लगी जब घेराबंदी कर पकड़ा गया तो कार में चन्दन की लकड़ी के सात टुकड़े मिला है, जिनका वजन लगभग 1 क्विंटल पाया गया है। साथ ही एक देशी तमंचा भी मिला। कार में सवार जागेश्वर सिंह मार्को, मुन्ना महरा, कैलाश सिंह और शिशु कचेर को गिरफ्तार कर लिया गया।

पंजाब के लुधियाना में जपानी तकनीक मियावाकी के माध्यम से शहरी बंजर भूमि को वन क्षेत्र में बदलने की कवायद शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब में लुधियाना स्थित जेआरएम ईस्टमैन समूह ने अपने पायलट पहल के अंतर्गत पंजाब में अपनी दो प्रोजेक्ट की घोषणा की है जो कि पर्यायवरण सरंक्षण और अग्निवीर योजना को मजबूती प्रदान करेंगी। समूह के अध्यक्ष जगदीश राय सिंघल ने बताया कि इन प्रोजेक्ट में लुधियाना की शहरी बंजर भूमि को पुनर्जीवित करने और उन्हें हरे भरे वन क्षेत्रों में बदलने की अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत अधिक क्षेत्रों को शामिल करने का प्रयास किया है। दूसरी ओर पंजाब में उनके समूह का लक्ष्य पूर्व अग्निवीरों में अपने कर्मचारी आधार में जोड़कर 10 हजार तक विस्तार करने का बीड़ा उठाया है। सिंघल ने अपने विजन साझा करते हुये बताया कि उन्होंनें गत वर्ष 18 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात प्रोग्राम में दिये गये एक प्रेरक संबोधन को सुनने के बाद लुधियाना नगर निगम से संपर्क कर शहर के लगभग 5500 गज के कचरे के ढेर को 'मियावाकी' (एक जपानी पर्यायवरण तकनीक) के माध्यम से वन क्षेत्र में बदलने की कवायद शुरू कर दी है। उन्होंने दो चरणों में पूरी होनी वाली परियोजना में कुल एक करोड़ रुपयों का योगदान दिया है। इसके अलावा 5500 गज के भूखंड के पूरा होने के बाद शहर की ही दो एकड़ अतिरिक्त भूमि को भी कचरे के ढेर से वन भूमि में बदल दिया जायेगा। शहर के छोड़े हुये दुर्गत अन्य पार्को को भी मियावाकी बन में बदलने के लिये निगम का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने पीएम के संबोधन में मियावाकी वन परियोजना का विस्तारपूर्वक अध्ययन किया और पाया कि लुधियाना में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में काफी मददगार साबित हो सकती है। समूह के आरम्भिक दौर में बेहतरीन प्रणाम मिले और इस परियोजना के तहत नगर निगम के सहयोग से और अधिक क्षेत्रों को लाना चाहते हैं। उन्होंने अपनी दूसरी घोषणा में बताया कि समूह सरकार के अग्निवीर अभियान को मजबूती देंगे। समूह में वर्तमान में 5145 कर्मचारी हैं जो कि मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट बिजनेस में शामिल हैं। समूह ने अपने विभिन्न आपरेशंस में अग्निवीरों के लिये नौकरियां आरक्षित करने का भी निर्णय लिया है जो अपनी सेवायें दे चुके हैं।

पंजाब सरकार ने सैनिकों की भलाई सुनिश्चित करने के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं : मोहिंदर भगत

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब सरकार ने वर्ष 2024 के दौरान सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की भलाई सुनिश्चित करने के लिये कई कदम उठाये हैं। रक्षा सेवायें कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत के निर्देशन में उठाये गये ये कदम राज्य सरकार की सशस्त्र बलों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। भगत ने रक्षा सेवायें कल्याण विभाग द्वारा शुरू किये गये सुधारों और नयी पहलों के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि ऑपरेशन ब्लू स्टार से प्रभावित धर्मी सैनिकों की मासिक सहायता राशि 10,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय प्रभावित परिवारों के लिये वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रति उनकी समर्पित भावना को दर्शाता है। ड्यूटी के दौरान घायल हुये दिव्यांग सैनिकों के लिये दी जाने वाली सहायता को लेकर रक्षा सेवायें कल्याण मंत्री ने बताया कि उन्हें दी जाने वाली अनुदान राशि को दोगुना कर दिया गया है। अब विकलांगता के आधार पर 10 लाख रुपये से लेकर 40 लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जा रही है। यह निर्णय उन सैनिकों के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिन्होंने साहस और समर्पण के साथ देश की सेवा की है। युद्ध जागीर योजना के बारे में बात करते हुये भगत ने कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को दी जाने वाली वार्षिक वित्तीय सहायता 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रूपये कर दी गयी है। इसके अलावा, प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के गैर-पेंशनधारी पूर्व सैनिकों और 65 वर्ष से अधिक उम्र की उनकी विधवाओं के लिये मासिक वित्तीय सहायता छह हजार से बढ़ाकर 10 हजार रुपये कर दी गयी है ताकि हमारे बुजुर्ग योद्धाओं और उनके परिवारों को सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित किया जा सके। मंत्री महोदय ने शहीदों के प्रति पंजाब सरकार द्वारा दिये गये सम्मान की पुष्टि करते हुये बताया कि अमृतसर स्थित पंजाब स्टेट वॉर हीरोज मेमोरियल में आयोजित एक समारोह में ऑपरेशन विजय के दौरान शहीद हुए 65 सैनिकों के परिवारों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसी प्रकार, ऑपरेशन पवन के दौरान श्रीलंका में शहीद हुये 114 सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए लुधियाना वॉर मेमोरियल में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि गत वर्ष आठ नवंबर से सात दिसंबर तक पंजाब के विभिन्न जिलों में होती हुई एक साइकिल रैली निकाली गयी।

150 क्विंटल धान बेचा कृषक बलराम नाग ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

150 क्विंटल धान बेचा कृषक बलराम नाग ने मुख्यमंत्री का जताया आभारपूरे छत्तीसगढ़ सहित दंतेवाड़ा जिले में भी 14 नवंबर से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है। इसके तहत जिले में 15 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान की खरीदी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 16110 है। इसके साथ ही किसानों को माइक्रो एटीएम के जरिए 10,000 रुपये तक का नगद भुगतान दिया जा रहा है। इस क्रम में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में खाली बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जहां प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाकर किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिया जा रहा है। इस संबंध में दंतेवाड़ा जिले से लगे हुए पातररास ग्राम निवासी किसान बलराम नाग ने भी धान खरीदी केन्द्र बालूद में 150 क्विंटल धान बेचा है। वे बताते है कि उनका पास 40 एकड़ संयुक्त खेती है और अभी उनके पास 50 क्विंटल अतिरिक्त धान बचा हुआ है। इस वर्ष धान खरीदी शासन के नीतियों के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए उनका कहना है कि इस बार समर्थन मूल्य पर धान बेचने की प्रक्रिया पहले से अधिक सुगम और पारदर्शी बनाई गई है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली के कारण अब उन्हें लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ा। साथ ही धान खरीदी केंद्र पर खरीदी की सुव्यवस्था और अधिकारियों का सहयोग देखकर वे बहुत प्रसन्न है। वे आगे कहते है कि अब हम जैसे कृषकों को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और केन्द्र के कर्मचारी भी सहयोग कर रहे है। उनके कुछ साथी किसानों ने पहले ही दिन धान बेचा और उसका भुगतान दो दिन के भीतर हो गया। उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों के लिए बड़ी राहत है और हमें समय पर हमारा भुगतान मिल रहा है। किसान नाग ने कहा कि इस बार समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए मंडी में लंबी कतारों से बचने के लिए पहले से स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जा रही है और समर्थन मूल्य भी 3100 रुपये है जो हम किसानों के लिए बड़ी राहत की बात है। इससे हमारी मेहनत का सही दाम मिल रहा है। किसान नाग ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के द्वारा किये गये व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि ऐसी सुविधाएं भविष्य में भी जारी रहेंगी।

भाजपा ने नक्सल पीड़ित बच्चों के साथ नेगीगुड़ा शिवानंद आश्रम में मनाया वीर बाल दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

मातृभूमि, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुरु गोविंद सिंह महाराज के साहिबजादो का बलिदान दिवस वीर बाल दिवस भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आज गुरुवार को नेगीगुड़ा स्थित शिवानंद आश्रम में नक्सल पीड़ित बच्चों के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। कार्यक्रम में कार्यक्रम के जिला संयोजक रोहित खत्री और सह संयोजक के रूप में योगेश पाणिग्रही मौजूद रहे। इस दौरान सांसद महेश कश्यप ने चारों वीर साहिबजादो को श्रद्धा पूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें कृतज्ञता पूर्वक नमन किया। वीर बाल दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि 26 दिसंबर के ही दिन जब छोटी सी उम्र में गुरु गोविंद सिंह के साहबजादौ ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी , साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह की आयु कम थी लेकिन उनका हौसला आसमान से भी ऊंचा था। उन्होंने कहा कि चारों साहबजादों का पावन बलिदान युगों युगों तक राष्ट्र और धर्म की रक्षा हेतु हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादो ने अपने प्राणों का त्याग करना स्वीकार किया लेकिन धर्म और स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया, यह दिवस आने वाली पीढ़ी को इन चार साहिबजादो के जीवन से शिक्षा लेने के लिए प्रेरित करेगा। मोदी सरकार वीर बाल दिवस के माध्यम से इन साहिबजादो की वीरगति को जन-जन तक पहुंचा रही है। कार्यक्रम में भाजपा नगर उपाध्यक्ष मनोहर दत्त तिवारी, शैलेंद्र भदोरिया, राकेश तिवारी, भाजपा नगर महामंत्री संग्राम सिंह राणा,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष पश्चिम प्रकाश झा, युवा मोर्चा जगदलपुर सह प्रभारी सूर्य भूषण सिंह वीर बाल दिवस जिला संयोजक एवं युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष रोहित खत्री, कार्यक्रम संयोजक विवेक साहू, सहसंयोजक योगेश पाणिग्रही, भुवनेश्वर ध्रुव, विनोद पांडे अभिषेक तिवारी, अनिमेष सिंह चौहान, परेश टाटी, पृथ्वी सिंह, जसप्रीत सिंह सिद्धू, प्रतीक नायडू, रमेश नायडू, प्रेम यादव, अशरफ अली, रितेश झा एवं समस्त कार्यकारिणी मौजूद थे।

मृतक के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर बिपिन मांझी के निर्देशन में अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादूर पंचभाई द्वारा पीड़ित परिवार के परिजनों को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत दी गई है। मृतक लखमूराम पोटाई, पिता मोड्डाराम, निवासी ग्राम कुढ़ारगांव की मृत्यु 14 सितम्बर 2023 कसे सर्पदंश के कारण, मृतिका यशोदा, पति भुनेश्वर निवासी ग्राम बोरण्ड की मृत्यु 26 अगस्त 2018 को तालाब के पानी में डुबने और मृतक रमेश कुमार बघेल, पिता पुनउराम निवासी ग्राम बाकुलवाही की मृत्यु 16 अगस्त 2022 को नाले में मछली पकड़ते समय पानी में डुबने के कारण हुई थी। मृतक लखमुराम के निकटतम वारिस पुत्र दासूराम पोटाई, यशोदा के निकटतम वारिस पुत्र सगनू चुरेन्द्र तथा रमेश कुमार के निकटतम वारिस पिता पुनउराम बघेल हेतु 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार नारायणपुर को राशि बैंक ड्राफ्ट या चेक के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर कराने निर्देशित किया गया हैं।

ब्लाक कांग्रेस ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को नमन किया

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह के निधन पर ब्लाक कांग्रेस भानुप्रतापपुर द्वारा शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर तथा नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी के द्वारा उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। कहा कि यह देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उनके देशहित में अनेक कार्य किए गए। कहा कि मनमोहन सिंह को उनकी आर्थिक सुधारवादी सोच और कल्याणकारी नीतियों के लिए जाना जाता है। उनके नेतृत्व में देश ने कई ऐसे कानून और नीतियां अपनाईं, जिन्होंने लाखों नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने हर 6 से 14 साल के बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उन्होंने देश के दो-तिहाई परिवारों को सस्ती दरों पर खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर,नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी,अमृत संचेती,मुकेश चंद्राकर, गुरदीप सिंह ढींढसा, नरेंद्र कुलदीप, भगवान सिंह कुंजाम, नमन जैन, फुरकान अहमद,निकेश ठाकुर, आकाश यदु, निक्की ठाकुर, गोपाल राठी, अमर कचलाम, भगवती गजेंद्र, किरण डोंगरे, सीमा सेनगुप्ता, निर्मल शिवहरे, विवेक पांडे, अनुराग शर्मा, कमल साहू, हितेश रजक सहित अनेकों कांग्रेसी उपस्थित थे।

जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिए रिक्तियां जारी

दंतेवाड़ा। लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. नया रायपुर का पत्र आदेश के तहत दंतेवाड़ा जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों जिनमें दंतेवाड़ा, कारली (जावंगा) गीदम, कुआकोंडा कटेकल्याण, बारसूर, शामिल है। यहां हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित जीवविज्ञान, रसायन, भौतिक, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, विषयों से संबंधित व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक, कंप्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक (अस्थाई रूप से संविदा पर शिक्षक) एवं अन्य कार्यालयीन पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के प्रावधानों के अनुसार भर्ती किया जाना है। इसके अन्तर्गत सम्पूर्ण जिले में 44 पदों की रिक्तियां जारी की गई है। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम दन्तेवाड़ा अन्तर्गत 03, कारली जावंगा गीदम के तहत 07, कुआकोंडा अंतर्गत 10, कटेकल्याण एवं बारसूर में क्रमशः 12-12, पदों पर नियुक्तियां की जाएगी। इस संबंध में इच्छुक एवं पात्र अर्हताधारी अभ्यर्थी 04 जनवरी 2025 एवं 05 जनवरी 2025 को कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे कार्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में उपस्थित हो सकते है।

क्वीक न्यूज

भीरागांव में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

कांकेर। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भीरागांव में शनिवार 28 दिसम्बर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए आवेदन 31 दिसम्बर तक

कांकेर। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से अब तक ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 01 वर्ष या उससे अधिक समय हो चुका है। ऐसे निर्माण श्रमिक 31 दिसम्बर 2024 तक पंजीयन व नवीनीकरण के लिए श्रमेय जयते मोबाइल एप्प, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र, विभागीय वेबसाइट या च्वॉइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 31 दिसम्बर के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी हेतु मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र के दूरभाष नम्बर 0771-3505050 पर संपर्क किया जा सकता है।

अंजर में आयोजित किया गया नियद नेल्लानार योजना के तहत सेंचुरेशन कैंप का आयोजन

जगदलपुर। जिला प्रशासन द्वारा लोहंडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंजर में नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत शासकीय योजनाओं की गांव में प्रत्येक परिवार तक पहुंच बनाने और योजनाओं का लाभ देने के दृष्टि से एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में आधार कार्ड निर्माण और अपडेशन, बैंक खाता खोलने, आयुष्मान कार्ड निर्माण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार, टीबी-मलेरिया परीक्षण, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड निर्माण, कौशल विकास के द्वारा युवाओं का पंजीयन के साथ ही उद्योग, वन, महिला एवं बाल विकास, जिला पंचायत के एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन, स्कूल शिक्षा, क्रेडा, विद्युत,पशुधन विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के विभाग के अधिकारी और मैदानी अमला ने योजनों के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। शिविर में एसडीएम लोहड़ीगुड़ा शंकर लाल सिंहा, सीईओ जनपद धनेश्वर पांडेय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

एकलव्य आवासीय विद्यालयों में रिक्त पदों के लिए ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित

सुकमा। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी आदेशानुसार रिक्तियाँ उपलब्ध होने पर शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा, कोंटा और छिन्दगढ़ में अतिथि शिक्षकों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों के द्वारा अतिथि शिक्षक के विभिन्न संवर्ग के पदों के लिए 15 जनवरी तक ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाइट स्ह्वद्यद्बड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ का अवलोकन किया जा सकता है तथा आवेदन पत्र भी जिले की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है।

पंचायत चुनाव के लिए आबंटन एवं आरक्षण की कार्यवाही स्थगित

सुकमा। छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पदों के आरक्षण की कार्यवाही हेतु संशोधित समय-सारणी जारी किया गया है। पत्र के परिपालन में त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 अंतर्गत 28 दिसंबर को आयोजित जिला पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचों का प्रवर्गवार एवं महिलाओं के स्थानों का आबंटन-आरक्षण संबंधी कार्यवाही को स्थगित किया गया है।

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन पंजीयन की तिथि में वृद्धि

बीजापुर। जिले में संचालित शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्था जिनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर की स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ के वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थाओं के प्रस्ताव स्वीकृति लॉक करने हेतु वर्ष 2024-25 के लिए विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन नवीन/नवनीकरण 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक, Draft Praposal Lock करने हेतु 01 जनवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक, Sanction Order Lock करने हेतु 01 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए सूचना जारी

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कार्यालय कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा आदिवासी विकास शाखा द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित-प्रभावित क्षेत्रों मे स्थित शालाओं में अध्ययनरत् प्रतिभावान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट एवं स्कूली-शिक्षा के साथ-साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं (इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं सीएसीएस क्लैट तथा एनडीए) में सफल होने हेतु सघन तैयारी कराई जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किये गये है। इस संबंध में सर्व प्राचार्यों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा मण्डल संयोजकों को निर्देशित किया गया है कि उनके अधीनस्थ विकासखण्ड स्तर, शासकीय, अर्द्धशासकीय, केन्द्रीय विद्यालय, डीएवी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्राक्कयन परीक्षा में शामिल करायें। इसके अलावा नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार के बच्चों को संस्था में सीधे प्रवेश दिया जायेगा। परंतु इसके लिए नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार को संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। सत्र 2024-25 में इन विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी रात्रि 12 बजे तक एवं आवेदन पत्र की त्रुटि सुधार 21 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक तथा जिला स्तर पर दस्तावेजों की परीक्षण 28 जनवरी से 7 फरवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट https:/eklavya.cg.nic./PRSMS/student-Admission-detail में देखा जा सकता है।

70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख तक का निःशुल्क उपचार

■ कलेक्टर ने की जिले के वरिष्ठ नागरिकों से पंजीयन कराने की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ बस्तर
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना लागू की गई है। इसके तहत जिले में सभी वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पंजीयन कार्य समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों एवं समस्त च्वॉइस सेंटरों में किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों (एपीएल एवं बीपीएल दोनों श्रेणी) को 05 लाख रूपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा है। 70 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राही जिनका पूर्व में आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उन्हें भी दोबारा पंजीयन, ई-केवायसी करवाने की आवश्यकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन, ई-केवायसी का कार्य समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, एम.सी.एच. पखांजूर, एम.सी.एच. अलबेलापारा कांकेर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में किया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड में पंजीयन करवाने हेतु आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर आवश्यक है।

राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ से कांकेर जिला को आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन हेतु कुल 29 हजार 623 लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से अब तक कुल 1074 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन करवा चुके हैं। विकासखण्ड चारामा में 5178 में से 203 कार्ड, नरहरपुर में 5521 में से 219 कार्ड, कांकेर में 5972 में से 293, कोयलीबेड़ा में 5718 में से 184, भानुप्रतापपुर में 3363 में से 120 कार्ड, दुर्गूकोंदल में 1926 में से 30 एवं अंतागढ़ विकासखण्ड में 1702 में से 25 कार्ड का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिको से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी शासकीय अस्पताल या च्वॉइस सेंटर में अतिशीघ्र आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन करवाकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

सरकार के इस स्नेहपूर्ण पहल से सम्मान और अपनापन का हुआ अनुभव

विष्णु की पाती पाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी हुए खुश

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

विष्णु की पाती पाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों में खुशी और उत्साह की लहर है, सरकार के इस स्नेहपूर्ण प्रयास से उन्हें अपनापन और सम्मान का अनुभव हो रहा है।

विष्णु की पाती का वितरण : जिले के कोंटा विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का शुभकामना संदेश प्रदान किया गया जिसे पाकर लाभार्थियों में अपार खुशी देखी गई। ग्राम पंचायत एर्राबोर, इंजरम, दरभागुड़ा के हितग्राहियों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमारे जैसे गरीब परिवारों की कठिनाइयों को समझते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने की अनुमति दी है, जो हमारे परिवार के लिए एक अमूल्य तोहफा साबित होगा।

हितग्राहियों ने स्नेहपूर्ण पत्र के लिए दिया धन्यवाद : इस अवसर पर उपस्थित पीएम आवास हितग्राही ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह पत्र हमें एहसास कराता है कि सरकार गरीबों के सपना को साकार करने के प्रति पूरी तरह समर्पित है। इस योजना के तहत लोगों को न केवल पक्के घर मिल रहे हैं, बल्कि यह उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। इसी प्रकार एक अन्य लाभार्थी मडियम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन की सरकार ने उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए जो कदम उठाए हैं, उससे उनमें सुरक्षा और सम्मान का भाव पैदा हुआ है। विष्णु की पाती के माध्यम से प्रदेश के मुखिया ने हमसे संवाद कर हमारा मान बढ़ाया है। हमारी तरफ़ से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बहुत बहुत धन्यवाद और शुभकामनाएँ।

हितग्राहियों को मुख्यमंत्री का संदेश : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने पाती में लिखा है, जय जोहार! मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आपका पक्का मकान शीघ्र ही बनकर तैयार होगा। यह मेरा सौभाग्य है कि आपके इस सपने को साकार करने का माध्यम मैं बना हूं। आपके नए घर में खुशियां और समृद्धि बनी रहे, यही मेरी कामना है। उन्होंने पत्र के अंत में लाभार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी हैं।

सुशासन के प्रतीक अटल चौक पर चल गये बुलडोजर, जिम्मेदारों को खबर नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के प्रति आभार जताने, सुशासन के प्रतीक के रुप में निर्मित अटल चौक पर क्षेत्र में बिना प्रशासनिक अनुमति के डिस्मेंटल नियम का उल्लंघन करते हुए बुलडोजर चल चुका है। जिम्मेदारों द्वारा इसका ठीकरा एक दूसरे पर फोड़कर अपने आप को पाक साफ साबित करने की कोशिश किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के ब्लॉक बसना अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमदरहा में भंवरपुर, बड़े साजापाली व सागरपाली रोड के संगम स्थल चौक पर वर्ष 2004-05 में शासन के आदेश पर अटल चौक का निर्माण तत्कालीन सरपंच के द्वारा करवाया गया था, जिसे विगत दिनों तोड़ दिया गया, अटल चौक के तोड़े जाने से एक ओर जहाँ स्थानीय भाजपाजनों में नाराजगी है तो वहीं चौक के दुकानदारों में मायुसी भी है जो अपनी दुकान के पते पर अटल चौक जमदरहा लिखा करते थे, अब अटल चौक नहीं लिख पायेंगें, यदि लिखेंगे तो लोग समझ नहीं पायेंगे, एक स्थानीय ग्रामीण ने नाम ना छपने की शर्त पर बताया की चौक के टूटने पर नाराज तो ग्रामीण भी बहुत हैं मगर कोई भी कुछ कहने से बच रहे हैं। उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (लोक निर्माण विभाग) द्वारा विगत 27 दिसंबर वर्ष 2021 से सरायपाली,उमरिया,भंवरपुर, बड़े साजापाली मार्ग का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य ठेके से करवाया जा रहा है, बताया गया है कि इसी कार्य के दौरान अटल चौक रोड के बीच स्थापित होने का हवाला दे, जेसीबी के माध्यम से तोड़ा गया है। समाचार संकलन के दौरान बातचीत करने पर सड़क निर्माण ठेकेदार और ग्राम पंचायत एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं जबकि उच्च अधिकारियों को इस मामले की जानकारी देना किसी ने उचित नहीं समझा। ज्ञात हो अटल चौक छत्तीसगढ़ की हर ग्राम पंचायत में इसलिए बनाया गया है कि ताकि यहां रहने वाले लोगों के ज़ेहन में हमेशा यह बात ताज़ा रहे कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका सबसे अहम रही है, यानी उनके प्रति आभार जताने व सुशासन के प्रतीक के रूप में सन 2004-05 तत्कालीन भाजपा शासन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के लगभग सभी ग्राम पंचायतों में अटल चौक का निर्माण कराया गया. हर चौक के निर्माण पर 50 हज़ार रूपये खर्च किए गए. जानकार बताते हैं, शासन के आदेश पर हुए किसी भी निर्माण को तोड़ने हेतु सक्षम अधिकारी से डिसमेन्टल ऑर्डर लेना होता है, जिसके लिये डिसमेन्टल करने का कारण भी बताना होता है, मगर इस केस में डिसमेन्टल ऑर्डर की पुष्टि नहीं हुई है। बहरहाल भाजपा नेताओं द्वारा पूरे प्रदेश में अभी जोर शोर से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 100 वां जन्मदिन मनाया है । और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी ऐलान किया है कि छत्तीसगढ़ निर्माण के रजत वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा के पुरोधा अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान में बनाए गए अटल चौक पर मनमानी ढंग से बुलडोजर चलाने वालों के लिए भाजपा सरकार में क्या कार्रवाई होती है।

हथियारों के साथ एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पुलिस ने एक व्यक्ति रायपुर रोड शराब भट्टी के पास अपने दोनों हाथों में लोहे का धारदार हथियार लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पहुंच कर आरोपी को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से एक लोहे का खुखरी नुमा धारदार गंडासा एवं लोहे का धारदार गुप्ती जप्त किया गया है तथा आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 945/2024 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

शुभम को सीए बनने पर दी बधाई

धमतरी। धमतरी के समाजसेवी परिवार सिंधी समाज के स्व.सतराम दास दीवानी के पौत्र शुभम दीवानी को सीए बनने पर सिंधी समाज एवं मित्रगणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुभम दीवानी, रमेश लाल दीवानी के भतीजे एवं दिलीप दीवानी के सुपुत्र, यश दीवानी के छोटे भाई हैं। धमतरी सीए काउंसिल एवं जीएसटी काउंसिल के सदस्यों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी शुभम दीवानी के सीए बनने पर उन्हें बधाई दी हैं।

भौंरादादर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

सांस्कृतिक समारोह के दौरान छात्रों ने दी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भौंरादादर में जिला संगठक डॉ मालती तिवारी के दिशानिर्देशन, प्राचार्य एवं सिविर संयोजक जी पी पटेल के मार्गदर्शन में एवं आर के पटेल कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ लोहरीनडीपा सरपंच घसिया सिदार के मुख्य आतिथ्य में एवं प्राचार्य जीपी पटेल की अध्यक्षता में हुआ। वहीं समापन समारोह के मुख्य अतिथि बसना जनपद पंचायत अध्यक्ष रूक्मणी सुभाष पटेल थीं। एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दुर्गा शिक्षण सेवा समिति लंबर के अध्यक्ष जी एस तोमर, लक्ष्मी गणेश बरिहा, आर आर पटेल, श्यामसुन्दर चौधरी, जयराम पटेल, यू एस पटेल, दुखीश्याम, ईश्वर पटेल, देवनाथ. पटेल, प्रहलाद पटेल, उग्रसेन चौधरी, एस एल पटेल उपस्थित थे। शिविर के दौरान दल नायक करनदास मानिकपुरी एवं दल नायिका हेमलता यादव, मनीषा साहु रीतू पटेल गायत्री साहू के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने गलियों, शाला परिसर, मंदिर परिसर, तालाब मेढ़, पचरी घाट आदि स्थानों की सफाई की तथा स्कूल परिसर की पोताई भी की गयी। प्रतिदिन कन्हैयालाल पटेल द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्रतिदिन बौद्धिक चर्चा में विभिन्न क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। डॉ. एन के भोई प्राचार्य रामचण्डी महाविद्यालय सरायपाली व्यक्तित्व विकास के विविध आयाम, स्वामी अखिलेशानंद विवेकानंद के जीवन वृत्त, तुषार बारीक व्यवहार न्यायाधीश पर चयनित दृढ संकल्प से सफलता प्राप्त की जा सकती है, अंकित भोई सहायक प्राध्यापक भारत डिजिटल की ओर, सपना भोई सहायक प्राध्यापक समाज में नारी की भूमिका, विनय कुमार साहू व्यवहार न्यायाधीश विधिक जानकारी, पूजा पटेल साहू व्यवहार न्यायाधीश पद पर चयनित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी से करे, ललिता मेहर एसडीओपी सरायपाली 2024 के नये कानून सायबर काईम, राजेश महाणा अधिवक्ता क्राइम से कैसे बचे नरेन्द्र पटेल इंजिनियर कैरियर गाइड, यू एस. पटेल सफलता के मूल मंत्र साकेत कुमार एवं यशवंत गिरी. साइबर क्राइम से कैसे बचे, पूर्णानंद मिश्रा अनुशासन के महत्व, दुखनाशन प्रधान नशा नाश की जड है के बारे में स्वयं सेवको को मार्गदर्शन दिया गया। यू-अली, अजय जायसवाल, अमित चौरसिया क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना बरिहा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ आदित्य कुमार शिवहरे, डॉ गुलाब पटेल, डॉ प्रेम साहू, डॉ योगेश बारिक ने किस्सा संबंधी जानकारी एवं सेवा प्रदान की गई। गोकुल पैथोलॉजी सागरपाली द्वारा निःशुल्क ब्लड शुगर, हिमोग्लोबीन की जाँच की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ अनिता चौधरी समाज सेविका एवं राष्ट्रीय सदस्य विश्व मानवाधिकार आयोग थी। जिसमें मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। स्वयं सेवकों के कार्यो व अनुशासन से प्रभावित होकर सरपंच घसिया सिदार, गणेश बरिहा, आर आर पटेल, दुखीश्याम पटेल की ओर से स्वयं सेवकों को पुरस्कार दिया गया। बेस्ट स्वयं सेवक का पुरस्कार विक्की पटेल व स्वयं सेविका मनीषा सिदार को दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईश्वर प्रसाद पटेल, देवनाथ पटेल, रघुराम पटेल श्यामसुन्दर चौधरी, संतलाल पटेल, धनुर्धर पटेल, हरीश पटेल , समीरपटेल, विष्णु चौधरी, प्रहलाद पटेल, धनेश पटेल, पद्मलया पटेल का विशेष सहयोग रहा।

सामान्य सभा बैठक में पार्षद देवव्रत ने सीएमओ, इंजीनियर, ठेकेदार के लिए बेशरम फूल भेंट किया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत कुरूद में परिषद की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें पार्षद देवव्रत साहू ने अधिकारियों और मरम्मत ठेकेदार की कार्यप्रणाली और उदासीनता के विरोध में बैठक के शुरुआत के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर और मरम्मत ठेकेदार को बेसरम का फूल भेंटकर विरोध दर्ज किया गया। पिछले कई महीनों से वार्ड में नालियों में कांक्रीट कवर्ड शेट और मरम्मत के नाम से मरम्मत ठेकेदार के द्वारा वार्ड में मरम्मत का कार्य जान बूझकर नहीं किया जा रहा था। पिछले कई माह से बहाने बनाकर आचार संहिता के लगने के इंतजार में कार्य को टालने का प्रयास किया जा रहा था और छोटे नहर पुल के नीचे स्ट्रीट लाईट, ट्रक की ठोकर से टूट गया था जिसे हटाकर नए स्ट्रीट लाइट लगाने की बात कही गई थी जो कि रात में छोटे नहर पुल के नीचे दुर्घटना जनक क्षेत्र है जिसके लिए नए स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग पूर्व की बैठकों में पार्षद देवव्रत साहू के द्वारा कई बार किया गया था। लेकिन अधिकारियों के द्वारा जनहित के कार्यो को जान बूझकर नजरअंदाज किया जा रहा था। अधिकारियों और ठेकेदार के उदासीनता के विरोध में वार्ड पार्षद देवव्रत साहू ने अधिकारियों और मरम्मत ठेकेदार के लिए बेसरम फूल भेंट किया गया और धरने में बैठने की बात कही, जिसके पश्चात सीएमओ और इंजीनियर ने 4 दिन में सभी कार्य पूरे करने का आश्वासन दिया। 4 दिनों में यदि जनहित के सभी कार्यों को पूरा नहीं गया तो नगर पंचायत के सामने अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरोध में धरने में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

अटल के सपनों को साकार कर रहे मुख्यमंत्री : निलेश लूनिया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

सारा देश 25 दिसंबर को अटल निर्माण वर्ष के रूप में अपने प्रिय नेता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्ग अटल बिहारी वाजपेई का स्मरण कर उन्हें उनके प्रति आदरांजलि प्रकट कर रहा है। प्रदेश में भी अटल निर्माण वर्ष के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अटल चौक स्थलों की साफ सफाई कर सुशासन स्थापना का संकल्प ले रहे है। यह बात भाजपा शहर मंडल महामंत्री पूर्व पार्षद निलेश लुनिया ने संबलपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कही। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई के शताब्दी जयंती वर्ष के अवसर पर लुनिया ने आगे कहा कि भारत के नक्शे में 26 में राज्य के रूप में उदय हुए छत्तीसगढ़ का प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अटल जी के सपनों को साकार करने हर स्तर पर डिजिटल गवर्नेंस को अपनाया। सुशासन के प्रभावी एवं अभिसरण विभाग का गठन किया। अटल मॉनिटरिंग एवं सिंगल विंडो सिस्टम 2,0 की ऑफिस सुगम एवं संगवारी एप जैसे नवाचार के माध्यम से डिजिटल गवर्नेंस को हर स्तर पर अपनाने का निर्देश दिया है जिससे प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। अटल की सोच अनुरूप धान खरीदी का बढ़िया मॉडल बनाया। आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय किसानों को धान का सबसे ज्यादा मूल उपलब्ध करा रहे हैं। लुनिया ने पूर्ववर्ती सरकार के समय प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामले बढ़ने की बात कही जिसके आरोपी आज जेल की हवा खा रहे हैं। किसानों को धान का उचित मूल्य दिया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को मुख्यमंत्री साय द्वारा 1000 प्रतिमाह दिया जा रहा है जिससे वह आत्मनिर्भर हो रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनका पारिश्रमिक बढ़ा कर दिया जा रहा है। यह सब पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई की सोच के अनुरूप दिया जा रहा है। माओवाद को समाप्त करने अनेक सख्त कदम उठाए जा रहे हैं जिससे डर कर माओवादी आत्मसमर्पण करने मजबूर है। लुनिया ने उपस्थित जनों से अपील की है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई के सपनों को साकार करने प्रदेश मुखिया मुख्यमंत्री साय की हर जन कल्याणकारी योजनाओं का अपने.अपने क्षेत्र में निरंतर द्रुतगति से प्रचार करें।

नवीन पुलिस थाना के लिए बड़े साजापाली का नाम प्रस्तावित

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस मुख्यालय रायपुर छग द्वारा छग की 14 जिलों में 2025-26 के मुख्य बजट अंतर्गत नवीन पुलिस थाना प्रस्तावित हुए हैं जिसमे महासमुंद जिला के अंतिम छोर बड़े सजापाली में भी नवीन पुलिस थाना स्थापना के लिए प्रस्ताव मंगाया गया है जिससे क्षेत्रवासियों में एक उम्मीद के साथ खुशी की लहर है। गौरतलब है कि बड़ेसाजापाली क्षेत्र संवेदन शील क्षेत्र के रूप में जाना जाता है एवं अपराधिक घटनाएं घटित होती रहती हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय भाजपा नेता जनपद सदस्य ताराचंद साहू द्वारा इस ओर कई बार शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया, विभिन्न मांग पत्रों के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक छग, जिला कलेक्टर महासमुंद, तत्कालीन मुख्यमंत्री एवम नगरीय प्रशासन मंत्री को कई बार मांग पत्र दिया गया था। क्षेत्रीय जन समस्याओं को लेकर ताराचंद साहू द्वारा समय समय पर शासन प्रशासन से मांग किया जाता रहा है। बड़े साजापाली में पुलिस थाना की मांग को लेकर कई बार पुलिस मुख्यालय रायपुर का दौरा कर चुके थे आखिरकार साहू के अथक प्रयासों से इस ओर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट हुआ और नवीन पुलिस थाना प्रस्तावित हुई इसके लिए ताराचंद साहू ने भाजपा सरकार को धन्यवाद एवं क्षेत्र की जनता को बधाई दिया है।

पत्रकार कल्याण संघ ने हाईवे पेट्रोलिंग के उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के पदस्थापना के बाद जिला में कानून व्यवस्था में जबरदस्त कसावट देखने को मिल रहा है। वहीं उनके निर्देश पर लगातार यातायात पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है इसके साथ ही साथ हाइवे पेट्रोलिंग में तैनात पुलिस अधिकारी एवं जवानों का योगदान लगातार सराहनीय रहा है। दुर्घटना में पीड़ित लोगों की मदद कर अस्पताल पहुंचाकर उन्हें नए जीवन देने में लगातार उत्कृष्ट कार्य का परिचय देकर मानवता का मिशाल पेश करते हुए आ रहे हैं। हाइवे पेट्रोलिंग के उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ जिला बलौदाबाजार के दिशा निर्देश पर लवन के पत्रकारों ने हाइवे पेट्रोलिंग अधिकारी एवं उनके स्टॉफ का श्रीफल, शॉल एवं मोमेंटो से सम्मानित किये गए। हाइवे पेट्रोलिंग प्रभारी ए एस आई टीका राम ध्रुव, प्रधान आरक्षक महेश्वर वर्मा, आरक्षक महेश निषाद, अशोक घृतलहरे को श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ जिला बलौदाबाजार संगठन प्रभारी गोलू कैवर्त, जिला कोषाध्यक्ष प्रभारी रूपेश जोशी, जिला सचिव योगेश सिंघम एवं उनके टीम द्वारा सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना किये। सम्मान मिलने पर हाइवे पेट्रोलिंग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के पदाधिकारियों के प्रति धन्यवाद एवं आभार जताया।

पुलिस महकमे में तालमेल का अभाव, लाभ ले रहे अपराधी किस्म के लोग

जिले में चल रहा जुआ, सट्टा, अवैध शराब, खड़खड़िया का जोर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में हो रहे अपराधों को लेकर नागरिकों ने पुलिस प्रशासन पर सवाल दागे हैं। इनका कहना है कि शहर के भीतर एवं विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में चाकूबाजी, जुआ, सट्टा, शराब, खड़खड़िया जैसे अपराध हो रहे हैं। दावा किया जाता है कि पुलिस प्रशासन ऐसे अपराधियों पर लगाम कसने कार्यवाही कर रहा है। लेकिन आरोपियों का हौसला इतना बुलंद है कि वे कोतवाली के पीछे स्थित ईतवारी बाजार में चाकूबाजी कर रहे हैं। बाहर के व्यक्ति मुख्य डाकघर में सेंधमारी कर लाखों रूपये लूट रहे हैं। सट्टा, जुआ, शराब की तो ऐसी अनेक घटनाएं आम बात हो चुकी है जिसे लेकर कयास लगाये जा रहे हैं कि पुलिस के बड़े अधिकारी एवं निचले क्रम के अधिकारियों में कोई सामंजस्य, तालमेल नहीं है जिसके कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के वारदात हो रहे हैं। पिछले दिनों ही लगभग सात दुकानों में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रूपये की चोरी की गई है। जिले में बढ़ते अपराध को लेकर अब तो विभाग के लोगों में भी अपने ही अधिकारी की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं, हालांकि अनुशासन के डर से ये लोग खुलकर बात नहीं कर रहे हैं। लेकिन नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि महकमे के कुछ लोगों की लगातार कई गंभीर शिकायतों के बाद भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं होना, उल्टे उन्हें अभयदान देना, जिससे पूरे महकमे की छवि जनता के बीच धूमिल हो रही है। पुलिस विभाग के इतिहास में जितने अपराध पिछले 9 माह में घटित हुए हैं, अन्य वर्षों में इतने बड़े अपराध घटित नहीं हुए थे। हालांकि ऐसी घटनाओं में कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। लेकिन शहर में हो रहे अपराध की संख्याओं में कमी नहीं कर रहे हैं बल्कि आरोपियों के द्वारा ऐसी वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। पिछले माह ईतवारी बाजार में चाकूबाजी की घटना हुई। ऐसी घटनाएं विभिन्न मोहल्लों में भी घटित हुई है। जुआ, सट्टा गली-गली में पैर पसार रहा है। होश संभाले हुए युवक सूखा नशा की चपेट में हैं। गांजा की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। पुलिस विभाग की सुस्त कार्यवाही के चलते कोतवाली से 200 मीटर की दूरी पर स्थित मुख्य डाकघर में बाहर के आरोपियों द्वारा सेंधमारी कर लाखों रूपये की चोरी की गई थी। जुआ, सट्टा, शराब के मामले में धमतरी के साथ साथ आसपास के अंचल में इसका चलन तेजी से संपादित हो रहा है। खड़खड़िया नाम का जुआ जो कि फसल कटने के बाद होने वाली मड़ई, मेले में विशेष रूप से चलता है, उसका भी चलन जोर-शोर से चल रहा है। एक तथाकथित व्यक्ति द्वारा खुलेआम जुआ खिलवाया जा रहा है। लेकिन विभाग के कुछ लोगों की मिलीभगत से ऐसे ठिकानों पर पुलिस दबिश प्रतिबंधित मानी जाती है। इन सभी का कारण पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और निचले क्रम के अधिकारी, कर्मचारियों के बीच सामंजस्य तथा तालमेल के अभाव के चलते ही पुलिस विभाग में ऐसी खामियां उजागर हो रही है। इसका भरपूर लाभ अपराधी किस्म के लोगों द्वारा उठाया जा रहा है। ऐसी भी खबर है कि जिले के बड़े अधिकारी से विभाग के कतिपय लोग नाराज चल रहे हैं जिन्होंने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि स्थानांतरण नीति में भी भाई-भतीजावाद कर ऐसे लोगों को मुख्य-मुख्य थानों में पदस्थ किया गया है जहां इनकी उपस्थिति कोई मायने नहीं रखती। अपराध को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगातार जुआ, सट्टा, शराब की शिकायतें मिल रही हैं। पूछने पर कि क्या इसकी रिपोर्ट संबंधित थाना क्षेत्र में की गई, तो इनका कथन था कि शिकायत करने के बाद संबंधित थाना क्षेत्र के कर्मी शिकायतकर्ता का नाम बता देते हैं जिसके कारण हमें विवाद का सामना करना पड़ता है। कुरूद थाना क्षेत्रांतर्गत कार्तिकेय पटेल की रात्रि 2 बजे घर से निकालकर मारपीट की घटित घटना को समाज के लोगों ने जोरशोर से उठाते हुए वहां पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों के स्थानांतरण और मारपीट से मृत हुए 19 वर्षीय युवक के परिवार को सरकार से मुआवजा दिये जाने की मांग बलवती हो रही है। समाज नेताओं का आरोप है कि यदि पुलिस घटना के संबंध में मिली सूचना पर तत्काल संज्ञान लेती तो शायद कार्तिकेय पटेल की मारपीट से मौत नहीं होती। जिले में पुलिस विभाग की सुस्त कार्यवाही एवं भाई-भतीजावाद के चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। शहर के भीतरी इलाकों एवं बाहरी क्षेत्रों में पुलिस की पकड़ बहुत ही ढीली है। इसी का लाभ लेकर आरोपी कहीं चाकू चला रहे हैं, कहीं जुआ खिलवा रहे हैं, कहीं खड़खड़िया खिलवा रहे हैं। इसके अतिरिक्त और भी अपराध जिले में घटित हो रहे हैं जिसे लेकर जागरूक नागरिकों ने आम लोगों की सुरक्षा के लिये तैनात पुलिस विभाग की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाते हुए अपराध की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करने तथा भीतरी एवं बाहरी ईलाकों में गश्त प्रक्रिया को सख्ती के साथ लागू करने की मांग की है।

रामानुजगंज नगर पंचायत के विवेक हीनता पर जिला प्रशासन ने लगाया रोक

एनएच 343 पर स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने शॉपिंग कांप्लेक्स बनाने का मामला, व्यवस्थापन की कार्रवाई पूर्ण किए बगैर किया कार्य प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

एन एच 343 पर स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने रामानुजगंज नगर पंचायत अपनी विवेक हीनता का परिचय देते हुए दुकान निर्माण हेतु गड्ढे खोदने शुरू कर दिए जबकि इसके लिए न हीं एसडीएम कार्यालय से परमिशन ली गई और ना ही कलेक्टर कार्यालय से इसके बाद भी डंके के चोट पर दुकान बनाने के लिए गड्ढे खोद दिए गए जहां पर गड्ढा खोदा गया है वहां पर स्कूल की खिड़की एवं रोशनदान स्थित है और वहां पर दुकान बन जाने के बाद खिड़की और रोशनदान से मिलने वाली रोशनी से विद्यार्थियों को वंचित रहना पड़ेगा। बावजूद इसके अपनी विवेक हीनता का परिचय देते हुए वहां पर दुकान निर्माण की योजना बनाई गई। गड्ढे खोदने के बाद जब इसकी जानकारी नगर के चौथे स्तंभ एवं न्यायालय परिसर में उपस्थित अधिवक्ताओं को लगी तो उन्हीं में से किसी ने एसडीएम रामानुजगंज देवेंद्र प्रधान को फोन लगाया गया जब उन्होंने अपना फोन रिसीव नहीं किया तो समाज के चौथे स्तंभ होने के नाते उन्होंने इसकी जानकारी बलरामपुर कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा को दी। उसके बाद उन्होंने एसडीएम रामानुजगंज को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने नगर पंचायत रामानुजगंज के प्रभारी सीएमओ सुधीर श्रीवास को जमकर फटकार लगाई और तत्काल काम बंद करने एवं खोदे गए गड्ढे को समतली कारण करने का निर्देश दिया गया। किंतु चार दिवसीय का समय व्यतीत होने के बाद भी सीएमओ के द्वारा समतली करण नहीं कराया गया है जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि रामानुजगंज नगर पंचायत का एक चहेता ठेकेदार एवं सब इंजीनियर महेंद्र पैकरा की मिली भगत से इस कार्य को अंजाम दिया गया। यदि शासकीय सेवक चाहे वह सीएमओ हो या सब इंजीनियर हो यदि इन लोग नियम कानून जानते हुए भी उसका उल्लंघन करेंगे तो इसका लाभ चहेते ठेकेदार को मिलना लाजमी है? जबकि व्यवस्थापन की कार्रवाई पूर्ण किए

बगैर नाजायज रूप से जहां खाली जमीन पाया वहीं पर रामानुजगंज नगर पंचायत शॉपिंग कांप्लेक्स सहित अन्य निर्माण कराना प्रारंभ कर दिया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि कांग्रेस शासन काल में नगर पंचायत ने क्या किया और क्या नहीं किया यह तो आए दिन पूरे नगर की जनता के जुबान पर चर्चा का विषय बना रहता है? लेकिन अब छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब सुशासन की सरकार आ गई है और सुशासन का गुणगान पूरे जनप्रतिनिधि प्रशासनिक तंत्र करने में लगा है तो यह नगर पंचायत का कैसा कार्य है जो बिना सरकारी दस्तावेज कंप्लीट किए हुए ही अपने मनमाने तरीके से गड्ढा खोदना शुरू कर दे रहे हैं। सबसे बड़ी ताजुब की बात यह है कि बगैर एसडीएम और कलेक्टर से परमिशन लिए हुए ठीक एसडीएम कार्यालय के सामने सारे नियम कानून को तक पर रखकर शॉपिंग कांप्लेक्स के लिए नीव खोदना शुरू कर दिया गया। नगर पंचायत का सातिर ठेकेदार ने नीव खोदने के लिए दिन मंगलवार 24 दिसंबर 2024 का दिन ही चुना गया ताकि सारी प्रशासनिक अमला बलरामपुर कलेक्टर के टिएल बैठक में रहे और इधर नीव खुदवा दिया जाए और बाद में राजनीतिक धोश दिखाकर कार्य प्रारंभ करने कि योजना बनाई गई थी लेकिन चहते ठेकेदार को यह काहा मालूम था कि समाज के चौथे स्तंभ सक्रिय है। अब देखना यह है कि सुशासन की सरकार में नगर पंचायत के मनमानी पर प्रशासनिक तंत्र अंकुश लगता है या फिर राजनीति धोश के आगे घुटने टेकता है।

स्थानीय स्तर पर विपक्ष की भूमिका शून्य

रामानुजगंज नगर पंचायत में कांग्रेस पार्टी के निर्वाचित पार्षदो कि भूमिका किसी भी कार्य को लेकर पूरी तरीके से शून्य पड़ा हुआ है। माना कि पिछले 5 वर्षों से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी जिसके कारण कांग्रेसी पार्षद कुछ नहीं बोल पाए लेकिन अब विगत 1 वर्षों से जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार है तो इनको गलत काम का विरोध करना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है जिसके कारण नगर पंचायत की वर्तमान सरकार अपना मनमाना रवैया अपनाय हुए हैं विपक्ष की भूमिका क्यों शून्य है इस संबंध में नगर की जनता हमेशा चर्चा करते रहती है। आगामी नगर पंचायत चुनाव में टिकट के दावेदारी के लिए कांग्रेसी होने का दम तो जरूर भरेंगे टिकट पाने के लिए। लेकिन किसके लिए कार्य कर रहे हैं यह स्थानीय जनता राजनीति पार्टी सहित पूरे प्रशासनिक तंत्र से छुपा हुआ नहीं है?

अखिल भारतीय लोधी महासभा में हुई राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नियुक्तियां

पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोधी समाज के लोकप्रिय संघर्षशील जुझारू प्रदेश अध्यक्ष माननीय घनश्याम वर्मा, प्रदेश युवा अध्यक्ष सुरेश सिंगौर एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष दशमत जंघेल एवं छत्तीसगढ प्रदेश संगठन की लोधी समाज छत्तीसगढ़ समस्त सम्मानित प्रदेश संगठन की अनुशंसा में 21 दिसम्बर 2024 को करनाल हरियाणा में आयोजित अखिल भारतीय लोधी लोध लोधा महासभा के राष्ट्रीय महाअधिवेशन में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा (डेविड) के गरिमामय उपस्थित में छत्तीसगढ़ लोधी समाज की सक्रियता एवं उपस्थिति देखकर अखिल भारतीय लोधी लोध लोधा महासभा में राष्ट्रीय पदाधिकारियों का चयन किया गया। यह हमारे छत्तीसगढ़ लोधी समाज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा में राष्ट्रीय पदाधिकारीयों के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश से सामाजिक बंधु जनों की नियुक्ति की गई हैं, जो सर्वप्रथम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरवर जंघेल पूर्व विधायक (खैरागढ़), राष्ट्रीय महामंत्री भरत वर्मा (राजनांदगांव), राष्ट्रीय सचिव अरुण जंघेल (रायपुर), राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र जंघेल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री हेतु राम वर्मा (बिलासपुर), नरोत्तम वर्मा (दुर्ग जिला), पीलाराम कौशिक (कबीरधाम जिला), राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष चित्ररेखा वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष (राजनांदगांव जिला), राष्ट्रीय महिला संगठन मंत्री लक्ष्मी जंघेल (कोहका भिलाई नगर) की नियुक्ति किया गया। आप सभी नवनियुक्त अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा में राष्ट्रीय पदाधिकारीयों बनाने पर बहुत-बहुत बधाई के साथ समाज में उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं एवं प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के प्रति सहृदय आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

इधर-उधर कचरा डालने वालों पर रहेगी सीसीटीवी की नजर

दुर्ग। नगर पालिक निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर वार्डों में लगातार नागरिकों एवं दुकानदारों को कचरा बाहर न फेकने हेतू समझाइश दी जा रही है। इस हेतू विभिन्न वार्डों में लगातार कचरा फैलाने वालों पर अर्थदंड की कार्यवाही भी की जा रही है। साथ ही साथ वार्ड के मुख्य चौक चौराहों पर सीसी टीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। जिससे खुले में कचरा फैलाने वालों पर सतत निगरानी रखी जा सके।डोर-टू-डोर कचरा उठाने के अभियान के बीच शहर की मुख्य सड़कों और चौराहों को कचरे से पाटने वालों की खैर नहीं है। ऐसा करने वालों पर अब तीसरी आंख की नजर रहेगी।सुबह नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम के कचरा हटाने के बाद अगर कोई भी कचरा डालता है तो उसे जुर्माना लगाया जा रहा है।डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन होने के बाद व्यवसायिक संस्थानों और गली मोहल्ले के लोग इन प्वाइंट पर कचरा फेंकना शुरू कर देते हैं। नगर निगम शहर के लगभग 60 वार्ड से डोर-टू-डोर कचरा उठाने का निरन्तर अभियान कर चुकी है।वार्डो के चौक चौराहो सीसीटीवी कैमरे लगातार नजर रखेंगे। काफी समय से देखा जा रहा था की शहर के दुकान के बाहर सहित सड़को सहित चौक चौराहों पर कचरा फेक देते है। कचरा हटाने के बाद भी दिन भर कचरे का ढेर लगा रहता है। इसे देखते हुए आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर सीसी कैमरे लगाने के निर्देश दिया है।

सड़क किनारे अवैध रूप से बिल्डिंग मटेरियल, गुमटी रखने वाले व्यापारी पर निगम की टीम ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत हुड़को क्षेत्र में दिव्या कन्सट्रक्शन स्टील सप्लायर द्वारा सामग्री रखकर व्यापार किया जा रहा था। स्थानीय निवासियो द्वारा शिकायत की गई, जिसके आधार पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चैधरी के निर्देश पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन 01 के अधिकारियो को निर्देशित किए, कि स्थल का जांच करे। राजस्व की टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान देखा की दिव्या कन्सट्रक्शन के संचालक द्वारा सड़क किनारे सामग्री रखकर विक्रय किया जा रहा है। नगर निगम का दल पहुचने से पहले ही सप्लायर दुकान बंद करके भाग गया। कार्यपालक मजिस्टेड फुलेश्वरनाथ खुटे, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के उपस्थिति में मौके पर पंचनामा बनाकर बिल्डिंग मटेरियल सामग्री को जप्त किया गया। इसी प्रकार जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर क्षेत्र वार्ड 41 छावनी लक्ष्मण नगर, ट्रान्सपोर्ट नगर पहुंच मार्ग के समीप अवैध रूप से संचालित गुमटियों को पुलिस बल, जोन आयुक्त सतीश यादव की उपस्थिति में बेदखली की कार्यवाही कर गुमटियों को हटवाया गया। कार्यवाही के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, बालकृष्ण नायडू, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, पुलिस विभाग से सहायक निरीक्षक भूपेन्द्र यादव एवं निगम के स्वास्थ्य विभाग से सागर दुबे, प्रहलाद लहरी, दुर्याधन साहू, गणित बद्येल, कन्हैया यादव, गौकरण कुर्रे, खेमलाल आदि उपस्थित रहे।

तालाबों के सीमांकन, सभी मद के निर्माण कार्य, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, स्वास्थ्य संबंधी विषयों को लेकर आयुक्त ने की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने पूर्व में दिए गये निर्देशो के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक बुलाई, जिससे चल रहे विकास/निर्माण कार्यो में और गति लाया जा सके। वर्ष 2023 से शुरू हुए सभी निर्माण कार्यो की समय अवधि लगभग पूर्ण हो रही है और जिन कार्यो में विलंब हो रहा है। उसे समय अवधि में पूर्ण करने हेतु आयुक्त ने सभी जोन आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किये, कि सभी कार्यो को दिए गये समय पर पूर्ण कराये। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित सभी तालाबो का सीमांकन किया जाए। उसको नगर निगम के राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किया जाए। जिससे कोई भी व्यक्ति तालाब के किनारे अतिक्रमण न कर सके। आयुक्त पाण्डेय ने यह भी कहा कि आयुषमान कार्ड सभी वार्डो में बनाये जा रहे है, उसके बनाने की गति को तेज किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग आयुष्मान कार्ड बनवाकर लाभ ले सकें। साथ ही नवीन राशन कार्ड बहुत से बनकर राशन दुकानो पर रखे है, उसका शिविर प्रत्येक सोमवार को सुबह 11:00 से 4:00 तक जोन कार्यालय में लगाये जा रहे है। हितग्राही जोन कार्यालय में, राशन दुकानो में आकर अपना नवीन राशन कार्ड लेकर जा रहे है, किन्तु इस कार्य में और गति लाने की आवश्यकता है, जिससे समय अवधि के अंदर सभी के पास नवनी राशन कार्ड पहुंच जाए। सामुदायिक सुलभ शौचालय के जीर्णोद्वारा, निर्माण आदि का कार्य सभी जोन क्षेत्र में चल रहा है उसे गुणवत्तापूर्ण समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियो को दिए है। इसी प्रकार पेयजल व्यवस्था में सतत निगरानी रखी जाए, जहां कही भी नल की टोटी टूटी मिले या पाईप में लिकेज दिखे उसे शीध्र संधारण किया जाए। घरों से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है नागरिक को समझाइस दी जाए कि अपने घर से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरो को पृथक कर देवें, जिससे गीला एवं सूखा कचरा अलग करने में परेशानी न हो।

जाबो कार्यक्रम के तहत् निकाय के लोगों को किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम।स्वीप अभियान के तहत जिला एवं निगम प्रशासन की तरफ से आयोजन किया गया। मानव श्रृंखला द्वारा वोटर लिखकर मानस भवन प्रांगण में मतदाताओं को जागरूक किया गया साथ ही साथ शपथ के माध्यम से संकल्प लिया गया कि वह सौ फीसदी मतदान करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय निकाय आम चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जाबो (जागव वोटर) कार्यक्रम अंतर्गत व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन की ओर से निकाय चुनाव के लिए में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जमीनी स्तर पर आम नागरिकों,नव मतदाताओं व महिला शक्ति को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। निगम क्षेत्र में अभियान चला कर लोगों को मतदान के लिए सब काम छोड़ मतदान करो की सीख दी जा रही है। इसी तारतम्य में मानव श्रृंखला बनाकर लोगो को शपथ दिलाकर मतदाताओं को निरंतर जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान एडीएम अरविंद्र एक्का, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, नारायण यादव, चंदन मनहरे, सत्यनारायण शर्मा, अनिता सिंह एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित

दुर्ग। छत्तीसगढ़ संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च 2025 से जून 2025 के लिये 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 के मध्य की अवधि में आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगें। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर द्वारा प्रेषित निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय संचालक कोष एवं लेखा के दिशा निर्देश के अनुसार 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला नगर घड़ी चौक रायपुर को 31 जनवरी 2025 तक कार्यालयीन समय में जमा करने कहा गया है। (लिपिक वर्गीय कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारी से है जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है न कि किसी तकनीकी संवर्गीय पद पर) इस तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। विज्ञप्ति के साथ संलग्न (छायाप्रति स्वीकार्य) मानक आवेदन पत्र पर ही स्वीकार किये जायेंगें। आवेदन जिस सत्र के प्रशिक्षण हेतु किया गया है, उस सत्र के लिये ही मान्य होगा। पूर्व प्रचलित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

मंजू दीदी के लखपति दीदी बनने का सफर

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिले के छोटे से गांव असोगा की रहने वाली मंजू अंगारे जो लडडू वाली दीदी के नाम से प्रसिद्ध है। पाटन विकासखण्ड के असोगा गांव में 12 महिलाओं को जोड़कर मॉ संतोषी महिला स्व सहायता समूह का गठन किया गया, जिसमें मंजू अंगारे दीदी सदस्य के रूप में है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर मंजू अंगारे द्वारा सभी प्रकार के लडडू अपने हाथों से तैयार कर दुकानों एवं आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए विक्रय किया जा रहा है। दीदी द्वारा करी के लडडू, मुर्रा लडडू, तिल के लडडू, मेवे के लडडू, बेसन का लडडू बनाया जा रहा है। समूह से जुड़कर दीदी द्वारा बैंक से एक लाख रूपए का लोन लिया और अपने कार्य को चलाना प्रारंभ किया, जिसमें दीदी प्रतिमाह 15 हजार से 20 हजार रूपए औसत कमा रही है। दीदी के द्वारा शुरूआत में केवल अपने गांव के दुकानों का आर्डर लेकर सभी प्रकार के लडडू का निर्माण किया जाता था, लेकिन दीदी के द्वारा पाटन ब्लॉक के आस-पास के सभी गांवो से सभी प्रकार के लडडू बनाने का ऑर्डर लिया जा रहा है, जिससे दीदी के कमाई में और अधिक वृद्धि हुई। दीदी के द्वारा अपने काम को आगे और बढ़ाने के लिए ग्राम संगठन से सीआईएफ लोन ऋण 60 हजार उपलब्ध कराया गया, जिसे प्रतिमाह समय पर संगठन में जमा कर रही है। समूह को 15 हजार की अनुदान राशि की सहायता मिलने से कार्य में वृद्धि आई। दीदी को आस-पास के गांव से शादी/छट्ठी एवं अन्य कार्यक्रम में आर्डर मिलना शुरू हो गया। छोटे से गांव में समूह के माध्यम से आजीविका करके पूरे गांव में लडडू वाली दीदी के नाम से प्रसिद्ध हो गई। लडडू बनाकर प्रत्येक माह 15 हजार से 20 हजार रूपये लाभ कमाकर मंजू दीदी लखपति दीदी बन गई हैं।

जिले के 66077 किसानों से 310968 मीट्रिक टन धान की खरीदी

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत 102 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 66077 किसानों से 3,10,968.12 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। 24 दिसम्बर तक 71,575.78 लाख रूपए का धान खरीदा जा चुका है। छुट्टी के बाद आज से पुनः धान की खरीदी शुरू हो गई है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदा जाएगा। अब तक 68,113.25 लाख रूपए का ऑनलाईन भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही किसानों से लिकिंग की राशि 20,318.16 की वसूली की जा चुकी है।

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड
सूचना

निम्नलिखित ऋणी, सहऋणी को सूचित किया जाता है कि सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत आपकी सम्पत्ति को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा विक्रय कर दिया गया है। यदि आप द्वारा 15 दिवस के भीतर बंधक सम्पत्ति में रखा हुआ सामान नहीं हटाया जाता है कि तो उक्त सामान को बेचान अथवा अन्यत्र किरायाशुदा स्थान पर स्थानान्तरित कर दिया जायेगा। जिसके हर्जे, खर्चे व स्थानान्तरण के दौरान होने वाले नुकसान के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। सामान प्राप्त करने व इस सम्बन्ध में अन्य जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र प्रवीण येदला - 7389949287 या नजदिकी शाखा में सम्पर्क करें।

ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बंधककर्ता / गारंटर का नाम	बंधक संपत्ति का विवरण
(ऋण खाता संख्या) L9001060121606049, श्री सत्य कबीर जनरल स्टोर (ऋणी), तुमन सिंह वर्मा पुत्र राधे लाल (सहऋणी), राधे लाल वर्मा पुत्र खोरबहरा राम वर्मा (सहऋणी)	संपत्ति खसरा नं. 351/37, ग्राम मोहभट्ठा, तहसील-बेमतारा, जिला-बेमतारा, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 95.55 वर्ग गज

दिनांक: 27.12.2024
स्थान: छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

महतारी वंदन योजना माताओं को सशक्त करने में निभा रही है महत्वपूर्ण भूमिका : यादव

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विधानसभावार महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (शहर) में मानस भवन दुर्ग में सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र विधायक गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना माताओं एवं बहनों को सशक्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एक परिवार में माता की विशेष भूमिका होती है। माताएं पैसों का महत्व समझती है लेकिन कई बार उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता नहीं मिल पाती है। छोटी-छोटी जरूरत के लिए उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में महतारी वंदन योजना से मिली राशि माताओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करती है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र./1428/लो.नि.शा./न.पा.प./2024 अमलेश्वर, दिनांक 27/12/2024

// निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका अमलेश्वर के द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग छ.ग. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रोक्योरमेंट फॉर्म ''ए'' में प्रतिशत दर पर P.W.D. Building S.O.R./Road S.O.R. 01-01-2015 में निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	निविदा का प्रकार	सिस्टम टेंडर नंबर	कार्य का विवरण (अधोसंरचना मद अंतर्गत)	अनुमानित लागत (रूपये लाख में)	निविदा विवरण तिथि
02	ई-प्रोक्योरमेंट निविदा (द्वितीय निविदा)	163535	निकाय क्षेत्रातंर्गत वार्ड क्रमांक 08 एवं 11 में रामअवतार साहू के घर के पास पुलिया एवं आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य।	लागत राशि 40.07	ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 13.01.2015
03		163538	निकाय क्षेत्रातंर्गत वार्ड क्रमांक 7 में छबी यादव के घर से पानी टंकी मेन रोड तक सी.सी. रोड एवं आर.आर.सी.नाली निर्माण कार्य।	लागत राशि 27.46	ऑनलाईन दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि - 17.01.2015

टीप:- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग के वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट uad.cg.gov.in से एवं ऑनलाईन http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

''अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें''
''जल ही जीवन है''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अमलेश्वर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
Phone No.:- 07749-222370 Email ID:- ee-res.balod@gov.in

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना प्रथम बार //

क्रमांक/14/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2024-25 बालोद, दिनांक 27.12.2024

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से बालोद जिले में स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिये सामग्री प्रदाय हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार अथवा वाणिज्यिकर विभाग में सामग्री प्रदाय हेतु पंजीकृत फर्म / डीलर से कार्य विभाग मैन्युअल के अपेडिंक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र "सी" में स्पीड़ पोष्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 10.01.2025 को अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 13.01.2025 को प्रातः 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

कार्य का नाम :-

1. समुदाय के लिये सी.सी. चेक डेम सह पुलिया निर्माण कार्य ग्राम सुकड़ीगुहान ग्राम पंचायत सिंघोला विकासखण्ड डौण्डी जिला बालोद सामग्री प्रदाय की अनु. लागत राशि रू. 29.52 लाख अमानत राशि 22150/- निविदा प्रपत्र का मुल्य 1500/- सामग्री प्रदाय की अवधि 06 माह

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल http://cg.nic.in/resworks/Tender_test_report.aspx या अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 27.12.2024 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
बालोद जिला-बालोद (छ.ग.)

G-242504920/3

संपादकीय

बांग्लादेश की प्रार्थना शेख हसीना का प्रत्यर्पण

बांग्लादेश ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण की प्रार्थना की है। इससे दक्षिण एशिया की राजनीति में भारत की भूमिका पर महत्वपूर्ण सवाल खड़े होते हैं। बांग्लादेश ने औपचारिक रूप से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की प्रार्थना की है जो 5 अगस्त, 2024 को तख्तापलट के बाद भारत भाग आई थीं। यह प्रार्थना राजनयिक 'नोट वर्बेल' के माध्यम से की गई है जिसने भारत को नाजुक स्थिति में डाल दिया है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय कानून, द्विपक्षीय संबंधों तथा क्षेत्रीय स्थायित्व में संतुलन बनाने की आवश्यकता होगी। इससे भारत के सामने उपलब्ध विकल्पों तथा स्थिति की पृष्ठभूमि पर गौर करने की जरूरत है। बांग्लादेशी राजनीति की कद्दावर नेता तथा अवामी लीग की प्रमुख खेख हसीना को छात्रों के एक राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के बाद सत्ता छोड़नी पड़ी थी। सररकार द्वारा प्रदर्शनकारियों की मांगे मानने के बावजूद अशांति बनी रही। हसीना का दावा है कि इसके पीछे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस का हाथ था। विरोध प्रदर्शनों के कारण उनको सत्ता छोड़नी पड़ी और वे भारत भाग आईं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा की गई राजनयिक प्रार्थना देश में शेख हसीना को वापस लाने की इच्छा प्रकट करती है ताकि उनको राजनीतिक उथलपुथल के लिए जवाबदेह ठहराया जा सके।

ऐतिहासिक संबंधों, परस्पर हितों तथा कभी-कभी तनाव से परिभाषित भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध जटिल हैं। ऐसे में शेख हसीना के प्रत्यर्पण को अंतरिम सरकार के प्रति भारत के समर्थन की तरह देखा जाएगा जिससे बांग्लादेश की प्रमुख राजनीतिक शक्ति अवामी लीग के साथ रिश्ते खराब हो जाएंगे। बांग्लादेश में राजनीतिक संकट ने पहले ही दक्षिण एशिया में उथलपुथल पैदा की है। ऐसे में भारत द्वारा प्रत्यर्पण पर लिया जाने वाला कोई निर्णय क्षेत्र की राजनीतिक गतिशीलता को प्रभावित कर सकता है जिसमें अन्य दक्षिण एशियाई देशों से संबंध भी शामिल हैं। वापस जाने पर शेख हसीना की सुरक्षा और न्यायिक सुनवाई पर संदेह है क्योंकि उनको देशद्रोह के आरोप का सामना करना पड़ सकता है। प्रत्यर्पण संधियों तथा समझौतों के प्रति अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों के साथ भारत को इन सरोकारों पर भी विचार करना होगा। भारत द्वारा इस मामले के निपटारे के ढंग पर क्षेत्रीय शक्ति के रूप में उसका दृष्टिकोण तथा लोकतांत्रिक सिद्धान्तों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता प्रकट होगी। मानवीय आधार या बांग्लादेश में कानूनी सुनवाई के न्यायोचित न होने के आधार पर भारत शेख हसीना को शरण दे सकता है। इससे राजनीतिक निर्वासितों को शरण देने की भारत की ऐतिहासिक भूमिका प्रकट होगी, पर इससे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से संबंध खराब हो सकते हैं। भारत हसीना का प्रत्यर्पण उनकी सुरक्षा, न्यायोचित सुनवाई तथा अंतरराष्ट्रीय विधिक मानकों की शर्तों पर कर सकता है। इससे भारत अंतरिम सरकार तथा हसीना के समर्थकों के साथ संबंध बनाए रख सकता है। भारत बांग्लादेश के साथ बांग्लादेश के साथ राजनयिक संपर्क कर परस्पर सहमति के आधार पर प्रत्यर्पण में विलंब भी कर सकता है। इससे भारत को राजनीतिक स्थिति की समीक्षा करने तथा संभावित नुकसान से बचने में सहायता मिलेगी। हालांकि, भारत के निर्णय से असंदिग्ध रूप से भारत-बांग्लादेश संबंध प्रभावित होंगे, पर इस प्रभाव पूरे क्षेत्र पर भी दिखाई दे सकता है। भारत को अपने विकल्पों पर सावधानी से विचार करते हुए तात्कालिक राजनीतिक प्रभावों तथा दक्षिण एशिया में स्थायित्व पर उसके दीर्घकालीन दृष्टिकोण के बीच संतुलन बनाना होगा।

एक अर्थशास्त्री, जो प्रधानमंत्री बना और भारत का भविष्य गढ़ा

डॉ. राजाराम त्रिपाठी
राष्ट्रीय संयोजक : अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा)

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में डॉ. मनमोहन सिंह का नाम उन शिखर पुरुषों में शुमार होता है, जिन्होंने अपनी विद्वता, सादगी और दूरदर्शिता से राजनीति को नई दिशा दी। सत्ता से परेः मनमोहन सिंह और भारत का आर्थिक पुनर्जागरण की कहानी उस प्रेरणा से शुरू होती है, जब एक साधारण परिवार का बालक गहरी मेहनत और लगन से कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में पहुंचा।

भारत के मूक योद्धा : एक अराजनैतिक अर्थशास्त्री की प्रधानमंत्री बनने की कहानी का सबसे अहम मोड़ 1991 में आया, जब देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म हो चुका था, और भारत पर आर्थिक दिवालियापन का खतरा मंडरा रहा था। इस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव ने डॉ. सिंह को वित्त मंत्री नियुक्त किया। उनके नेतृत्व में देश ने एक नया आर्थिक मॉडल अपनाया, जिसने जिसने भारत को बदल दियाः डॉ. मनमोहन सिंह की प्रेरक यात्रा को आकार दिया।

1991 के सुधारों से पहले भारत की अर्थव्यवस्था बंद और आत्मनिर्भरता की नीतियों में जकड़ी हुई थी। डॉ. सिंह ने वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण की ओर बढ़ते हुए भारतीय बाजारों को दुनिया के लिए खोल दिया। यह एक ऐसा कदम था जिसने लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर दिए और भारत को आईटी और सेवा क्षेत्र में विश्वस्तरीय बनाया। एक अर्थशास्त्री, जो प्रधानमंत्री बना और भारत का भविष्य गढ़ा, यह वाक्य उनके आर्थिक सुधारों की ताकत को सटीक रूप से परिभाषित करता है।

2004 में, जब वे प्रधानमंत्री बने, तो भारत को एक ऐसा नेता मिला, जो शांत, धैर्यवान और काम पर विश्वास करने वाला था। डॉ. सिंह का नेतृत्व ठोस नीतियों और उनकी ईमानदारी पर आधारित था। प्रधानमंत्री जो बोलते नहीं, बल्कि काम से देश बदलते थे, यह बात उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली का प्रमाण है।खेती के घाटे के अर्थशास्त्र और किसानों के दुख के मर्म को जिसे स्वनामधन्य माटी पुत्र तथा कृषक हृदय सम्राट कहलवाने वाले नेता नहीं समझ पाए उसे इस अराजनैतिक खांटी अर्थशास्त्री ने समझा। कर्ज के मकड़जाल में फंसे,दम तोड़ते किसानों की पीड़ा को उन्होंने ही समझा।किसानों के प्रति उनका समर्पण अविस्मरणीय है। उनकी ऋण माफी योजना ने लाखों किसानों को कर्ज के बोझ से राहत दी। ग्रामीण रोजगार योजना (MGNREGA) ने गांवों में रोजगार पैदा किया और गरीबों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया। किसानों और देश के प्रति डॉ. सिंह का अटूट समर्पण उनकी सामाजिक नीतियों का सार है।

डॉ. सिंह के कार्यकाल में अमेरिका के साथ परमाणु समझौता हुआ, जिसने भारत को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान की। यह समझौता उनकी कूटनीतिक सूझबूझ और साहसिक निर्णय लेने की क्षमता का प्रमाण था। उन्होंने दिखाया कि विकास के मूक निर्माताः मनमोहन सिंह की विरासत भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने की राह थी। उनकी सादगी और नैतिकता उनके व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा थीं। एक बार उन्होंने कहा था, मैं इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज कराने के लिए काम नहीं कर रहा, बल्कि देश के लिए काम कर रहा हूं। यह विचार उन्हें मनमोहन सिंहः भारतीय राजनीति में शांति और दृढ़ता का प्रतीक बनाता है। आज जब हम उनकी यात्रा पर नजर डालते हैं, तो सादगी से सत्ता तक और सुधारों की क्रांति का यह अध्याय हमें बताता है कि नेतृत्व केवल भाषणों से नहीं, बल्कि नीतियों और उनके प्रभाव से तय होता है। डॉ. मनमोहन सिंह की विरासत केवल नीतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी प्रेरणा है, जो दिखाती है कि राजनीति सेवा का माध्यम हो सकती है।

आज जब मनमोहन सिंह सदा के लिए मौन हो गए हैं मैं उनका एक कथन मुझे याद आता है उन्होंने कहा था कि मुझे उम्मीद है कि मीडिया की तुलना में इतिहास मेरे प्रति ज्यादा दयालु होगा। किंतु ऐतिहासिक पितृ पुरषों का कद बौना करके ,अपना कद बड़ा दिखाने की छुद्र कवायदों तथा इतिहास की बड़ी लकीरों को मिटाकर इतिहास के पुनर्लेखन और हिस्ट्री-करेक्शन के दौर मे 'अश्वत्थामा मरो नरो वा कुंजरो' के सत्य, अर्धसत्य तथा असत्य बीच पेंडुलम की तरह झूल रहा इतिहास मनमोहन सिंह के साथ कितना न्याय कर पाएगा यह तो भविष्य की गोद में छिपा भावी इतिहास ही बताएगा। जिसे देखने के लिए हमारी वो पीढ़ी जिंदा नहीं रहेगी, जिसने मनमोहन सिंह को देश का इतिहास गढ़ते और इतिहास को जस का तस घटते अपनी आंखों से देखा था। डॉ. मनमोहन सिंह, आप केवल एक प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि देश के लिए मार्गदर्शक थे,हैं और रहेंगे। आपके नेतृत्व ने यह सिखाया कि जब नीतियां सही दिशा में हों, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। भारत के किसान, मजदूर, और आम जनता आपके योगदान को कभी नहीं भूलेंगे। यह देश आपके प्रति कृतज्ञ है और हमेशा रहेगा। आपकी सादगी में ही आपकी महानता है, और आपकी विरासत देश के भविष्य को मार्गदर्शन देती रहेगी।

एक देश, एक चुनावः महत्वपूर्ण पहल

> पीएम मोदी ने 'एक देश एक चुनाव' पर अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया है। ऐसे में पूरे देश को प्रतीक्षा करते हुए देखना होगा कि इस प्रस्ताव से एकता बढ़ती है या विभाजन।

कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

संसद में विवादास्पद 'एक देश एक चुनाव' विधेयक लाने से स्वीकार्यता के बजाय विवाद को ज्यादा बढ़ावा दिया है। भाजपा इसे काफी समय से लाने की बात कर रही थी जिसे अब संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस प्रकार भाजपा का एजेंडा आगे बढ़ाया है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनाने तथा जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान से अनुच्छेद 370 हटाने के वादे पूरे किए हैं। इस बहु-प्रतीक्षित विधेयक का उद्देश्य लगभग एक बिलियन मतदाताओं वाले 28 राज्यों और आठ संघशासित क्षेत्रों की चुनाव प्रक्रिया को सहज बनाना है। इस विधेयक ने व्यापक बहस, काफी दिलचस्पी तथा विभिन्न दलों के विरोध को जन्म दिया है। हालांकि, एकसाथ चुनाव पर चर्चा हो रही है, पर कुछ सवालों के जवाब मिलने चाहिए। क्या मोदी के पास संसद में विधेयक पास करने के लिए दो-तिहाई बहुमत है? क्या इस पर राजनीतिक सहमति है? क्या विपक्ष एकजुट होगा? क्या विधेयक लाने का समय सही है? अधिकांश विपक्षी दल एकसाथ चुनाव का विचार स्वीकार नहीं करते हैं जिनमें कांग्रेस, वामपंथी दल, तृणमूल कांग्रेस तथा क्षेत्रीय व छोटे दल शामिल हैं। वे इसे राजनीतिक बदले की भावना तथा इस आशंका से अस्वीकार करते हैं कि भाजपा को इसका लाभ हो सकता है। पिछले साल पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित नौ-सदस्यीय समिति ने एकसाथ चुनाव को 'गेम चेंजर' बता कर इसका समर्थन किया था। 32 दलों ने इस अवधारणा का समर्थन तथा 15 ने विरोध किया था। इस समिति ने केन्द्र को प्रस्ताव के क्रियान्वयन के लिए एक समिति गठित करने की सलाह दी थी। इसके साथ ही संयुक्त मतदाता सूची होनी चाहिए जिसका प्रयोग मतदाता राष्ट्रीय, राज्य व स्थानीय चुनावों में कर सकें।

पिछले वर्षों में चुनाव लगातार होते रहे हैं, पर 'एक देश एक चुनाव' विधेयक चुनाव प्रक्रिया को नया स्वरूप दे सकता है। विधेयक के समर्थकों का कहना है कि इससे चुनाव प्रचार खर्च में काफी कमी आएगी, प्रशासनिक संसाधनों पर दबाव घटेगा तथा प्रशासन सहज बनेगा। इससे जनता में आशा पैदा हो सकती है। भारत में चुनाव अनेक स्तरों पर होते हैं जिनमें पंचायत, जिला स्तर, राज्य विधानसभा तथा राष्ट्रीय स्तर शामिल हैं। वे अलग-अलग समय पर होते हैं और सरकार इस व्यवस्था को सुचारु बनाना चाहती है। मजेदार बात है कि यह विचार नया नहीं है। ऐतिहासिक रूप से 1952 से 1967 तक चुनाव एकसाथ होते थे। लेकिन विभिन्न सरकारें समय से पहले भंग होने तथा विधानसभाओं का कार्यकाल बदलने से इनमें बिखराव आया। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अनेक विपक्ष शासित राज्य सरकारें भंग कर दी थीं। वर्तमान समय में भाजपा के लिए अपने सहयोगी दलों तथा मित्र दलों का समर्थन बहुत जरूरी है। 2024 के हालिया चुनाव में भाजपा सदन में बहुमत से 40 सीटें पीछे रह गई और वह जदयू व तेलगूदेशम की सहायता से ही सरकार बना सकी। अधिकांश विपक्षी दलों ने एकसाथ चुनाव की अवधारणा अस्वीकार कर दी है जिनमें कांग्रेस, वामपंथी दल, तृणमूल कांग्रेस तथा क्षेत्रीय व छोटे दल शामिल हैं। विधेयक पेश करते समय भाजपा के भी 20 सांसद गायब थे। कोविंद समिति ने दो हिस्सों में मतदान का सुझाव दिया है। पहला लोकसभा और विधानसभाओं तथा दूसरा स्थानीय निकायों के लिए होगा। इस विधेयक के समक्ष अनेक विधिक, संवैधानिक व राजनीतिक चुनौतियां हैं। कोविंद समिति ने एकसाथ चुनाव कराने के लिए अनुच्छेद 83 व 172 में संशोधन का सुझाव दिया है। लेकिन भाजपा के पास इन संशोधनों के लिए दो तिहाई बहुमत नहीं है। एकसाथ चुनाव के लिए संविधान में परिवर्तन जरूरी हैं। इनसे देश की संघीय संरचना पर राजनीतिक प्रभाव पड़ सकता है तथा एक बिलियन मतदाताओं से एकसाथ चुनाव कराने की लाजिस्टिक चुनौतियां होंगी। प्रधानमंत्री मोदी की मुख्य चुनौती संसद में समुचित समर्थन प्राप्त करना है। इसके साथ ही सरकार को राजनीतिक सहमति बनाने तथा विपक्ष को मनाने की जरूरत है। विपक्ष को भय है कि इससे भाजपा को लाभ होगा, इसलिए उसने प्रस्ताव नामंजूर कर दिया है। 15 विपक्षी दलों के 205 सांसद हैं, जबकि मोदी को आगे बढ़ने के लिए 362 वोट चाहिए। कार्यकाल के बीच में सरकारें गिरने तथा केन्द्रीय राजनीतिक निगरानी के लिए एकसाथ चुनाव की स्थिति में कानूनी ढांचा जरूरी होगा।

'एक देश एक चुनाव' का दृष्टिकोण बार-बार चुनाव से संसाधनों की बरबादी रोकेगा, इसलिए विपक्ष को इस पर सावधानी से विचार कर सार्वजनिक चर्चा के लिए वैकल्पिक प्रस्ताव पेश करना चाहिए। एक देश एक चुनाव भाजपा का एक चुनावी वादा है। उसने कुछ प्रमुख वादे पूरे कर दिए हैं जिनमें अनुच्छेद 370 हटाना तथा अयोध्या में राम मंदिर निर्माण शामिल हैं। अपने तीसरे कार्यकाल में मोदी अधूरा एजेंडा पूरा करना चाहते हैं। मोदी ने स्पष्ट रणनीति से यह विधेयक पेश किया है। यदि यह पास हो जाता है तो भाजपा सरकार को लाभ होगा। यदि यह विफल हो जाता है तो वे कहेंगे कि सुधार का प्रयास किया, पर विपक्ष ने इसमें बाधा डाली। संभावित विलंब के बावजूद विधेयक पर चर्चा जरूरी है क्योंकि चुनावों पर करदाताओं का बहुत धन खर्च होता है। विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने के बाद अब उसकी रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।

आप की बात

कब सतर्क होगा वैश्य समाज?

बनवारी लाल गोयल जी की निर्मम हत्या, क्या वैश्य समाज की आंखे खोल पायी । सम्भल के जिस मुस्लिम समाज से बनवारी लाल जी, व्यापारिक और सामाजिक सम्बन्ध के साथ साथ मधुर संबंध रखते थे उसी मुस्लिम समाज ने बनवारी लाल जी को कई हिस्सों में काटकर दर्दनाक मृत्यु दी। इस वीभत्स हत्याकांड के उजागर होने पर आम जनमानस योगी सरकार की प्रशंसा तो कर रहे है पर स्वयं क्या कर रहें है इस पर भी विचार होना चाहिए । सम्भल में बनवारी लाल जी के अतिरिक्त सैकड़ो हिन्दुओ को जिन्दा जलाकर मार दिया गया जिसका एक मात्र कारण मजहबी चरमपंथ था लेकिन अब भी वैश्य समाज के अनेको लोग इन्ही मजहबी चरमपंथियों को अपने प्रतिष्ठानों में काम पर रखते हैं,उनसे कार्य करवाते हैं और बड़े गर्व से कहते हैं की बाजार से दो रूपए कम में काम कर रहे हैं,हिन्दुओ से बढ़िया काम कर रहे हैं,चार बार बाउजी बाउजी कहते हैं, हिन्दुओ के तो दिमाग खराब हैं तो यह निश्चित है की बनवारी लाल जी अंतिम व्यक्ति नहीं थे जिनके साथ मजहबी जिहाद की गयी ,उन सबका यही परिणाम होगा जो अब भी धन लालच में सत्य को देखकर नजरअंदाज कर रहे हैं। अब भी समय है जागरूक होइए , कठोर निर्णय लीजिये, भंडारे,भजन संध्या आदि करवाने के स्थान पर हिन्दुओ को संवैधानिक रूप से शस्त्र और शास्त्र से सशक्त करने हेतु योजना बनाइये।

- दिव्य अग्रवाल, मेल से

पाकिस्तान का दावा

पाकिस्तान का कहना है कि उसकी सेना ने अफगानिस्तान में हवाई हमले टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) के ठिकानों पर किए हैं, जो पाकिस्तान में बार-बार आतंकी हमले कर रहा है और अफगानिस्तान में पनाह पा रहा है। इन हवाई हमलों को पाक सेना के अज्म-ए-इस्तेकाम अभियान का हिस्सा भी बताया जा रहा है। पाकिस्तान की इस करवाई ने भारत के लिए भी आतंकवादियों के सफाये का रास्ता खोल दिया है। आशा है भारत अपने देश में पाकिस्तान से घुसकर आए हुए आतंकवादियों के ठिकानों का सफाया पाकिस्तान में घुस कर करेगा। भारत में पाक से घुसकर आए हुए आतंकवादियों के ठिकानों का सफाया करने के लिए भारतीय सेना को भी इसी तरह के हमले करने होंगे। पाकिस्तान की सेना ने टीटीपी के ठिकानों पर हवाई हमले करने के लिए अपने फाइटर जेट्स का उपयोग किया है। इन हमलों में कई आतंकवादी मारे गए हैं और उनके ठिकाने नष्ट हो गए हैं। भारत को भी पाकिस्तान से घुसकर आए हुए आतंकवादियों के खिलाफ इसी तरह के हमले करने होंगे। भारतीय सेना को अपने फाइटर जेट्स का उपयोग करके आतंकवादियों के ठिकानों पर हवाई हमले करने होंगे। इस तरह के हमले करने से भारत पाक से घुसकर आए हुए आतंकवादियों को खत्म कर सकता है और अपने देश की सुरक्षा को मजबूत बना सकता है। जैसा कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान में हमला करके किया है। **- सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

भारत सोने की चिड़िया

इतिहास गवाह है कि प्राचीनकाल में राजा-महाराजाओं के समय सोने, चांदी,हीरे जवाहरात के भण्डार रहे हैं। रामराज्य में रावण के पास सोने की लंका थी. वर्षों पुरानी बड़ी-बड़ी सोने और हीरे से जड़ी मूर्तियां मंदिरों में विराजमान है. ये तो हुई प्राचीन व मध्य काल की सियासतों की विरासतों की बात. किन्तु वर्तमान युग में भी मेरे देश में सोना,चांदी, हीरे-मोती की कमी नहीं है. बाजार और महिलाओं द्वारा संकलन की बात छोड़िये ये तो जैसे कहते हैं सौ टंच एक नंबर की संपत्ति है. किन्तु आजकल दो नंबर का करोड़ों का सोना भी नगदी के साथ कभी जंगल में मंगल कर रहा है तो कभी एयर पोर्ट पर और कभी भारतीय सीमा के तटों पर छापेमारी में मिल रहा है. मुगलकाल और अंग्रेजी शासन के दौरान भी भारत से खूब सोना लूटा गया. क्योंकि तब लुटेरों को हमारा देश सोने की चिड़ियां दिखता था तभी तो उन्होंने जोड़-तोड़ व तोड़-फोड़ करके सोने की चिड़ियां के शरीर पर चोंटें पहुंचकर उसे लूटा आजकल कालाबाजारी, भ्रष्टाचारी देश में रहकर देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुछ तो इसे विदेशों (स्विस बैंकों आदि) में भी रख रहे हैं जिसपर सरकार की पैनी नजर है और वो इस पर उचित कार्रवाई भी कर रही है. कुछ तो उसे हांसिल भी हुआ है और कुछ हांसिल करने में लगी हुई है। बावजूद इसके मुगलों और अंग्रेजों ने देश को लूटा।

- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

अवैध बांग्लादेशी

देशभर में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की निरंतर बढ़ती संख्या गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। वास्तव में विदेशी घुसपैठ की यह समस्या उससे कहीं अधिक गंभीर है, जितनी अभी दिखाई दे रही है। इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के कारण देश को आर्थिक क्षति के साथ-साथ जनसंख्या विस्फोट और सामाजिक ताने-बाने को गंभीर क्षति पहुंचने वाली है, जो किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए अत्यंत घातक है। अवैध घुसपैठियों की बढ़ती संख्या भारत के संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर अतिरिक्त दबाव डालती है। अवैध रूप से रह रहे प्रवासी देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल सकते हैं। वे रोजगार के अवसरों को अवैध रूप से हथिया सकते हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार पाने में कठिनाई हो सकती है। इसके अलावा, यह सामाजिक कल्याण और सरकारी संसाधनों पर भी अतिरिक्त बोझ डालता है। यह कामकाजी अवसरों, स्वास्थ्य, शिक्षा और सार्वजनिक सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, जिससे सामान्य नागरिकों के लिए संसाधनों की कमी हो सकती है। अवैध घुसपैठ से देश की सुरक्षा प्रणाली पर दबाव पड़ सकता है।

- अंकित सोनी, मनावर, मप्र

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

कबीरधाम जिले की पांच सिंचाई योजनाओं के भू-अर्जन के लिए 53 करोड़ 95 लाख रूपए की राशि राज्य शासन से मंजूर

42 ग्रामों के 716 किसानों की 149.229 हेक्टेयर भूमि का होगा अधिग्रहण, सर्वेक्षण पूरा

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में पांच सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत भू-अर्जन प्रकरणों के निराकरण के लिए राज्य शासन से 53 करोड़ 95 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। जल संसाधन विभाग द्वारा इन योजनाओं के लिए ई-कुबेर के माध्यम से 80 प्रतिशत राशि जमा कर दी गई है। इन योजनाओं के तहत जिले के 42 ग्रामों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है, जिसमें 716 किसान प्रभावित होंगे और 149.229 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भू-अर्जन प्रकरणों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण के लिए एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी तथा जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ और सब-इंजीनियरों को निर्देशित किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सभी आवश्यक दस्तावेजों और रिकॉर्ड के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित हो। कलेक्टर ने पटवारियों को विशेष रूप से बस्ते के साथ बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से जिले में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा और किसानों को उनकी कृषि भूमि पर बेहतर उत्पादन का अवसर मिलेगा। भू-अर्जन प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए गए हैं।

जिले की इन पांच सिंचाई परियोजनाओं में 42 ग्रामों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है, जिसमें 716 किसान प्रभावित होंगे और 149.229 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इन परियोजनाओं में घटोला जलाशय, जगमड़वा जलाशय, बड़ौदा खुर्द जलाशय, रामपुर बरेंडा व्यपवर्तन और हॉप नदी व्यपवर्तन योजना शामिल हैं। घटोला जलाशय परियोजना के अंतर्गत तीन ग्रामों के 26 किसान प्रभावित होंगे, जिनकी 8.472 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें ग्राम घटोला, सराई पतेरा और नवागांव शामिल हैं। जगमड़वा जलाशय परियोजना के अंतर्गत 15 ग्रामों के 286 किसान, 67.79 हेक्टेयर भूमि, बड़ौदा खुर्द परियोजना में 13 ग्रामों के 205 किसान, 44.260 हेक्टेयर भूमि, रामपुर बरेंडा जलाशय में दो ग्रामों के 56 किसान, 5.786 हेक्टेयर भूमि और हॉप नदी व्यपवर्तन योजना में 9 ग्रामों के 141 किसान, 22.920 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अर्जन आर.बी. देवांगन ने बताया कि राज्य शासन से इन पांचों सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत भू-अर्जन के लिए 53 करोड़ 95 लाख रूपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है और जल संसाधन विभाग द्वारा ई-कुबेर के माध्यम से यह राशि जमा कर दी गई है।

वाजपेयी के 100वीं जयंती पर किया गया अटल परिसर का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत चिखलाकसा में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 100वीं जयंती का कार्यक्रम नगर पंचायत चिखलाकसा वार्ड क्र 03 के पुष्पवाटिका में अटल परिसर भूमिपूजन का कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से किया गया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की फोटो पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के द्वारा वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। नगर पंचायत चिखलाकसा वार्ड क्र 03 अटल वार्ड के पुष्पवाटिका में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमिपूजन किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोमेश साहू उपस्थित थे। उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु बर्तन बैंक की घोषणा की गयी जिसके अंतर्गत किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम हेतु थाली, गिलास, निःशुल्क दिया जायेगा। जिससे डिस्पोजेबल बर्तनों की उपयोगिया कम होगी जिससे पर्यावरण की सुरक्षा व गाय-माता की रक्षा होगी। कार्यकम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला व सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण किया सभी अतिथियों द्वारा पुष्पवाटिका में सफाई अभियान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य मुख्य अतिथि सोमेश साहू, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष भिखी मसिया, विशेष अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम सैययद , किसान मोर्चा अध्यक्ष मितेन्द्र वैष्णव, पार्षद वार्ड क्र.03 ताराचंद पाथोडे, पूर्व उपाध्यक्ष भरत भाई पटेल व विजय डड़सेना, पार्षद वार्ड क्र.13 विमला जैन, पार्षद वार्ड क्र.11 लीला डड़सेना, पार्षद वार्ड क्र.10 सुनीता गुप्ता, प्रदेशसह-सोशल मिडिया प्रभारी हितेश मेश्राम, पूर्व पार्षद वार्ड लता पाथोडे, विरेंद्र पासवान, तुलसी सिन्हा, शंकर साहू एवं नगर पंचायत चिखलाकसा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, उपभियन्ता राकेश कुमार पाठक, मंच संचालन का कार्यभार जी.आर.सोरी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम समस्त कर्मचारीगण एवं समस्त नगरवासी उपस्थित थे।

नगर पालिका के आम निर्वाचन के लिए सूचना प्रकोष्ठ का गठन

कवर्धा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन को सुचारू, पारदर्शी और प्रभावी रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सूचना प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ जिला कार्यालय में स्थापित किया गया है। सूचना प्रकोष्ठ का संचालन उप जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में किया जाएगा। इसमें जिला सांख्यिकी अधिकारी और जिला जनसम्पर्क अधिकारी भी शामिल होंगे। यह प्रकोष्ठ निर्वाचन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी का संकलन, विश्लेषण और सम्प्रेषण करेगा। सूचना प्रकोष्ठ दूरभाष क्रमांक 07741-232038 हैं।

राशनकार्ड नवीनीकरण की समय–सीमा 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाई गई

कवर्धा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण अब 28 फरवरी 2025 तक किया जा जाएगा। जिले में प्रचलित राशनकार्डों में से 10,059 राशनकार्डों का नवीनीकरण बाकी है, जिसे समय-सीमा के भीतर शीघ्र नवीनीकरण किया जाएगा। जिला खाद अधिकारी सचिन मरकाम ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन राशनकार्डों का नवीनीकरण बाकी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर नवीनीकरण किया जाए। इसके बाद, नवीनीकरण किए गए राशनकार्डों का वितरण संबंधित विकासखण्ड स्तर, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय और वार्ड स्तर पर किया जाएगा, ताकि लोगों तक राशनकार्ड की सही समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

बेमेतरा सोसायटी अध्यक्ष दोहाई वर्मा ने किया कार्यभार ग्रहण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा के विभिन्न सेवा सहकारी समितियों में प्राधिकृत अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिनमें बेमेतरा विस अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू की अनुशंसा पर भाजपा नेता दोहाई लाल वर्मा को बेमेतरा के सेवा सहकारी समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। कृषि उपज मंडी में नवनियुक्त मनोनीत अध्यक्ष दोहाई लाल का कार्यभार शपथ ग्रहण समारोह रखा गया था, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन क़र शुरुआत किया गया। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया और स्वगात भाषण समिति प्रबंधक विनोद कुमार राजपूत ने किया। इस दौरान विधायक नवनियुक्त अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा नव विधायक साहू का बुके श्रीफल एवं शाल भेटकर स्वागत किया और नवनियुक्त अध्यक्ष मनोनीत होने पर विधायक दीपेश साहू का आभार प्रकट किया। तत्पश्चात स्कुल बालिकाओं द्वारा छत्तीसगढ़िया गाने पर शानदार मनमोहक प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम में शमा बाँधी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कार्यभार शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि साय सरकार किसानों की हितैषी है किसानो का धान एक एक दाना सरकार लेगी और जिले में बेमेतरा सोसायटी को बेहतर सोसायटी माना जाता है । उन्होंने कहा कि किसानो की सोसायटी है हम सब को मिल कर काम करना है। साहू ने कहा की आप सभी के नेतृत्व में सोसायटी निश्चित रूप से विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। आपकी ईमानदारी, कड़ी मेहनत और नेतृत्व क्षमता से क्षेत्र की प्रगति को नया बल मिलेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में सहकारी समिति किसानों और क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य करेगी। आप नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,महेश साहू ,नवनियुक्त अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचूराम साहू, विकाश तंबोली, मोंटी साहू नीलू राजपूत (पार्षद) नरेश साहू, देव राम साहू, युगल देवांगन, धर्मेंद्र साहू, शोभनाथ ध्रुव (पार्षद), लक्ष्मी लहरे (पार्षद), नीतू कोठारी पार्षद, अवध राम साहू, ममता साहू, संतोष वर्मा, साधेलात बघेल, राकेश मोहन शर्मा, लक्की साहू, मीनू पटेल, ओमेश्वरी साहू देवनाथ पालकी, भगवान वर्मा, मदन वर्मा,नरेंद्र गुप्ता, बल्लू साहू, शेखर वर्मा, राकेश वर्मा, भानू साहू, फेरू वर्मा दशरथ साहू, हेमू साहू, बच्छन वर्मा सहित क्षेत्र के किसान साथी भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता गण समिति के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाने तथा स्कूलों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं को पिछले शिक्षा सत्र की तुलना में और अधिक बेहतर बनाने हेतु विकासखण्डवार निर्धारित किए गए कार्य योजना के संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को इसके लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, सहायक परियोजना अधिकारी राजीव गांधी शिक्षा मिशन अनुराग त्रिवेदी सहित बीईओ, बीआरसी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से अपने-अपने विकासखण्डों में पिछले शिक्षा सत्र में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणामों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से पिछले शिक्षा सत्र की तुलना में मौजूदा शिक्षा सत्र के परीक्षा परिणाम को और अधिक बेहतर बनाने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को कमजोर परीक्षा परिणाम वाले शालाओं को चिह्नांकित कर इन शालाओं के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से त्रैमासिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के परिणाम के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम को बेहतर बनाने हेतु जनवरी में आयोजित की जाने वाली प्री बोर्ड परीक्षा के आयोजन के तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को प्री बोर्ड परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु स्कूलों में शिक्षकों और पालकों के व्हाट्सएप्प ग्रुप के निर्माण के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने सभी शालाओं में कैरियर कांउसलिंग आयोजित करने तथा शिक्षकों की कमी वाले शालाओं में स्वेच्छा से सेवा देने के इच्छुक सेवानिवृत्त शिक्षकों तथा पढ़े-लिखे नवयुवकों की भी अध्यापन कार्य के लिए सेवा लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्कूलों में अध्यापन हेतु स्वेच्छा से सेवा देने के इच्छुक व्यक्तियों को प्रेरित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक के स्कूली विद्यार्थियों के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य की प्रगति के अलावा विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों की अद्यतन की जानकारी, स्कूलों में मध्याह्न भोजन के संचालन की सुचारू व्यवस्था, स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन की समुचित व्यवस्था, पेंशन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, शिक्षा के अधिकारी अधिनियम का समुचित क्रियान्वयन, विभिन्न निर्माण कार्यों के अद्यतन जानकारी, आंकलन शिविर के आयोजन की तैयारी तथा उल्लास कार्यक्रम के अद्यतन स्थिति आदि की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों ने पिछले शिक्षा सत्र में अपने-अपने विकासखण्डों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परीक्षा परिणाम तथा वर्तमान शिक्षा सत्र के परीक्षा परिणाम के लिए निर्धारित लक्ष्य तथा उसे हासिल करने हेतु बनाए गए रणनीति के संबंध में जानकारी दी।

आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विघालय में वीर बालक दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सहायक संचालक सुखसागर प्रसाद कोसले ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में महत्व पर अपनी बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहायक जिला परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा ने वीर बाल दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों में दृढ़ निश्चय, वीरता और साहस की भावना जागृत करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है, उन्होंने वीर साहबजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के बलिदान की कहानी को विस्तार से बताया। संस्था प्राचार्य कविता बाचपेयी ने विद्यार्थियों से वीर साहिबजादों के जीवन के आदर्शों पर चलने और अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई, साथ ही कविता पाठ और भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता प्रमोद ठाकुर ने किया। इस अवसर पर एपीसी भूपेंद्र साहू, संस्था के

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की नई समय-सारणी जारी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र के परिपालन में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के तहत जिला पंचायत के सदस्य, जनपद के अध्यक्ष, सदस्य और ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच पदों के आरक्षण की कार्यवाही के लिए पहले जारी की गई समय-सारणी को संशोधित कर नवीन समय-सारणी जारी की गई है। पूर्व में 23 दिसम्बर 2024 को जारी की गई आम सूचना के अनुसार आरक्षण की कार्यवाही 28 दिसम्बर 2024 से 29 दिसम्बर 2024 तक निर्धारित थी, लेकिन अब छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नवीन समय-सारणी के तहत आरक्षण कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। पंचायत विभाग के प्रमुख सचिव ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के आरक्षण कार्यवाही की नई समय-सारणी जारी की है। जारी सूची के अनुसार जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के आरक्षण की कार्यवाही एवं सूचना का प्रकाशन 03 जनवरी 2025 को कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु सूचना का प्रकाशन 08 जनवरी से 11 जनवरी 2025 तक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की जानकारी प्रेसित करने का कार्य 10 जनवरी 2025 को कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूचना का प्रकाशन 03 जनवरी 2025 को संचालक पंचायत द्वारा किया जाएगा। 11 जनवरी 2025 को आरक्षण की जानकारी संचालक पंचयात द्वारा प्रेसित की जाएगी।

विभिन्न विकासखंडों में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिले के विभिन्न विकासखण्डों में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा 30 एवं 31 दिसंबर तथा 02 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केंद्र ने बताया कि इसके अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में 30 दिसंबर, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डी में 31 दिसंबर तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में 02 जनवरी 2025 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी एवं आठवी निर्धारित की गई है। सिक्यूरिटी गार्ड केवल पुरूष के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं एवं बारहवीं निर्धारित की गई है। इसी तरह सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता बारहवीं या ग्रेजूएट पास निर्धारित की गई है। इसी तरह महिला सिक्यूरिटी गार्ड के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी, आठवी पास निर्धारित की गई है। इस पद हेतु आयु सीमा 20 से 40 वर्ष एवं कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, भिलाई एवं राजनांदगांव रहेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के पदों के आरक्षण की समय–सारणी में संशोधन हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन वर्ष 2024-25 के तहत त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के पदों के आरक्षण की कार्यवाही हेतु पूर्व में जारी समय-सारणी को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय (महानदी भवन) रायपुर से संशोधित कर नवीन समय सारणी कर दी गयी है। नवीन समय-सारणी अनुसारः जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु सूचना का प्रकाशन 03.01.2025 (शुक्रवार) को किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही एवं अधिसूचना का प्रकाशन 08.01.2025 (बुधवार) से 10.01.2025 (शुक्रवार) होगा। जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की जानकारी 10.01.2025 (शुक्रवार) प्रेषित किया जाना। उक्त सभी कार्य का निष्पादन कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। वही संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूचना का प्रकाशन 03.01.2025 (शुक्रवार) को और आरक्षण की कार्यवाही एवं जानकारी 11.01.2025 (शनिवार) प्रेषित करने की कार्रवाई की जाएगी।

एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने राजपत्रित अधिकारी शाखा प्रभारी व सहायक की बैठक में दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने राजपत्रित अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शाखा प्रभारी व सहायक की बैठक ली। जिसमें उन्होने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा कि जनता ही सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा, कार्यालय में आम जनमानस शिकायत/समस्या को लेकर आये तो रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी समस्या को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा शाखा के रिकार्ड को व्यवस्थित ढंग से वर्षवार रखने तथा कार्यालय के शाखाओं में लंबित शिकायत / जांच, लंबित स्थायी/ गिरफ्तारी, संमस वारंट, लंबित मोटर वारंट, मेडिकल बिल, यात्राभत्ता, सिक, अवकाश, गैरहाजिर प्रकरण, माननीय सर्वोच्च न्यायालय से प्राप्त जवाबदावा, लंबित गुम इंसान, लंबित पेंशन एवं अन्य फर्मो से प्राप्त लंबित बिल आहरण/ भुगतान करने, वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायत/पत्रों एवं शाखाओ में विभागीय पेंडिग शिकायत जांच व पत्रों की शीघ्र निकाल करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तथा जमीन संबंधी प्रकरण / शिकायत पर तत्काल राजस्व विभाग को वैधानिक कार्यवाही हेतु पत्राचार कर निराकरण करने तथा समस्त शाखा प्रभारियों को वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायत/जांच एवं पत्रों का अवलोकन कर सही समय पर जानकारी भेजने के निर्देश दिए। वरिष्ठ कार्यालयों से वेब पोर्टल के माध्यम से ऑन लाईन प्राप्त शिकायत की जानकारी लेकर जल्द से जल्द निराकरण करने निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी राजेश कुमार झा, मुख्य लिपिक उप निरीक्षक (अ) हरिओम विश्वकर्मा, उप निरीक्षक (अ) प्रदीप देशमुख, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, प्रधान आरक्षक राजीव शर्मा, डीएसबी शाखा से प्रधान आरक्षक नवनीत दुबे सहित अन्य शाखा प्रभारी व सहायक उपस्थित रहे।

50 साल पूर्व महाविघालय को दान में मिली 50 एकड़ भूमि का उच्च शिक्षा विभाग नहीं कर रही है कोई उपयोग

महाविघालय के सेवा निवृत प्राचार्य ने शासन से जमीन पर कृषि महाविघालय खोलने का किया मांग

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com


डॉ.ए.आर.बंजारे, सेवानिवृत्त प्राचार्य, शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद
स्थायी पता-मु.पो. बाजा-शिवरीनारायण, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग) पिन कोड-495557

क्रमांक 05.19 दिनांक 25.12.2024

प्रतिष्ठा में,
माननीय ओमप्रकाश चौधरी जी
मंत्री-वित्त,वाणिज्यिक कर,आवास एवं पर्यावरण,
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग,छ.ग. शासन
प्रभारी मंत्री- जिला जांजगीर चाम्पा, छ.ग शासन,रायपुर.

विषय:- शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय, खरौद की ग्राम खोरसी स्थित भूमि पर कृषि महाविद्यालय/कृषि शोध विज्ञान केन्द्र स्थापित किये जाने हेतु निवेदन.

माननीय महोदय,
उपरोक्त विषयांतर्गत, ग्राम खोरसी- प.ह.नं. 0019, रा.नि.मं. राहौद, तहसील पामगढ़ में शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद को दान में मिली 50.40 एकड़ खेतिहर भूमि पर बेजाकब्जा कर ग्राम खोरसी के ही गोंड़ (सबरिया) किसानों के द्वारा अनेक वर्षो से उपार्जन लाभ लिया जा रहा है. प्रथमार्थ पद पर रहते हुए मैंने दिनांक 05.11.2015 को आपको अवगत कराते हुए 50.40 एकड़ की उक्त भूमि को शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय के नाम पर पामगढ़स्थित- दुरुस्तीकरण कराये जाने हेतु जांजगीर में आपके कलेक्टर रहते आपके समक्ष व्यक्तिशः उपस्थित होकर इससे पत्र दिया था. आपने पत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त भूमि को राजस्व रिकार्ड में "शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद" के नाम पर दुरुस्त करवाया था.
महोदय जी, मैं दिनांक 30.06.2020 को सेवानिवृत्त हो चुका हूँ, मेरी आपसे विनम्रतापूर्वक यह प्रार्थना है, कि, खोरसी स्थित महाविद्यालय की उक्त 50.40 एकड़ भूमि पर कृषि महाविद्यालय/कृषि विज्ञान शोध केन्द्र स्थापित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करे, ताकि, इससे क्षेत्र के हजारों लुप्तक एवं विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें.
उक्त कार्य के लिए समूचे पामगढ़ विधानसभा क्षेत्रवासी सदैव आपके आभारी रहेंगे।
संलग्न दस्तावेज आपके सादर अवलोकन हेतु.
भवदीय,
(डॉ.ए.आर.बंजारे)

अनादि सर्व सहायता मानवाधिकार फेडरेशन के राष्ट्रीय संरक्षक व शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद के सेवानिवृत प्राचार्य व स्थानीय प्रबुद्ध डॉक्टर ए.आर. बंजारे ने 25 दिसंबर 2024 को भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के दिवस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री और जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश चौधरी को पत्र भेजकर यह मांग दोहराई है, कि, खरौद कॉलेज की ग्राम खोरसी स्थित लगभग 50 एकड़ से अधिक की सन् 1965 में प्राप्त दान की भूमि पर कृषि महाविद्यालय/ कृषि शोध विज्ञान केंद्र की स्थापना की जाए। विदित हो, कि, सन 1965 में लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद की स्थापना के समय ग्राम खोरसी के भूतपूर्व मालगुजार भूमि दानी बद्रीनाथ दुबे ने अपनी 50 एकड़ की भूमि कॉलेज के उन्नयन के लिए सहयोग स्वरूप दान में दे दी थी। इस जमीन का उनका उद्देश्यपूर्ण उपयोग आज तक नहीं हो सका है तथा ग्राम खोरसी के गोंड़ (सबरिया) लोग बेजा तरीके से बोते-खाते आ रहे हैं। गौरतल है कि लगभग 10 वर्ष पूर्व महाविद्यालय के तत्कालीन प्राचार्य डॉक्टर ए.आर. बंजारे ने उक्त भूमि का नामांतरण करने के लिए जांजगीर के तत्कालीन कलेक्टर रहे ओमप्रकाश चौधरी को पत्र देने प्रत्यक्ष भेंबटकर उनके कार्यालय में वस्तु स्थिति से उन्हें अवगत कराने गए थे। प्राचार्य की चर्चा से वस्तु स्थिति से अवगत होकर चौधरी ने प्रकरण को टी.एल. (समय सीमा) में कार्यवाही संबंधी टीप देकर पामगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी और प्रमुख तहसीलदार को 18.11.2014 को पत्र प्रेषित किया था। उक्त जमीन को पामगढ़ तहसीलदार ने समय सीमा के भीतर खरौद कॉलेज के नाम पर दुरुस्त कर दिया था। स्वर्गीय दानदाता की मंशा के अनुरूप जमीन का सदुपयोग हो, इसके लिए प्राचार्य डॉक्टर बंजारे ने 08.06.2020 को शासन स्तर पर पत्राचार कर कृषि महाविद्यालय/ कृषि शोध विज्ञान केंद्र खोले जाने की मांग की थी। कई बार की लिखा-पढ़ी के बाद भी प्रकरण को आज पर्यंत तक ठंडे बस्ते में डाल रखा गया है। सेवानिवृत प्राचार्य ने दिनांक 25 दिसंबर 2024 को पंजीकृत डाक से वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी को पुनः पत्र प्रेषित कर यह मांग की है, कि, महाविद्यालय की भूमि के उपयोग के संबंध में कार्यवाही की जावे। अब देखना है, कि, खोरसी स्थित कॉलेज की भूमि के सदुपयोग के संबंध में मांग कार्यवाही पूर्ण होती है, कि, नहीं?

वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस समारोह ग्राम पंचायत बाला में धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस समारोह ग्राम पंचायत बाला में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम मनेंद्रगढ़ के जिला अध्यक्ष गणेश अग्रवाल, प्रांत कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह, आरोग्य योजना के कार्यकर्ता रामकेशवर, प्रसिद्ध लाल सहित आसपास के सभी ग्रामों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। समारोह का प्रारंभ गणेश अग्रवाल द्वारा आश्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए हुआ। उन्होंने वनवासी समाज के उत्थान के लिए आश्रम के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और समाज के हर वर्ग को संगठित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह ने भी अपने संबोधन में वनवासी समाज के अधिकारों की रक्षा और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं सामाजिक विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान प्रान्त कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वनवासी समाज के उत्थान के लिए आश्रम द्वारा किए जा रहे कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से अपील की कि वे वनवासी समाज की प्रगति के लिए आगे आएं और समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा दें। शुक्ला ने यह भी कहा कि समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए एक ठोस नीति बनानी होगी, और इसके लिए आश्रम के कार्यकर्ताओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने वनवासी कल्याण आश्रम की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने और उनके लाभ को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने के लिए सभी को एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक और स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिनमें आरोग्य योजना प्रमुख रही। इसके अंतर्गत, लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं और निःशुल्क उपचार की सुविधाएं प्रदान करने का वचन दिया गया। आस-पास के ग्रामों से आए लोगों ने इस समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और वनवासी कल्याण आश्रम के प्रयासों को सराहा। इस दौरान, कुछ प्रमुख कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने वनवासी समाज की सेवा में उल्लेखनीय कार्य किए। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। यह समारोह समाज में जागरूकता फैलाने और वनवासी समुदाय के सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

4729 अप्रारंभ पीएम आवास का सुशासन दिवस पर किया गया भूमि पूजन, सभी के निर्माण कार्य का एक साथ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिले में नई पहल करते हुए पीएम आवास निर्माण एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह को लिंक करने का कार्य किया जा रहा है। इस पहल के तहत पीएम आवास निर्माण में शटरिंग प्लेट की आवश्यकता को पूरी करने की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह की दीदियों को दी गई है ताकि इन समूहों द्वारा सामान की आपूर्ति कर अपनी आय अर्जित किया जा सके। इसके लिए प्रारंभिक स्तर पर जानकी स्वयं सहायता समूह को, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) द्वारा 100 शटरिंग प्लेट (लोन के माध्यम से) उपलब्ध कराया गया है। जिसका उद्देश्य स्व सहायता समूह की दीदियों को निर्माण के क्षेत्र में आगे लाना है। गौरतलब है कि विगत 25 दिसंबर सुशासन दिवस के अवसर पर जिला सूरजपुर के रामनगर में आयोजित कार्यक्रम में अप्रारंभ प्रधानमंत्री आवास का, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधि विधान से भूमिपूजन कराया गया, इसके साथ ही जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में एक साथ 4729 आवासों के निर्माण कार्य का शुभारंभ भी हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा इसे शीघ्र ही मूर्त रूप देने की दिशा में योजनाबद्ध कार्य योजना भी बनायी गई है, आवास मित्रों के माध्यम से निर्माण कार्य की सतत मॉनीटरिंग की जायेगी। सूरजपुर जिले में 27842 प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये निर्माण संबंधित उत्पाद की बड़े पैमाने पर आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति करने की जिम्मेदारी जानकी स्वयं सहायता समूह सहित अन्य समूहों को दी गई है जिसके अंतर्गत 312 सेट शटरिंग प्लेट के माध्यम से समूह की महिलाएं आवास निर्माण में सहयोग कर रही हैं। गौरतलब है कि पीएम आवास के अलावा भी समूह की दीदियां शटरिंग प्लेट को अन्य जगहों जहां भी निर्माण कार्य चल रहा है वहां भी किराए पर दे सकती है। प्रति शटरिंग प्लेट 05 रुपये की राशि प्रति दिन के लिये निर्धारित की गई है। जो निस्संदेह उन्हें आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए अपना योगदान देगी। शटरिंग प्लेट के नवाचार से शासन की योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वन करने के लिए न केवल बेहतर विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं बल्कि इससे महिलाओं को एक ऐसे सफल व्यवसाय से जोड़ा जा रहा है जो उन्हें लखपति दीदी की श्रेणी में शीघ्र स्थापित करेगा।

वार्ड क्रमांक 12 में सीसी रोड का हुआ भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्र शक्ति के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 में प्रखर पब्लिक स्कूल से बाबूलाल घर तक सीसी रोड का भूमि पूजन वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद विजया लखन देवांगन ने किया, इस अवसर पर जहां काफी संख्या में मोहल्ले वासी उपस्थित थे तो वहीं उपरोक्त सड़क निर्माण की मांग वर्षो से की जा रही थी एवं वार्ड पार्षद विजया लखन देवांगन ने मोहल्ले वासियों की समस्याओं को देखते हुए इसे स्वीकृति दिलाई तथा इसका भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर वार्ड पार्षद विजया लखन देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की विष्णु देव सरकार एवं नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव के द्वारा निरंतर सभी शहरी क्षेत्र में विकास के काम तेजी करवाये जा रहे हैं, एवं हमारे वार्ड क्रमांक 12 में भी आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में प्रयास किया जा रहा है, इस अवसर पर मोहल्ले वासियों ने भी वार्ड पार्षद की सक्रियता पर उनका आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर भाजपा नेता एवं भाजपा नगर मंडल शक्ति के महामंत्री गोविंद देवांगन ने कहा कि वार्ड क्रमांक 12 में साल 2019 से विकास के काम काफी तेजी से चल रहे हैं, एवं वार्ड के नागरिकों को छत्तीसगढ़ शासन की समुचित योजनाओं एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है तथा वार्ड में महिलाएं भी महतारी वंदन का लाभ मिलने से काफी उत्साहित हैं।

पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को थाना प्रेमनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

सूरजपुर। ग्राम पिऊरी, थाना रामानुजनगर निवासी रमेश सिंह पिता बनारसी सिंह ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25.12.24 के रात्रि करीब 8-9 बजे उदयराज सिंह के द्वारा अपनी पत्नी लीलावती को खाना नहीं बनाने की बात को लेकर लोहे के राड से मारपीट किया तब उसका लड़का व भतीजा के द्वारा लीलावती को हास्पिटल ले जाने को बोले तो उनको धमका कर ले जाने से मना कर दिया, सुबह लीलावती की मृत्यु हो गई। प्रार्थी की सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त अपराध क्रमांक 138/24 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना प्रेमनगर की पुलिस ने विवेचना कर दबिश देकर आरोपी उदयराज सिंह पिता भूखल सिंह उम्र 40 वर्ष ग्राम नावापाराकला को पकड़ा गया। आरोपी ने पूछताछ पर पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त रॉड जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रेमनगर नीलिमा तिर्की, एसआई मनोज सिंह, महिला प्रधान आरक्षक फुलमति राजवाड़े, आरक्षक बेचूराम सोलंकी, खेलन सिंह, संतोष ठाकुर, बाबुनाथ पोर्ते, हरिशचंद्र दास व बृजेश कासी सक्रिय रहे।

जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर अवैध धान को लेकर की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

विगत दिवस कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर राजस्व, खाद्य विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध धान को लेकर कार्यवाही कर हुए धान जब्त की गई साथ ही अवैध धान मामले पर एक राइस मिल को रीसाइक्लिंग की आशंका पर सील किया गया। गौरतलब है कि जिले में किसानों से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में अवैध धान को लेकर भी जिला प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रहा है ताकि किसी भी प्रकार से अवैध धान की बिक्री धान खरीदी केंद्रों में ना की जा सके। इसी क्रम में राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम ने टुकुड़ांड समिति से 97 बोरी पुराना धान ले जाने की कोशिश पर धान ज़ब्त करने की कार्यवाही करते हुए प्रबंधक के सपुर्द किया गया। साथ धान किसान के पास नहीं होने की सहमति देने के बाद किसान से रकबा समर्पण भी कराया गया। इसके अलावा एक अन्य मामले में बर्बरीक एग्रो प्रतापपुर के द्वारा 240 क्विंटल धान दो गाड़ी में संदेहास्पद स्थिति में पकड़ा गया है। जिले के ग्राम केशवपुर तहसील रामानुजनगर में ट्रक में अवैध धान का परिवहन करते पाए जाने पर 300 बोरी लगभग 120 क्विंटल धान जब्त कर थाना रामानुजनगर को सुपुर्द किया गया। इसके अलावा अवैध परिवहन होते पाए जाने पर रीसाइक्लिंग की आशंका पर जिले के मनोकामना राइस मिल सील किया गया तथा वाहन को धान सहित ज़ब्त दिया गया है।

जनकपुर में किसानों के मुद्दों को लेकर एक दिवसीय धरना

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

जनकपुर में किसानों के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस धरने में किसानों ने कानून व्यवस्था, हरचोका में रेत उत्खनन और अन्य समस्याओं के विरोध में अपना विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि भरतपुर ब्लॉक के सभी सोसायटी और खरीदी केंद्रों में मात्र 13-14 किलो प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी जा रही है, जबकि उनकी मांग 21 किलो प्रति क्विंटल और 3100 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान की है, जैसा कि सरकार ने वादा किया था। पूर्व विधायक कमरो का आरोप है कि किसानों को छला जा रहा है और उनकी अपेक्षाओं के विपरीत भुगतान किया जा रहा है। धरने के दौरान घटई ग्राम में अतिक्रमण हटाने गई टीम के साथ ग्रामीणों और महिलाओं से मारपीट की भी घटना सामने आई। इसके अलावा, हरचोका में रेत के अवैध उत्खनन की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेत ठेकेदारों द्वारा उन्हें धमकाया गया है। इस पर पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की मांग की गई। धरने में प्रमुख रूप से अशोक श्रीवास्तव, रविप्रताप सिंह, रामप्रकाश मानिकपुरी, अवधेश सिंह, उपेंद्र त्रिवेदी, संजू गुप्ता, रामू सिंह, विनीत सिंह, देवेंद्र, अमर सिंह, आनंद, संदीप त्रिवेदी, बीरभान, छोटेलाल वर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख नेताओं ने किसानों के हक में आवाज उठाई और सरकार से उनके अधिकारों की रक्षा करने की मांग की। इस बीच, मवई नदी पर जब पूर्व विधायक गुलाब कमरो पहुंचे, तो रेत माफिया पॉक्लेन मशीन लेकर एमपी सीमा में भाग गए। यह धरना किसानों के हक में एक मजबूत आवाज़ बने और आगे के कदमों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

खरौद महाविद्यालय में वीर बालदिवस का आयोजन संपन्न हुआ

शिवरीनारायण। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद जिला जांजगीर में वीर बालदिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बौद्धिक परिचर्चा के आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.सी.भारद्वाज ने शहीद गुरु गोविंदसिंह को स्मरण करते हुए समाज के योगदान में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्य की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना से लेकर उनके दशवें गुरु के रूप में कार्य और 21 दिसंबर 1708 से लेकर 27 दिसंबर 1708 के मध्य मात्र एक सप्ताह में उनके पूरे खानदान की शहीद होने का उल्लेख कर गुरुग्रंथ की रचना में उनके योगदान और पंचप्यारे सहित पंचककार की विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. जी.एन. भतपरे ने भी संबोधित किया। प्रो. सी.बी. भैना ने कार्यक्रम का सफल संचालन और आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान महाविद्यालय के तुमन लाल साहू, शंकर लाल कर्ष, महेंद्र श्रीवास, शर्मिला बंजारे और सुमित्रा यादव सहित महाविद्यालय के बहुत से छात्र/ छात्राएं उपस्थित रहे।

नि-क्षय सूरजपुर के लिए अंतर विभागीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

नि-क्षय निरामय कार्यक्रम के अंतर्गत अन्तर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन लेप्रा सोसाइटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में स्टेक होल्डर्स का सेंसटाइजेशन एवं एसीएफ, 100 दिवसीय कैंपिंग में शिविर केवीपी मेपिंग अन्य स्वास्थ्य संबंधी सुझाव डाटा लिया जा सके जिसमें शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खनिज विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मितानिन कार्यक्रम, पिरामल फाऊंडेशन आदि संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आर एस सिंह महासचिव इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लिए सामुदायिक सहभागिता अति आवश्यक है। जिसके लिए विभिन्न विभागों से तालमेल और बेहतर समन्वय बनाने की आवश्यकता है। जो भी विभाग अपनी आंतरिक बैठक करता है उसमें टीबी मुक्त पंचायत के मापदंडों पर अवकाश चर्चा करें इससे सम्भावित टीबी पेसेंटों की पहचान करने में सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ कपिलदेव पैकरा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि टीबी हारेगा देश जीतेगा इसके लिए सभी विभागों का समन्वय होना अति आवश्यक है। जनभागीदारी जितना बढ़ेगा उतनी अधिक सफलता मिलेगी। विभाग के द्वारा क्रियान्वित गतिविधियों को सभी गम्भीरता से लेते हुए कार्य करना है। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अतिथि लता बेक संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग ने कहा कि टीबी की बिमारी संक्रमण से फैलती है और इस संक्रमण से बचने के लिए हमें अपने पड़ोस पर ध्यान देना होगा। पड़ोसी खांसता है तो उसका जांच जरूर करवाएं। डॉ प्रिंस जायसवाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने कहा कि टीबी मुक्त भारत की समीक्षा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ जे पी नड्डा स्वयं कर रहे हैं । आप सोच सकते हैं कि यह कार्यक्रम कितना महत्वपूर्ण है। टीबी मुक्त सूरजपुर के लिए हमें पूरी तन्मयता के साथ कार्य करना होगा। नि क्षय निरामय कार्यक्रम के तहत सौ दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सभी को सहयोग करना है। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ जे एस आर सरूता ने कहा कि हम एक कार्यो योजना बना कर कार्य करना होगा। अपने समय का किमत समझे एक पल भी बेकार न जाने दें। लेफरा सोसायटी के राज्य कार्यक्रम परियोजना विशेषज्ञ सूरज बघेल ने कहा कि हाई रिस्क कम्यूनिटी, हाई रिस्क एरिया का पहचान कर उक्त क्षेत्र में विशेष फोकस करने की आवश्यकता है। जैसे नशीले पदार्थ का सेवन करने वाले लोग अथवा समुदाय, खनिज, फैक्ट्री क्षेत्र, आदि। जिला क्षय उन्मूलन केन्द्र के संजीत कुमार ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर भी अन्तर विभागीय बैठक का आयोजन हो और समीक्षा हो, नि-क्षय दिवस के महत्व को बारम्बार बताएं, जन आरोग्य समिति बैठक में टीबी का चर्चा करना है। कार्यक्रम का संचालन पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक राज नारायण द्विवेदी ने किया। सुरेश कुमार गुप्ता जिला कुष्ठ सलाहकार ने कहा कि टीबी के साथ साथ कुष्ठ रोगियों का भी पहचान कर चिन्हांकन करें। आभार प्रदर्शन रितेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में खण्ड़ चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत, जनेश्वर सिंह खण्ड़ कार्यक्रम प्रबंधक सखन राम आयाम, सुभाष यादव, निलेश दुबे, कविता गुप्ता, कविर सिंह, राम विलास सिंह,निरेश दुबे मदनलाल, पीएन साहु, वंदना जायसवाल अर्चना कुशवाहा, आसमां खान गोविंद राम, सुखमनीया प्रजापति, पार्वती नाविक फूलमती यादव आदि उपस्थित रहे।

आयुष्मान वय वंदना योजना : घर-घर पहुंच रहे स्वास्थ्य कर्मी, कैंप लगाकर बना रहे कार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ में 70 वर्ष या अधिक उम्र के बुजुर्ग व्यक्तियों के आयुष्मान वय वंदना योजना के कार्ड बनाने के लिए पूरे जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए कैंप लगाए जा रहे है, स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क कर हितग्राहियों की जानकारी जुटा कर कार्ड बनाने का काम भी जारी है। आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हितग्राहियों को प्रति व्यक्ति 5 लाख रुपए तक निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने मार्गदर्शन में जिले में आयुष्मान वय वंदना योजना के कार्ड निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में योजना के अंतर्गत कार्ड निर्माण किया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी देते हुए सीएमएचओ डॉ बी के चंद्रवंशी ने बताया कि पूरे जिले के लिए 135 टीमें बनाई गई हैं। 101 टीम ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत हैं। 34 टीमों को शहरी क्षेत्रों का जिम्मा दिया गया है। हर ब्लॉक के लिए प्रतिदिन 5-5 गांवों का रूट चार्ट बनाया जाता है। प्रतिदिन मुख्यालय स्तर से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है।

70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हर वृद्धजन को मिलेगा 5 लाख तक नि:शुल्क उपचार का लाभ

शासन के निर्देशानुसार 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। जिले के जनसामान्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेडिकल कालेज रायगढ़, जिला अस्पताल रायगढ़, एमसीएच रायगढ़, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित होकर 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवा सकते है।

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए लगेंगे ये दस्तावेज

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के बनवाने के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड (फोटोयुक्त अन्य कोई भी शासकीय पहचान पत्र) एवं मोबाइल नंबर लगेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी या किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्प लाईन नंबर 104 या जिला स्तर पर हेल्प लाईन नंबर 9755891322 पर संपर्क कर सकते है।

स्कूल खुलने से 962 विद्यार्थियों को मिला शिक्षा का अधिकार

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन की अभिनव पहल स्कूल चले अभियान के फलस्वरूप सरकार के गठन के एक वर्ष के भीतर जिले में 28 पुनः संचालित शालाओं में 962 नये विद्यार्थियों ने प्रवेश लेकर शिक्षा की मुख्यधारा को अपनाया है। इन स्कूलों में 12 स्कूल अतिसंवेदनशील माओवाद ग्रसित इलाकों के हैं जहाँ 20 सालों से स्कूल की गतिविधियां पूरी तरह से बंद थी। इन इलाकों में स्कूल खोलकर जिला प्रशासन ने स्थानीय बेरोजगारों को शिक्षादूत के रूप में नियुक्ति कर नई शुरुआत की है तथा बच्चों को बुनियादी सुविधाओं के साथ शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई है। कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार के प्रयासो से बीजापुर के अंदरूनी गांव में अब विकास की बयार और शिक्षा की किरण पहुंचने लगी है। कावडगांव, मुदवेन्डी, डुमरीपालनार, हिरोली, हिरामगुण्डा, कुरूष, ईसुलनार जैसे गांव में अब गोलियों की गुंज और बारूद के धमाके की दहशत को तोड़कर क, ख, ग, घ की आवाज सुनाई देने लगी है। स्कूल की घंटी बजते ही आकर्षक वेशभूषा में स्कूल की ओर दौड़ते बच्चें बदलते बीजापुर की कहानी गढ़ रहे हैं। चालू शिक्षा सत्र में स्कूल चले अभियान के तहत जिले में 28 बंद स्कूलों को पुन संचालित कर 962 बच्चों को स्कूल से जोड़ने में जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग सफल हुआ है। इन स्कूलों में नये भवन निर्माण की कार्यवाही प्रारंभ की गई है जो आगामी शिक्षा सत्र के पूर्व बच्चों के लिए सुलभ हो जायेगी। शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की नई पहल निपुण बीजापुर को विद्यार्थियों के बीच काफी समर्थन मिल रहा है। निपुण बीजापुर कार्यक्रम से गांव-गांव के स्कूलों में गीत, कविताओं और खेल-खेल की गतिविधियों के माध्यम से एफएलएन के लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के 777 प्राथमिक और 201 माध्यमिक शालाओं में निपुण बीजापुर के लिए शिक्षको को प्रशिक्षित कर गतिविधि आधारित बालक केन्द्रीत शिक्षा सभी 96 संकुलों में संचालित की जा रही है। पाठ आधारित गतिविधियों को सहायक शिक्षण सामग्री एवं स्वयं की गतिविधियों से शिक्षक कक्षाओं में आयोजित कर बच्चों को रोचक शिक्षा से जोड़कर बुनियादी दक्षता को विकसित करने कार्य कर रहे है। छोटे-छोटे विडियों क्लिप्स बनाकर शैक्षणिक गतिविधियों को संकुल तथा ब्लॉक स्तर पर प्रसारित कर शैक्षणिक वातावरण को रोचक और आसान बनाते हुए बच्चों का रूझान कक्षाओं की तरफ बढ़ाया गया है। इस कार्यकम से जहां बच्चों के सीखने की उपलब्धि के स्तर में वृद्धि हो रही है वही दर्ज संख्या के अनुपात में औसत उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में डॉ. रश्मि कुमार की नियुक्ति की गई

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में डॉ. रश्मि कुमार की नियुक्ति की गई। विगत कई वर्षों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ का सोनोग्राफी मशीन एवं सिजेरियन की सुविधा बंद थी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे की नियुक्ति होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में लगातार प्रगति दिखाई दे रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार सोनी के निरंतर प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में पुनः सोनोग्राफी का संचालन प्रारंभ किया गया है। 24.12. 2024 को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत डॉ. रश्मि कुमार के द्वारा 10 ए.एन.सी. सोनोग्राफी किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में पुनः सिजेरियन ऑपरेशन प्रारम्भ किया गया। डॉ. रश्मि कुमार के नियुक्ति दिनांक से आज तक 05 ऑपरेशन किया गया, जिससे कि सभी गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी एवं सिजेरियन की सुविधा प्रदान की जा रही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा लगातार स्वास्थ्य सुविधा में प्रगति के लिये प्रयास किया जा रहा है।

'प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र' का शुभारंभ, सस्ती दवाइयों से स्थानीय जनता को मिलेगी राहत

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तुमगांव में 'प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र' का उद्घाटन किया गया। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराना है, जिससे चिकित्सा खर्च में कमी आएगी और जरूरतमंदों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर और उपाध्यक्ष पप्पू पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके अलावा कार्यक्रम में नगर पंचायत के पार्षदगण और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय निवासियों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध होंगी, जिससे चिकित्सा सेवाओं में सुधार होगा। अतिथियों ने इस पहल को समाज के लिए एक सकारात्मक कदम बताते हुए इसकी सराहना की।

दिव्यागता प्रमाण पत्र/आंकलन शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में कोरबा विकासखण्ड के ग्राम अजगरबहार में दिव्यागता प्रमाण पत्र/ यूनिक आईडी कार्ड आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के आस पास के दिव्यांगजनों का जांच कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। साथ ही व्हील चेयर सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किये गए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

शासकीय विभागों द्वारा टीबी मुक्त भारत का विभागीय स्टाल

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

विगत दिनों जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन ओड़गी ब्लॉक के करौटी (बी) में किया गया। जिसमें जिला कलेक्टर, एसडीएम, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के उच्च अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधी उपस्थित रहे। शासकीय विभागों द्वारा विभागीय स्टाल भी लगाया गया था। विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग से ओमप्रकाश राजवाड़े ने योजनाओं की विधिवत जानकारी दी। इसी क्रम में पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक राज नारायण द्विवेदी के द्वारा टीबी मुक्त भारत, टीबी मुक्त पंचायत के प्रमुख सूचकांक एवं 100 दिवसीय एक्टिव केश फाइंडिंग टीबी का सघन खोज अभियान नि-क्षय निरामय कार्यक्रम की विधिवत जानकारी दिया गया तथा उपस्थित समुदाय से टीबी सम्बंधित वार्ता भी किया। शिविर में पाज़िटिव टीबी पेसेंट का काउंसलिंग, सामुदायिक जनसेवक से भी टीबी का एडवोकेसी किया गया।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भाटापारा में 5 जनवरी को

भाटापारा। लायंस क्लब एवं माहेश्वरी समाज भाटापारा तथा एसएमसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भाटापारा में 5 जनवरी को महेश्वरी भवन मारवाड़ी कुआं के पास किया गया है। जिसमें विभिन्न रोगों की जांच निशुल्क रूप से की जाएगी। इसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश सूर्यवंशी, निःसंतानता एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रज्ञा सूर्यवंशी, पेट एवं यकृत रोग विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार अग्रवाल तथा हडडी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ खरे मौके पर उपस्थित रहेंगे। शिविर का समय दोपहर 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित है। शिविर में हड्डियों के घनत्व की जांच के अतिरिक्त ब्लड टेस्ट, बीपी, शुगर, तथा ईसीजी की जांच की जाएगी। उसके लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन के लिए जयप्रकाश अग्रवाल 9827 1 93836,चंदन सिंह राजपूत 87700 19190, राजेश झवर 91317 53032 पर संपर्क किया जा सकता है।

राजभवन के शिविर में डॉ. अरविन्द नेरल का 125वां रक्तदान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ. अरविन्द नेरल ने राजभवन में संचालित हो रहे रक्तदान शिविर में अपने जीवन का 125वां रक्तदान करके रक्तदान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका एवं राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी की गरिमामय उपस्थिति में डॉ. अरविंद नेरल के रक्तदान से किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, डॉ. एस. बी.एस. नेताम, डॉ. रविकांत दास एवं अन्य चिकित्सा शिक्षक उपस्थित थे। रकतदान प्रोत्साहन के लिये डॉ. अरविन्द नेरल द्वारा प्रकाशित किताब तुम मुझे खून दो राज्यपाल को सप्रेम भेंट की गई। राज्यपाल महोदय ने रक्तदान के क्षेत्र में डॉ. नेरल द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। यह दो दिवसीय रक्तदान शिविर राजभवन के दरबार हाल में चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के पैथोलॉजी विभाग के अंतर्गत संचालित मॉडल ब्लड बैंक के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसमें डॉ. अमित भारद्वाज, डॉ. अविरल मिश्रा और टेक्नीशियनों की सराहनीय भूमिका रही। डॉ. नेरल, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर विभागाध्यक्ष हैं। संभवतः 125 बार रक्तदान करना किसी भी चिकित्सक और शिक्षक के लिए एक रिकार्ड है। वे 23 वर्ष की उम्र से लगातार समय-समय पर रक्तदान करते रहे हैं। रक्तदान करने के अलावा डॉ. नेरल रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने व रक्तदान से संबंधित जिज्ञासाओं और शंकाओं के वैज्ञानिक समाधान के लिये लगातार प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने अनेक रक्तदान शिविरों के आयोजन किये हैं और महाविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं में रक्तदान संबंधित व्याख्यान दिये हैं। समाचार पत्र-पत्रिकाओं, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से भी प्रेरक लेख और साक्षात्कार दिये हैं। मुंबई से प्रसारित विविधभारती के कार्यक्रम सेहतनामा से रक्तदान की महत्वपूर्ण जानकारियों से युक्त उनका एक कार्यक्रम प्रसारित किया गया था, जिसे समय-समय पर पुनः प्रसारित किया जाता रहा है। रक्तदान संबंधित वैज्ञानिक मालूमात, स्लोगन, कहानियों, कोटेशन व कविताओं से सुसज्जित एक किताब तुम मुझे खून दो डॉ. नेरल ने प्रकाशित की है।

रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में स्वर यंत्र के कैंसर का सफल इलाज

गले में स्वर यंत्र कैंसर से पीड़ित सुशील मुण्डा की ऑपरेशन के बाद लौटी आवाज

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के निर्देशन में रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हो रही है, जिससे आमजन लाभान्वित हो रहे है। स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ लगातार अपनी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रयास करते हुए मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर रही है। इस कड़ी में कान, नाक, गला विभाग द्वारा जशपुर निवासी 33 वर्षीय सुशील मुण्डा का डीन डॉ. विनीत जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज के मार्गदर्शन में सफल ऑपरेशन किया गया। उल्लखेनीय है कि जशपुर निवासी 33 वर्षीय मरीज सुशील मुण्डा के लिए यह एक विकट स्थिति थी। वह पिछले दो वर्षों से खाँसी की समस्या से पीड़ित थे और पिछले छः महीनों से उसकी आवाज ने भी उसका साथ छोड़ दिया था। उन्होंने कई जगह ईलाज के पश्चात निराश होकर मेडिकल कॉलेज रायगढ़ पहुँचे। नाक, कान, गला रोग विभाग में विभिन्न तरह की जांच से पता चला वह स्वर यंत्र के कैंसर से पीड़ित है। जिसका इलाज महँगा है और बड़े महानगरों में होता है, किंतु कान, नाक, गला रोग विभाग के विशेषज्ञ सर्जन ने उन्हें आश्वस्त किया कि इसका इलाज मेडिकल कॉलेज में संभव है और विशेषज्ञ सर्जन द्वारा इलाज की विभिन्न प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। रोगी की सहमति के बाद विभिन्न विभागों ने मिलकर सर्जरी की तैयारी की गई। कान, नाक, गला, रोग, विभाग की सर्जन टीम में विभागाध्यक्ष डॉ.जया साहू, डॉ.दिनेश पटेल सहप्राध्यापक, डॉ नीलम नायक सहायक प्राध्यापक, डॉ.आयुषी सिंह, डॉ.अनिल कुमारी, डॉ स्वाति पवार, डॉ.रमेश पटेल, डॉ भावेश साहू, डॉ खुशबू पटेल, निश्चेतना विभाग टीम के विभागाध्यक्ष डॉ.ए.एम.लकड़ा द्वारा जटिल ऑपरेशन को सफलता पूर्वक किया जिसमें मेडिसिन विभाग के सह प्राध्यापक डॉ.जितेन्द्र नायक का भी विशेष सहयोग रहा। ऑपरेशन के बाद कुछ दिनों तक रोगी को आईसीयू में डॉक्टर के निगरानी में रखा गया जहाँ निश्चेतना विभाग, मेडिसिन विभाग, डाइटीशिअन और नर्सेज का सहयोग रहा। आज रोगी पूर्णतः स्वस्थ हैं और उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है।

क्या है टीएलपीपी जाने ईलाज की प्रक्रिया

विशेषज्ञ सर्जन एवं सहप्राध्यापक ईएनटी डॉ.दिनेश पटेल ने बताया कि इस ऑपरेशन का नाम टीएलपीपी (टोटल लेरिंजेक्टमी पार्शियल फेरिंजेक्टमी) है। इसमें पूरा स्वर यंत्र, स्वाँस नली और खाद्य नली का ऊपरी हिस्सा निकाल दिया जाता है, फिर खाद्य नली, स्वाँस नली दुबारा बनाया गया है। मरीज को कुछ दिनों तक आईसीयू मैं रखना पड़ता है। जहां डाइटिशियन की निगरानी में पौष्टिक नियंत्रित आहार दिया गया। बातचीत दुबारा सिखाने के लिए स्पीच थेरेपिस्ट कुमारी विकासलता लकड़ा एवं सृष्टि महाशब्दे द्वारा थेरेपी की गई। अब मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है एवं बोलने में सक्षम हैं। इस ऑपरेशन का निजी अस्पताल में पाँच से छह लाख का खर्च आता है। यह सुविधा रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध हैं। जिसमें मरीज का संपूर्ण जांच एवं इलाज निःशुल्क किया गया।

Public Works Department
Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)

E-Procurement Tender Notice

E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No. 226/TC/EinC/PWD/2024-25 **Dated- 23.12.2024**

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district of **Bijapur, Kanker & Narayanpur** for construction of **04 Bridges** with estimated cost amounting **Rs 1240.71 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 24.12.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 06.01.2025.

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through Speed/ Registered post, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in.

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G-242504911/9

आदिवासी समाज ने शहीद वीरनारायण सिंह जैसे सपूत देकर प्रदेश ही नहीं देश को भी गौरवान्वित किया है : शिवरतन शर्मा

छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति की भावना का संचार किया था

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर के जय स्तम्भ चौक में अमर शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर आदिवासी गोंड समाज मॉवली महासभा सिंगारपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए। समाज के लोगो को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अमर शहीद वीरनारायण सिंह जी का जीवन सबके लिए प्रेरणादायक है। सोनाखान के वीर नारायण सिंह ने जहां गांव, गरीब और किसानों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, वहीं उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम जियें तो देश के लिए और मरे तो भी देश के लिये। शहीद वीरनारायण सिंह ने सोनाखान की धरती में जन्म लेकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 1857 की क्रांति में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था। देश में जब आदिवासी बलिदान की चर्चा होती है तो शहीद वीरनारायण सिंह का नाम सबसे पहले याद किया जाता है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास में छत्तीसगढ़ के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति की भावना का संचार किया। सन् 1856-57 के भयानक अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया और अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। शिवरतन शर्मा ने समाज के लोगो से कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी आर्थिक प्रगति से नहीं बल्कि जागरूकता से होती है, आदिवासी समाज अपनी श्रेष्ठ संस्कृति और उत्कृष्ट परम्परा से पहचानी जाती है। इस समाज ने शहीद वीरनारायण सिंह जैसे सपूत देकर प्रदेश ही नही देश को भी गौरवान्वित किया है। आदिवासी समाज तथा इस समाज के नेतृत्वकर्ताओं ने राजसिंहासन त्यागकर देशहित में अपने प्राणों की आहुति देकर देशवासियों को नया संदेश दिया है। उक्त अवसर पर अध्यक्ष मावली महासभा बंशीलाल नेताम, आशिष जायसवाल, टेकसिंह ध्रुव, तीजराम ध्रुव, पुसउराम ध्रुव, दौलत कुंजाम, कृपा राम ध्रुव, संतोष ध्रुव, अमर मंडावी, नरेश ध्रुव, रिखीराम पोर्ते, सरिता ध्रुव सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

बौद्धिक चर्चा में एसडीओ पुलिस ने अपने पढ़ाई से लेकर अन्य अनुभव को किया साझा

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भौंरादादर में आयोजित हो रहा है। इस शिविर के बौद्धिक चर्चा का अंतिम दिवस का शुभारंभ प्रातः काल योगा एवं प्राणायाम अभ्यास के साथ शुरुआत हुआ। योगाचार्य कन्हैया लाल पटेल प्रज्ञा मंडल सागरपाली के द्वारा विभिन्न प्रकार के आसनों, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया एवं उसकी विधि उसका लाभ को भी सरल एवं सहज तरीके से बताया गया। प्रातः काल के योगाभ्यास में सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने अपनी सहभागिता दी। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में रैली निकालकर स्वच्छता जागरूकता रैली, नशा मुक्ति जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया एवं बौद्धिक चर्चा में ललिता मेहेर एसडीओपी सरायपाली ने अपनी पढ़ाई जीवन से लेकर अब तक के अपने अनुभवों को स्वंय सेवको को बताया। स्वयंसेवकों के बीच बहुत ही सुंदर सवाल जवाब किया गया एवं 2024 के नये नियमों, कानूनों के बारे में बहुत ही सुंदर तरीके से बताया। अपनी उद्बोधन की शुरूआत मे आजकल के दुनिया में साइबर क्राइम से होने वाले नुकसान एवं बचाव, सजकता पर विशेष ध्यान देने के लिए स्वयं सेवकों से चर्चा कर अपना अनुभव साझा किए और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई लंबर की पूरी टीम को बधाई दी। बौद्धिक चर्चा के पश्चात स्वयं सेवकों का दिव्तीय सेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर अनीता चौधरी समाजसेवी, अध्यक्षता जीपी पटेल, विशिष्ट अतिथि पूर्णानंद मिश्रा वि.खं.स्रोत समन्वयक बसना, जीएस तोमर अध्यक्ष दुर्गा शिक्षण समिति लंबर श्याम भोई प्राचार्य ढुटीकोना, अजय जायसवाल प्राचार्य रोहिना, उस्ताद अली शिक्षक, रामकुमार मैत्री शिक्षक,एस.एल पटेल, रघुराम पटेल एवं श्याम सुंदर चौधरी, राजेंद्र पटेल एवं गांव के माताएं बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी आर.के.पटेल ने किया।

जशपुर के शहरी क्षेत्र दरबारीटोली में सुपरवाईजरों द्वारा घर-घर जाकर बनया जा रहा आयुष्मान वय वंदना कार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को लाभ देने ''आयुष्मान वय वंदना'' का शुभारंभ हुआ है। योजना अंतर्गत 5 लाख तक निःशुल्क इलाज किए जाने का प्रावधान है। इसी तारम्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों को योजना का लाभ दिए जाने हेतु सार्थक पहल किया जा रहा है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र के दरबारी टोली जशपुर में सुपरवाईजर टी.एस. साहू, एएनएम नीतू सिन्हा, आयुष्मान मितान कमल कान्त सिंह, मितानिन ललिता नाग के द्वारा डोर-टू-डोर जार वृद्धजनों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ कलार समाज रायपुर के तत्वाधान में 34 वां प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कलार समाज रायपुर द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन पंडित दीनदयाल अदूटोरियम साइंस कॉलेज परिसर में किया गया। जिसमें 10.00 बजे भगवान विघ्नहर्ता गणेश एवं सहस्त्रबाहु अर्जुन का पूजा आरती कर संबंध नामक पत्रिका का विमोचन किया गया। 11 बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया। साथ ही स्नेह भोज 11.30 बजे युवक-युवती परिचय जिला महामंत्री कुँवर विजय सिन्हा द्वारा सम्मेलन का कार्यक्रम प्रारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ साशन के वित्त मंत्री, ओपी चौधरी और कलार समाज के गौरव छत्तीसगढ़ साशन के स्वास्थ्य मंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल साथ ही विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा एवं महासमुंद विधायक राजू सिन्हा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके गरिमा में उपस्थित से यह कार्यक्रम और भी सफल और शानदार बन गया। युवराज सिन्हा कलार समाज प्रांताध्यक्ष अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रदेश महामंत्री रिखी राम सिन्हा, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. बिसम्भर सिन्हा, कार्यक्रम के संयोजक भूषण सिन्हा, प्रांताध्यक्ष महिला मंच प्रमिला सिन्हा, जिला अध्यक्ष रायपुर राजेन्द्र सिन्हा, जिला महामंत्री कुँवर विजय सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष खुशवंत सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष पन्ना लाल सिन्हा, जिला संगठन मंत्री मेवा लाल सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच नन्दू सिन्हा, जिला युवा मंच अध्यक्ष सत्येन्द्र सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा एवं मंडलेश्वर गण कृपा राम सिन्हा, ओमप्रकाश डड़सेना, डॉ.पुरषोत्तम सिन्हा, पूना राम सिन्हा भी रहे। जिसमें प्रदेश भर के युवक युवती और स्वजातीय बंधुओं लगभग 6000 से 7000 की संख्या में सम्मेलन में पधारे थे प्रदेश के विभिन्न स्थान से आए हुए युवक युवतियों में से लगभग 120 युवक युवतियों ने अपना परिचय मंच में आकार दिया।

रोमांचक एडवेंचर ट्रिप पर कैरीयर प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल बिलासपुर के छात्रों ने लिया हिस्सा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले में बढ़ते पर्यटन की सुविधा और असीम संभावनाओं को सार्थक रूप मिल रहा है। यहाँ जिला पर्यटन के क्षेत्र में पूरे राज्य सहित विदेशों में भी अपनी पहचान बना रही है। वही कैरीयर प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल बिलासपुर के आउटडोर क्लब के छात्रों ने 23 से 27 दिसंबर 2024 तक जशपुर देश देखा क्लाइम्बिंग सेक्टर का दौरा किया। इस ट्रिप के दौरान छात्रों ने रॉक क्लाइम्बिंग, कैंपिंग, हाइकिंग और एग्रो टूरिज्म जैसी गतिविधियों जो कि ट्रिप स्कूल के आउटडोर क्लब की वार्षिक वर्कशॉप का हिस्सा था में भाग लिया। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब यह स्कूल जशपुर में अपनी आउटडोर क्लब वर्कशॉप के लिए आया है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य छात्रों को प्रकृति और एडवेंचर के करीब लाना है, जिससे वे नेतृत्व, टीम वर्क और आत्मनिर्भरता जैसे कौशल विकसित कर सकें एवं साथ ही ऐसी गतिविधियां छात्रों को पाठ्यक्रम से बाहर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करती हैं और उन्हें भविष्य के लिए नई दृष्टि देती हैं तथा नए आयाम भी खोलती हैं। कैरीयर प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल का आउटडोर क्लब छत्तीसगढ़ क्लाइम्बिंग इनिशिएटिव द्वारा विकसित देश देखा क्लाइम्बिंग सेक्टर की अवधारणा से प्रेरित है, जिसे घूमंतू टूर्स और जशप्योर जैसे स्थानीय सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को एडवेंचर गतिविधियों और प्रकृति के प्रति आकर्षित करना है, जिससे वे इसे करियर विकल्प के रूप में देख सकें। इस बार की यात्रा में छात्रों ने जशपुर के जनजातीय उद्यमियों से बातचीत की, जो जशप्यो ब्रांड से जुड़े हैं। उन्होंने जंगलों में उगाए गए प्राकृतिक उत्पादों के बारे में सीखा और जशप्योर द्वारा तैयार भोजन का स्वाद भी लिया।

रातामाटी गांव 'हर घर जल' श्रेणी में हुआ शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव के मार्गदर्शन अनुसार जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल पहुचाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर विकासखण्ड के ग्राम रातामाटी का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं ग्राम में 2 उच्च स्तरीय जलागार स्ट्रक्चर लगा हुआ है जिसकी क्षमता 20000 लीटर है और कुल 103 क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन द्वारा सभी के घरों को पानी दिया जा रहा है। जल जीवन मिशन के आने से पूर्व यहां के ग्रामीण पानी की आवश्यकता के लिए हैण्डपंप एवं कुंओं पर आश्रित रहते थे विशेष कर महिलायें जो परिवार के पानी के लिए हैण्डपंप एवं कुंओं से पानी लाती थी अब वो समस्या योजना के आने से खत्म हो गया है। योजना से पूर्व ग्रामीणों का पानी की वजह से ज्यादा तबीयत खराब होने की समस्या थी क्योंकि पानी साफ है या नहीं इसकी जानकारी नहीं होती थी। अब पानी जांच कर पीने से तबीयत खराब होने में काफी कमी आई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन योजना के माध्यम से पूरी बस्तीयों को जलापूर्ति किया जा रहा है।

शिक्षा सत्र 2024-25 में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पंजीयन 1 जनवरी से प्रारंभ

जशपुरनगर। आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं को सूचित किया है कि शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही httpÑ//post-matricscholarship-cg-nic-in@ वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत् विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन, प्रस्ताव एवं स्वीकृति वर्ष 2024-25 हेतु तिथि निर्धारित की गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन नवीन एवं नवीनीकरण 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक है। इसी तरह ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 01 जनवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक, ऑर्डर लॉक करने हेतु 01 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक होगी। निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जाएगें।

मनखे-मनखे एक सामन का संदेश आज भी प्रासंगिक

संपूर्ण मानव जाति के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले थे संत गुरु घासीदास बाबा : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने उपस्थित लोगों को जयंती की बधाई और शुभकामना दी। इसके पूर्व सिमगा पहुंचने पर पूर्व सीएम बघेल का समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जोड़ा जैतखाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश की जनता के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हुए उपस्थित लोगों से अपने संक्षिप्त और सारगर्भित संबोधन में कहा कि हम संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती बना रहे हैं क्योंकि उन्होंने अपना जीवन संपूर्ण मानव जाति के लिए समर्पित कर दिया था और समाज में फैले छुआछूत एवं अन्य बुराइयों को दूर करने का महत्वपूर्ण कार्य किया था। वह एकमात्र संत थे जो मानव समाज को मनखे मनखे एक समान का सबसे बड़ा मंत्र दिया था। हम सब एक ईश्वर की संतान है जिसमें न कोई छोटा है न कोई बड़ा है। गुरु घासीदास बाबा ने हम सबको सत्य अहिंसा प्रेम सद् भाव का रास्ता दिखाया था। उनका कहना था कि हमें मानव जीवन बहुत ही सौभाग्य से प्राप्त हुआ है। वही पूर्व सीएम बघेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में चारों तरफ अराजकता का माहौल है। जिधर देखों उधर भ्रष्टाचार नजर आता है। बलौदाबाजार कलेक्ट्रेट परिसर में आगजनी की घटना सरकार की नाकामी को सिद्ध करता है उस घटना में कई निर्दोष लोगों को भी जेल में डाल दिया गया है। जिन्हें आज तक उनको जमानत नहीं मिल पाई है। उन्होंने सरकार से छाता पहाड़ में जैतखाम को तोड़ने की घटना के पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग किया। भाजपा की सरकार सतनामी समाज के लोगों आदिवासी समाज के लोगों पर अत्याचार कर रही है आदिवासी लोगों को नक्सली बताकर कर मारा जा रहा है। सिमगा सोसायटी की घटना का भी जिक्र करते हुए कहा कि यहां किसानों से टोकन के नाम पर खुलेआम वसूली की जा रही है वहीं धान भी अधिक मात्रा में तौला जा रहा है। हमारे शासन काल में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को ध्यान में रखते हुए जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित थी वह सब योजनाएं आज बंद पड़ी है। स्वामी आत्मानंद स्कूल कई जगह बंद हो रहे हैं। राजनांदगांव में पुलिस भर्ती में गड़बड़ी हो रही है। प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार साय साय की जगह आयें बायें कार्य कर रही है। उन्होंने अंत में कहा कि प्रदेश की जनता हमारे कार्यकाल को याद कर रही है। क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने गुरू घासीदास बाबा की जयघोष करते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्व हमारे मुखिया भूपेश बघेल ने सतनाम भवन रंगमंच एवं बाउंड्री वॉल की निर्माण करने की घोषणा की थी। जिसे आज उन्हीं के हाथों लोकार्पण संपन्न हुआ है जो बड़े ही हर्ष की बात है । सामाजिक लोगों की मांग पर विधायक ने रंगमंच के ऊपर छज्जा निर्माण एवं कार्यक्रम स्थल पर सोलर लाइट लगवाने घोषणा की। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ खनिज निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, ईश्वर सिंह ठाकुर सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल सुनील महेश्वरी, विजय बघेल राजमहंत जगमोहन मारकंडेय आशा यादव, शैली भटिया, मोहन गायकवाड़, नंदकुमार चेलक हिरेन्द्र कोसले, अरुण रमेश भागवत सोनकर, देवनारायण बांधे, जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे रंजीत सोनवानी संतोष सोनी, त्रिलोक सलूजा कोमल टंडन, तिलक देवांगन पदुम टंडन, नरेश दिवाकर दिलीप कोसले, दशरथ चंद्राकर रोहित मिरी तिलक देवांगन सहित समाज के सैकड़ों लोग सहित काफी बड़ी संख्या में कांग्रेसजन भी उपस्थित थे।

सूरजपुर पुलिस ने जुआ खेल रहे 9 जुआड़ियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो के विरूद्ध बड़ी तत्परतापूर्वक लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है। इसी बीच थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम धनेशपुर में जुआड़ी हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना से एसएसपी सूरजपुर को अवगत कराए जाने पर उन्होंने पूर्ण सावधानी के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर की पुलिस टीम के द्वारा ग्राम धनेशपुर में घेराबंदी कर 6 जुआड़ी गनपत पिता गोविन्द्र प्रसाद उम्र 30 वर्ष ग्राम शिवपुर, थाना रामानुजनगर संकलित साहू पिता स्व. जयलाल साहू उम्र 34 वर्ष ग्राम उमापुर, थाना रामानुजनगर बाबुनाथ कुशवाहा पिता स्व. हीराधन उम्र 45 वर्ष ग्राम भुनेश्वरपुर, थाना रामानुजनगर श्यामले राजवाड़े पिता कोमल उम्र 33 वर्ष ग्राम मांजा, थाना रामानुजनगर ज्ञानेन्द्र साहू पिता तिलकधारी साहू उम्र 35 वर्ष ग्राम खाड़ा, थाना पटना, जिला कोरिया विवेक मिश्रा पिता बालमिकी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम महलपारा, थाना बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया को जुआ खेलते रंगे हाथों धर दबोचा, जुआड़ियों के पास व जुआ फड़ से 92970 रूपये जप्त किया गया। मौके से जुआड़ियों के 5 नग मोबाईल, 3 नग मोटर सायकल भी जप्त किया गया है। मामले में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस टीम के द्वारा की गई।

राजधानी में भारत माता की आरती एवं संत समाज की ओर से शस्त्र पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के मरीन ड्राइव तेलीबांधा पर संत समाज और हिंदू समाज की ओर से 'भारत माता पूजन अस्त-शस्त्र द्वारा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संत समाज की ओर से भारत माता की भव्य आरती की गई। अस्त्र एवं शस्त्र के साथ भारत माता की आरती उतारी गई। अपने संस्कृति, धर्म एवं राष्ट्र के उत्थान को लेकर संत समाज की ओर से चिंतन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चेन्नई से पधारे स्वामी ब्रह्मयोगानंद शामिल हुए एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के संघचालक डॉ. पुर्णेंदु सक्सेना ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी शिव रुपानंद महाराज, लक्ष्मीनारायण मठ के संत वेद प्रकाश महाराज, संत राजिम लोचन महाराज सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए संत मंच पर आसीन थे। इस अवसर पर 'संपूर्ण भारत कल, आज और कल' पुस्तक का विमोचन किया गया। मूल रूप से यह पुस्तक तमिल में हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संत स्वामी ब्रह्म योगानंद महाराज ने कहा सिंधु जब पाएंगे तो अखंड भारत का संकल्प पूरा होगा। छत्तीसगढ़ की धरती पर यह संकल्प है कि भारत अखंड होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि आज का भारत पश्चिम में सोमनाथ से लेकर अयोध्या में रामलला की प्रतिष्ठा का है। कल का भारत 2037 तक पूरा होगा, जिसमें हमारी वैदिक और प्राचीन शिक्षा व्यवस्था के आधार पर भारत विश्व में अग्रणी बनेगा। उन्होंने कहा कि स्वर्ण भारत, अखंड भारत ही संपूर्ण भारत है। भारतीय संस्कृति, धर्म और राष्ट्र के उत्थान के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संतों द्वारा धर्म, एकता तथा समाज सेवा के संबंध में प्रेरणादायक विचारों का उद्बोधन किया गया। शस्त्र आरती के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

वित्तशाली और वैभवशाली भारता बनाना होगा : स्वामी शिवरूपानंद

भारत सेवाश्रम संघ के संत स्वामी शिव रूपानंद महाराज ने वित्तशाली और वैभावशाली भारत बनाने की उद्घोषणा करते हुए कहा कि हमें भारत को अखंड भारत बनाना है। भारत माता के सभी संतान आपस में सभी भाई हैं। सभी को एक होकर वैभवशाली और वित्त शाली भारत बनाना है। इसके लिए सभी संकल्प लेना होगा। उन्होंने जनसमूह को याद दिलाते हुए कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक समय में भारत को खंड-खंड किया गया है। इसे फिर से अखंड बनाना होगा।

विधायक ने वीर बाल दिवस पर गुरू गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को किया नमन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने बसना नगर मुख्य चौक में आयोजित वीर बाल दिवस समारोह में दसवें सिख गुरू गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अदम्य साहस और बलिदान को दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों ने धर्म की रक्षा के लिए बहुत कम उम्र में ही अपने आप को बलिदान कर दिया। उन्होंने अपनी वीरता और शौर्य से देश को गौरवान्वित किया है। हम सभी को वीर सपूतों के अदम्य साहस और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। यह आयोजन हमें उनके साहस और वीरता को याद करने तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का अवसर देता है। गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों ने कभी अन्याय के सामने सिर नहीं झुकाया और अपनी संस्कृति, धर्म और देश के रक्षा के लिए जीवन का त्याग दिया। उनका आदर्श हमेशा प्रकाश स्तंभ की तरह हमें राह दिखाएंगे। मैं उनकी शहादत को शत शत नमन करता हूं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान की कहानी स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा की है। यह हम सब के लिए गौरव की बात है। विधायक ने वीर बाल दिवस की क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, भाजपा नेता रामचंद्र अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पार्षद शीत गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विकास वाधवा, आकाश सिन्हा सहित बड़ी संख्या नगरवासी उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो बाइक को मारी टक्कर, 5 की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर मुख्यालय में अंतागढ़ रोड में खंडी नदी के पास मुख्य मार्ग पर भीषण सकड़ हादसा हो गया। जिसमें शराब के नशे में धुत्त चालक ने दो बाईक में सवार 5 लोगों पर स्कॉर्पियो चढ़ा दी जिससे पांचों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मुख्य मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शराब के नशे में धुत आरोपी चालक मनोज निवासी भोपाल पटनम को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद अस्पताल और घटनास्थल में भारी भीड़ जुट गई थी। मिली जानकारी अनुसार गुरूवार को दोपहर 3 बजे करीब स्कार्पियो मांक सीजी 20 जे 7215 के चालक तेज और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ की ओर जा रहा था। खंडी नदी के पास सामने से आर रही दो बाईक को अपने चपेट में ले लिया। घटना इतना भयानक था की बाइक में सवार 4 लोगों की तो मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि एक ने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओपी प्रशांत सिंह पैकरा,थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख तथा पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही आरोपी स्कार्पियो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में दो युवतियां भी शामिल है जो कालेज की छात्राएं बताया जा रहा जिनका नाम मृतिका कामती कावडे चौगेल निवासी 21 वर्ष तथा प्रियंका निषाद संबलपुर और मृतक चोकेश्वर प्रजापति संबलपुर निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ये तीनो लोग एक ही बाईक सीजी 19 बी एस 3954 में सवार थे जो घर से कालेज जाने के लिए निकले थे। जबकि वही एक अन्य बाइक में 08 ई 3492 में सवार थे जिसमे मृतक सुरेश कोसमा और लोकेश ताराम दोनो निवासी दोरबा खडगाव मानपुर वर्तमान में साल्हे भानुप्रतापपुर में रहते थे।
जानकारी के अनुसार स्कार्पियो गाड़ी में चालक स्वयं भी शराब के नशे में पाया गया। वही आरोपी चालक ने वाहन में भी शराब रखा था जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। वही स्कार्पियो वाहन बीजापुर का बताया जा रहा है पुलिस जांच कर रही है।

केसर अर्थ सॉल्यूशंस ने 4-टन सेगमेंट का इलेक्ट्रिक लोडर 838 टीई लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

केसर अर्थ सॉल्यूशंस 2010 से लियूगोंग मशीनरी के गौरवान्वित डीलर के रूप में कार्यरत हैं। लियूगोंग के साथ 15 साल का ये सफर उपलब्धियों से भरा रहा। केसर अर्थ सॉल्यूशंस लियूगोंग के अधिकृत डीलर के रूप में भारत और छत्तीसगढ़ में 2-टन और 4-टन इलेक्ट्रिक लोडर पेश करने वाले वाली पहली कंपनी है। हाल ही में नोएडा में आयोजित बाउमा एक्सबिशन में लिउगोंग ने अपना 4-टन सेगमेंट का इलेक्ट्रिक लोडर 838 टीई लॉन्च किया, जिसे केसर ने बड़े धूम-धाम के साथ छत्तीसगढ़ के सबसे सम्मानित में से एक संस्थान हिरा ग्रुप की टीम को हैंड ओवर किया। इस शुभ अवसर पर हिरा ग्रुप के डायरेक्टर विनय अग्रवाल ने लिउगोंग और केसर का आभार प्रकट किया और कहा कि लिउगोंग के साथ हिरा ग्रुप ने अपना सफर 2 टन सेगमेंट में जून 2024 में 820 टीई के साथ शुरू किया और हमारे पास लिउगोंग के कुल 7, 2 टन वाले 820 टीई इलेक्ट्रिक लोडर है। ये तेज है जल्द लोडिंग करती है और किफायती है, ईंधन भरवाने में समय की बर्बादी नहीं होती, भविष्य में डीजल की कीमत को लेकर कोई चिंता नहीं, मशीन में कोई आवाज नहीं, कोई धुआं नहीं जो वातावरण के लिहाज से भी किफायती है, मशीन का दीर्घकालिक उपयोग, इन सभी खुबीओ से प्रभावित हो कर हमने 4 टन सेगमेंट में खुद को अपग्रेड किया और लिउगोंग का 838टीई इलेक्ट्रिक लोडर ख़रीदा। इस अवसर पर केसर अर्थ सॉल्यूशंस की पूरी टीम और डायरेक्टर जसमीत सिंह भसीन भी उपस्थित थे। जिन्होंने ये सुनिश्चित किया की 4 टन सेगमेंट में ये मशीन एक इंडस्ट्रियल क्रांति लाएगी।

ट्रक ने पिकअप वाहन को ठोंका, घायल को हाइवे पेट्रोलिंग के मदद से पहुंचा अस्पताल

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

लवन और ग्राम डोंगरीडीह के बीच ट्रक लापरवाही पूर्वक, पिकअप वाहन को टोक दिया है दोनों गाड़ी रोड पर खड़ी रही सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग गाड़ी तत्काल घटना स्थल पर पहुँच कर घायलों को तत्काल लवन अस्पताल लेकर पहुँचा एवं ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया। आपको बताते चलें कि 26-27 दिसम्बर के मध्य रात करीब 1 बजकर 18 मिनट को हाइवे पेट्रोलिंग टीम प्रभारी टीका राम ध्रुव, प्रधान आरक्षक महेश्वर वर्मा, आरक्षक महेश निषाद, अशोक घृतलहरे को सूचना मिलते ही टीम घटना स्थल पर कुछ मिनट में ही पहुँचकर मामले पर तुरंत मोर्चा सम्हाले, पेट्रोलिंग टीम के बताए अनुसार किसी को किसी प्रकार का गंभीर चोट नहीं आयी है। ट्रक ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया, गाड़ी को हटवाने का प्रयास रात में ही किये गए हैं। पेट्रोलिंग टीम के प्रयास एवं त्वरित सहयोग से फिर किसी घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचने में आसानी हुई है। गौरतलब हो कि हाइवे पेट्रोलिंग के टीम लगातार घायल लोगों की जान बचाने में लगातार मानवता का मिसाल पेश करते हुए आ रहे हैं।

कलर्स ने 2024 में सशक्त महिलाओं और अजेय नवाचार पर प्रकाश डाला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

2024 कलर्स के लिए साहसिक कदमों और यादगार पलों का साल रहा है, जहां महिलाओं ने न केवल भूमिकाओं को निभाया है, बल्कि उसे जिया भी है। इस साल जो बात सबसे अलग रही, वह थी प्रमुख महिला किरदार जिन्होंने बाधाओं को तोड़ा, रूढ़िवादी सोच को नकारा और बेबाक दृढ़ता दिखाई। मंगल के अपनी बहन लक्ष्मी की रक्षा करने के अडिग दृढ़ संकल्प से लेकर दुर्गा के सामाजिक उम्मीदों के बंधनों को तोड़ने तक, कलर्स ने हमारे लिए ऐसे महिला किरदारों को पेश किया है, जिन्होंने मजबूत होने की नई परिभाषाएं गढ़ी हैं। दुर्गा की घोषणा, मेरे पास अधिकार है, दर्शकों के कानों में गूंजी क्योंकि उसने सुनिश्चित किया कि उसकी आवाज सुनी जाए। चाहे प्यार को लेकर बुलबुल का भयंकर संघर्ष हो या ताकत के खेल में सुमन का साहस, ये महिलाएं सिर्फ किरदार नहीं थीं- वे प्रतीक थीं। जबकि मेघा, परिणीत और कृष्णा जैसे किरदारों की क्षमता ने आज की कहानियों में नारी शक्ति की गहराई और विविधता के बारे में बहुत कुछ कहा, कलर्स की कहानियों ने हमें दयालु मिश्री, साहस की किरण मेघा, और अपने पिता के सपने को साकार करने वाली अपोलीना भी दी। यह साबित करते हुए कि धीरज के कई रूप होते हैं। लेकिन इतना ही नहीं, कलर्स ने सिर्फ दमदार ड्रामा ही नहीं दिखाया, इसने टेलीविज़न में सबसे इनोवेटिव कॉन्टेंट भी पेश किया, जैसे कि होमग्रोन सेलिब्रिटी-आधारित डिनरटेनमेंट शो लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने महिलाओं के लिए लॉन्च किया जीवन बीमा उद्योग का पहला हेल्थ प्रोडक्ट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू विश' नामक नया हेल्थ प्रोडक्ट लॉन्च किया है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए बनाया गया है। यह जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा प्रोडक्ट है। आईसीआईसीआई प्रू विश गंभीर बीमारियों, जैसे-स्तन, गर्भाशय, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर और हृदय रोगों के निदान पर तुरंत 100त्न तक का कवरेज प्रदान करता है। इस पॉलिसी की एक खासियत यह है कि इसका प्रीमियम 30 साल तक एक समान रहता है, जिससे ग्राहकों को अपने खर्चों की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, ग्राहक को 'प्रीमियम हॉलिडे' का विकल्प भी मिलता है, यानी वे किसी भी समय 12 महीने के लिए प्रीमियम भुगतान से छूट ले सकते हैं। इस प्रोडक्ट में ग्राहकों को मातृत्व से जुड़ी जटिलताओं और नवजात शिशुओं की जन्मजात बीमारियों से संबंधित कवर लेने का विकल्प भी मिलता है। आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अमित पाल्टा ने कहा, आईसीआईसीआई प्रू विश जीवन बीमा उद्योग का पहला हेल्थ प्रोडक्ट है, जिसे खासतौर पर महिलाओं की स्वास्थ्य जरूरतों को

अंबिकापुर के शम्सुददोहा अस्पताल में नेफ्रोप्लस ने डायलिसिस क्लिनिक की शुरुआत की

पायनियर संवाददाता ◄ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

एशिया के सबसे बड़े डायलिसिस नेटवर्क नेफ्रोप्लस ने शम्सुददोहा अस्पताल के सहयोग से छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में अपनी पहली फैसिलिटी खोली है। इस नई फैसिलिटी का उद्देश्य किफायती, सुविधा और उन्नत सेवाएं प्रदान करके क्षेत्र के लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण डायलिसिस देखभाल तक पहुंच बढ़ाना है। यह अंबिकापुर का दूसरा सबसे बड़ा डायलिसिस क्लिनिक है। इस डायलिसिस क्लिनिक में एक पॉजिटिव डायलिसिस मशीन सहित 7 बेड है, और यहां हर महीने लगभग 250 डायलिसिस सेशन की सुविधा मिलती है। इस फैसिलिटी का केंद्रीय स्थान पर होना, रोगियों, विशेष रूप से दूर की जगहों से आने वाले लोगों को लंबे समय तक लंबी प्रतीक्षा अवधि या पर्याप्त यात्रा के बिना गुणवत्तापूर्ण डायलिसिस सेवा प्राप्त करने की सुविधा देता है। छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ गुर्दा रोग विशेषज्ञों में से एक डॉ. प्रवेश कुमार चौधरी, इस सेंटर की जिम्मेदारी संभालते हैं और निगरानी और सलाह के लिए क्लिनिक जाते हैं। यह क्लिनिक आयुष्मान भारत पैनल में भी है, जो पात्र रोगियों के लिए सामर्थ्यवान बनाता है। इस अवसर पर नेफ्रोप्लस के संस्थापक और सीईओ विक्रम वुपल्ला ने कहा कि नेफ्रोप्लस में हमारा लक्ष्य सस्ती और उच्चतम गुणवत्ता की डायलिसिस सेवाएं प्रदान करना है। शम्सुददोहा अस्पताल के साथ यह सहयोग इस बात की गारंटी देगा कि अंबिकापुर और आसपास के क्षेत्रों में रोगियों को उपचार तक अधिक पहुंच हो, जिसमें आराम, स्वच्छता और दक्षता को प्राथमिकता होती है। नेफ्रोप्लस ने सटीक और सुरक्षित डायलिसिस उपचार प्रदान करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तौर पर में सात डायलिसिस मशीनों में निवेश किया है। अंबिकापुर के रोगियों ने इस फेसिलिटी की शुरुआत पर प्रसन्नता जताई, जो क्षेत्र में सुलभ और भरोसेमंद डायलिसिस सेवाओं की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करती है। इस लॉन्च के साथ, नेफ्रोप्लस ने अपने प्रशंसित डायलिसिस उपचार मॉडल को उपेक्षित समुदायों तक विस्तार करके और दुनिया भर में डायलिसिस रोगियों के लिए जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करके भारत में अपना विस्तार किया है।

बॉलीवुड आइकन बोनी कपूर ने यूजेनी और हेयर साइंसेज इवेंट में अपने प्रेरणादायक हेयर रिस्टोरेशन यात्रा का किया खुलासा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख हेयर रिस्टोरेशन क्लिनिक, यूजेनी और हेयर साइंसेज ने जेडब्ल्यू मैरियट, जुहू में एक विशेष इवेंट का आयोजन किया, जिसमें बॉलीवुड के दिग्गज बोनी कपूर, डॉ. प्रदीप सेठी, और डॉ. अरिका बंसल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस भव्य अवसर पर उन्नत हेयर रिस्टोरेशन तकनीकों की परिवर्तनकारी शक्ति का उत्सव मनाया गया, और बोनी कपूर ने अपनी अद्वितीय हेयर ट्रांसप्लांट यात्रा साझा की। एक व्यक्तिगत और दिलचस्प सत्र में, बोनी कपूर ने यूजेनी के साथ अपने अनुभव के बारे में खुलकर कहा, स्वयं की देखभाल और आत्मविश्वास अनमोल हैं। इस हेयर ट्रांसप्लांट ने मेरी उपस्थिति को नया जीवन दिया और मेरे आत्मविश्वास को पुनः जागृत किया। अब मैं खुद को ज्यादा जवान और आत्मविश्वासी महसूस करता हूं, और यह हर किसी के लिए एक उपहार है। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने श्रोताओं पर गहरा असर छोड़ा और हेयर रिस्टोरेशन के मानसिक और शारीरिक प्रभाव को उजागर किया। यूजेनी और हेयर साइंसेज सह-संस्थापक डॉ. अरिका बंसल ने क्लिनिक की क्रांतिकारी डायरेक्ट हेयर ट्रांसप्लांट (डीएचटी) तकनीक के बारे में बताया। उन्होंने कहा, यूजेनी में हम कटिंग-ईडीजीई नवाचार को एक व्यक्तिगत दृष्टिकोण के साथ जोड़ते हैं, ताकि प्राकृतिक और दीर्घकालिक परिणाम मिल सकें। हमारा मुख्य उद्देश्य हमेशा हमारे मरीजों के जीवन को बेहतर बनाना है।

आरक्षण की कार्यवाही स्थगित

गरियाबंद । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने शासन के निर्देशानुसार जिला गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत के वार्डों के आरक्षण, जनपद पंचायत/ जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण, ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत के सरपंच /अध्यक्ष पदों के आरक्षण की कार्यवाही 28 दिसंबर एवं 29 दिसंबर 2024 नियत थी, जिसे स्थगित किया गया है। आगामी आरक्षण की कार्यवाही के लिए पृथक से सूचना जारी की जाएगी।

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

क्रमांक क/वा/नजूल/2024 मुंगेली, दिनांक 23.12.2024

निशांत पैगवार पिता धीरेन्द्र पैगवार,
निवासी मोहल्ला एण्डूज वार्ड मुंगेली,
तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.).....आवेदक

बनाम

निरजा पैगवार पिता धीरेन्द्र पैगवार,
निवासी मोहल्ला एण्डूज वार्ड मुंगेली,
तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.).....अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक निशांत पैगवार पिता धीरेन्द्र पैगवार, निवासी एण्डूज वार्ड मुंगेली स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला एण्डूज वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 46-बी, प्लाट नंबर 41/1, 39 क्षेत्रफल क्रमशः 45, 352 वर्गमीटर नजूल भूमि पर पंजीकृत दान पत्र दिनांक 13/09/2024 के आधार पर नजूल रिकार्ड में आवेदक अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अन्तर्गत धारा 109, 110 भू.रा.संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 08.01.2025 को दिन के 03:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा या अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 23.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

विचक्षण जैन विद्यापीठ, राजेंद्र नगर के वार्षिक उत्सव 'तारतम्य' में छात्रों की अद्भुत प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कुम्हारी में विचक्षण जैन विद्यापीठ का वार्षिक समारोह तारतम्य बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के ट्रस्टी सीए विजय मालू और प्राचार्या नीतू जैन ने बताया कि इस वर्ष के समारोह का विषय तारतम्य था, जो शरीर, मन, और आत्मा के बीच सामंजस्य और संतुलन को दर्शाता है। छात्रों ने इस विषय को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से जीवंत किया, और यह संदेश दिया कि जीवन में सामंजस्य बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सौरभ देवेगर (आईआरएस) के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए धर्म और नैतिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि संजय गिड़िया, अभिनव सिंग, और गौतम चंद गोलछा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की और छात्रों का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय के ट्रस्टी सुरेश कांकरिया, वीरेंद्र नाहर, अनिल लोढ़ा, राजेश गिड़िया, सुनील गोलछा, और सौरभ लोढ़ा ने इस आयोजन में भाग लिया। प्राचार्या नीतू जैन ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए छात्रों को सामंजस्य और संतुलन के महत्व को समझने और इसे अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और उनकी गहरी समझ को दर्शाया। तारतम्य की अवधारणा को नृत्य, नाटक और संगीत के माध्यम से इस तरह से प्रस्तुत किया गया कि हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। विद्यालय की ओर से छात्रों की इस अदभुत प्रस्तुति की सराहना की गई, जो समग्र शिक्षा की प्रतिबद्धता का परिचायक है। यह वार्षिक उत्सव न केवल छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करता है, बल्कि उनके भीतर जीवन में संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने के संस्कार भी विकसित करता है। हम सभी अभिभावकों के निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

छात्रावास-आश्रम भवन निर्माण में गुणवत्ता और समयसीमा पर दें विशेष ध्यान : प्रमुख सचिव बोरा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने इंद्रावती भवन स्थित आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग का औचक निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रेषित मांग-पत्रों के शीघ्र निराकरण, और छात्रावास-आश्रम भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि छात्रावास और आश्रम भवनों के निर्माण में पूर्ण गुणवत्ता और समयसीमा का पालन किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी के लिए विभागीय अधिकारियों और सहायक आयुक्तों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करना आवश्यक है और इसके लिए मासिक व पाक्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। योजनाओं की प्रगति और अपडेशन कार्य को डिजिटाइजेशन के माध्यम से और बेहतर किया जा सकता है, जिससे समय की बचत होगी।

ट्रायबल म्यूजियम का कार्य 30 जनवरी तक पूरा करने के निर्देश – बैठक में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में निर्माणाधीन ट्रायबल म्यूजियम और शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय के निर्माण कार्य की स्थिति की समीक्षा की गई। बोरा ने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में इन दोनों परियोजनाओं का कार्य 30 जनवरी 2025 तक पूर्ण हो जाना चाहिए। कार्य में तेजी लाने के लिए मैनपावर और अतिरिक्त तकनीकी टीम को बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

राज्य के लिए महत्वपूर्ण परियोजना – प्रमुख सचिव ने कहा कि यह म्यूजियम केवल रायपुर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय होगा। यह जनजातीय जीवनशैली और इतिहास को देशभर में एक अलग पहचान दिलाने में मदद करेगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों, इंजीनियर्स, और क्यूरेटर को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समय पर इसे पूरा करने के निर्देश दिए। प्रमख सचिव बोरा ने जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रेषित मांग-पत्रों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़ी मांगों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाना चाहिए। समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव ने विभागीय योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से लागू करने के लिए सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना विभाग का मुख्य उद्देश्य है। बैठक में मुख्यालय के सभी अधिकारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन और नवजीवन सोसाइटी के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन, एवं नवजीवन सोसाइटी के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक नवजीवन सोसाइटी परिसर पचपेड़ी नाका में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रीति बंसोड, जनरल मेडिसिन धनेंद्र साहू, नेत्र रोग से वेद, हड्डी रोग से लक्ष्मीकांत सिंह अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा एवं नर्सिंग स्टाफ, लोचन दीवान, हेमलता ठाकुर एवं सोसाइटी के निवासी राजीव मिश्रा एवं जगदीश आहूजा तथा निवासीगण उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पद्मविभूषण रतन टाटा की जयंती पर उन्हें किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पद्म विभूषण स्व. रतन टाटा की 28 दिसंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने रतन टाटा के देश के लिए किए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि रतन टाटा का देश की औद्योगिक प्रगति और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रतन टाटा जी द्वारा देश और समाज में बेहतर बदलाव लाने के लिए किए गए कार्य हम सबके लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ भाजपा सरकार अन्याय कर रही : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के साथ अन्याय कर रही है। भले ही इन शिक्षकों की नौकरी पर संकट तकनीकी रूप से अदालती निर्णय के कारण आया है लेकिन सरकार चाहे तो इस समस्या का तत्काल निराकरण कर सकती है। सरकार के पास शिक्षा विभाग में ही अनेकों ऐसे पद है जहां समान वेतनमान पर इन 2897 शिक्षकों की नियुक्ति की जा सकती है। प्रयोगशाला सहायक, उच्च श्रेणी शिक्षकों के रूप में इनकी नियुक्तियां की जा सकती है। वर्तमान शिक्षा विभाग में 70 हजार पद रिक्त है। 33000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया सरकार रोक कर रखी हैं। इन पदों पर इन शिक्षकों को समायोजित किया जा सकता है। सरकार इनके मामले में तत्काल निर्णय लेकर इनका समायोजन करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के 2897 सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने के लिये आंदोलनरत है, धरने पर बैठे है सरकार है कि इस मामले में कोई निर्णय नहीं ले रही है। बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की नौकरी बचाने सरकार के पास अनेकों विकल्प है, विभागीय डीएड परीक्षा का आयोजन भी करवा कर नौकरी यथावत बरकरार रख सकती है सरकार लेकिन इस सरकार की नीयत ठीक नहीं है। भाजपा सरकार नौकरी छीनने वाली सरकार है। इन शिक्षकों को सरकार ने भर्ती निकाल कर प्रक्रिया पूरी करने के बाद नियुक्ति दिया था। अब अदालत के निर्णय के बाद गतिरोध आ रहा है तो सरकार इस मामले का समाधान निकाल डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के लिये अलग भर्ती निकाले तथा इन पहले से नियुक्ति पा चुके 2897 शिक्षकों की सेवा आगे सुनिश्चित रखने की व्यवस्था करें। इन शिक्षकों की भर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान ही हुआ था, ऐसा नहीं है भाजपा सरकार बनने के बाद भी तीसरी और चौथी काउंसलिंग 9 फरवरी 2024 तथा 7 मार्च 2024 को हुई थी तथा इनकी नियुक्तियां हुई थी।

निगम जोन 4 ने बैजनाथपारा मुख्य मार्ग से सड़क पर लगाए गए लगभग 25 एंगल्स हटाए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग ने निगम मुख्यालय उड़न दस्ता एवं यातायात पुलिस के साथ मिलकर जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के नेतृत्व उप अभियंता नवीन वर्मा की उपस्थिति में जनहित में जन सुविधा हेतु सुगम यातायात देने जोन 4 क्षेत्र में बैजनाथपारा मुख्य मार्ग पर दुकानदारों द्वारा बिना अनुमति अवैध रूप से सड़क को घेरकर सामने लगाए गए लगभग 25 एंगल्स को अभियान चलाकर हटाया, जिससे मुख्य मार्ग का यातायात सुगम बन गया एवं नागरिकों को तत्काल राहत मिली। अभियान जनहित में जन सुविधा हेतु सुगम यातायात देने आगे भी जारी रहेगा।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम अंतर्गत रायपुर शहर स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक 30 को

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में गठित रायपुर शहर स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक 30 दिसंबर को रायपुर नगर निगम मुख्यालय में आहूत की गई है। बैठक सोमवार दोपहर 12 बजे होगी। बैठक में रायपुर, बीरगांव नगर निगम आयुक्त, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन, क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मंडल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-यातायात, खाद्य नियंत्रक रायपुर, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन, कार्यपालन अभियंता 15वें वित्त आयोग, कार्यपालन अभियंता उद्यान व नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु विस्तृत चर्चा होगी एवं भावी रणनीति तैयार होगी।

प्रदेश के नौ और स्वास्थ्य संस्थाओं को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण

रायपुर। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले राज्य के नौ स्वास्थ्य केन्द्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। इनमें जांजगीर चांपा, सूरजपुर, महासमुंद, दुर्ग व बिलासपुर के स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों पर खरे उतरने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों को एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया है।

अनाथ और बेसहारा हेमबती के हौसले बरकरार

■ राष्ट्रपति के हाथों मिला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

माता-पिता की मृत्यु के बाद पूर्णत अनाथ और बेसहारा हुई हेमबती ने अपने हौसले से उस मुकाम को हासिल किया, जिसकी सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है। बीते पांच सालों से छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बालिका गृह कोण्डागांव में रह रही हेमबती नाग ने इस दौरान पूरे मनोयोग के साथ न सिर्फ जूडो खेल का प्रशिक्षण प्राप्त किया, बल्कि कई क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हेमबती नाग की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित हुआ था। हेमबती नाग की इस शानदार उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ विशेषकर कोण्डागांव जिले के वनांचल के गांवों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अभी हाल ही में हुए बस्तर ओलम्पिक में बस्तर संभाग के सातों जिलों के लगभग डेढ़ लाख से अधिक युवाओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बस्तर अंचल के युवाओं के लिए हेमबती नाग एक रोल मॉडल बन कर उभरी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हेमबती नाग इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा था कि यह समस्त छत्तीसगढ़वासियों के लिए यह गर्व का विषय है। हेमबती ने कठिन परिस्थितियों में भी अपना हौसला नहीं खोया, अपनी अथक मेहनत और कड़े संघर्ष से उन्होंने खेलो इंडिया नेशनल गेम्स और राष्ट्रीय स्तर की अन्य प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ सरकार ऐसे प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने और उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। निश्चित ही हेमबती बिटिया की यह उपलब्धि प्रदेश की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणादायक है। हेमबती नाग की परिस्थिति और कामयाबी को बया करता यह शेर 'तूफान कर रहा था मेरे अज्म का तवाफ, दुनिया समझ रही थी कि कश्ती भंवर में है..... बचपन में ही माँ-बाप का सर से साया उठ जाने से के बाद अनाथ और बेसहारा हेमबती हुई हेमबती की उस समय शारीरिक और मानसिक अच्छी नहीं थी। कोई ठौर न कोई ठिकाना। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन कोण्डागांव, जिला बाल संरक्षण इकाई और महिला बाल विकास द्वारा उसे 17 अगस्त 2020 को देखरेख एवं संरक्षण के लिए कोण्डागांव के बालिका गृह में दाखिल कर दिया गया। उस समय हेमबती की आयु मात्र 11 वर्ष की और वजन 22 किलो था। बालिका गृह में उसकी लगातार काउसिंलिंग तथा स्वास्थ्य शिक्षा की व्यवस्था की गई। इसी दौरान आईटीबीपी 41वीं बटालियन के सहयोग से उसने जूडो खेल का प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया। हेमबती पूरे हिम्मत और हौसले के साथ इस खेल में धीरे-धीरे सिद्धहस्त होते गई और सफलता उसके कदम चूमने लगी। हेमबती फिलहाल कोण्डागांव के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत् है।

28 Dec. 2024 Pride Of Raipur

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास
के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
KITTY PARTY
ANNIVERSARY
BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
■ हेलमेट ■ राइडिंग जैकेट ■ राइडिंग ग्लव्स
■ राइडिंग पैंट ■ राइडिंग जूता ■ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584
FOLLOW US ON INSTAGRAM

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR
81091 11313
86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश हैं ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403